**सच, सिर्फ सच**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 03 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 238, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 207 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में मुनाफावसूली से सेंसेक्स 207 अंक की गिरावट केसाथ 80,157 .88 अंक पर बंद हुआ। } 14

## जीएसटी घटने से छोटे व्यवसायों को होगा लाभ

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से खुला एवं पारदर्शी बनाएंगे। } 16



## अफगानिस्तान में फिर आया भूकंप

### अब तक 1400 से अधिक की मौत, 3,000 घायल, भारत ने भेजी मदद



एजेंसी

जलालाबाद। अफगानिस्तान में फिर भूकंप के झटके महसूस किये गये। पूर्वी अफागानिस्तान में आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1400 से ज्यादा हो गई है और 3,000 लोग घायल हुए हैं। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि पूर्वी अफगानिस्तान में आए भीषण भूकंप में मरने वालों की संख्या 1,400 से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि 3,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। जीवित बचे लोगों की तलाश में इलाके में बचाव दल का तलाश अभियान ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सेमीकंडक्टर मिशन के अगले चरण में भारत : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 18 अरब डॉलर से अधिक की 10 सेमीकंडक्टर परियोजनाएं जारी हैं और देश अब भारत सेमीकंडक्टर मिशन के अगले चरण की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने साथ ही कहा कि 1,000 अरब डॉलर के वैश्विक चिप बाजार का दोहन करने के लिए उसको (चिप) तैयार करने से जुड़ी प्रोत्साहन (डीएलआई) योजना के अगले चरण पर सरकार काम कर रही है। मोदी ने कहा वह दिन दूर नहीं जब भारत में बनी सबसे छोटी चिप दुनिया में सबसे बड़ा बदलाव लाएगी। वह दिन दूर नहीं जब दुनिया कहेगी भारत में तैयार, भारत में निर्मित, दुनिया के लिए विश्वसनीय।

सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन के अवसर पर मोदी ने यह बात कही। इसमें दुनिया भर से करीब 50 देशों के सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विशेषज्ञों ने शिरकत की। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की नवाचार और युवा शक्ति भी इस कार्यक्रम में स्पष्ट रूप से मौजूद है। उन्होंने कहा कि यह अनूठा संयोजन एक स्पष्ट संदेश देता है, दुनिया, भारत पर भरोसा करती है। दुनिया, भारत में विश्वास करती है और दुनिया, भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेमीकंडक्टर की दुनिया में अक्सर कहा जाता है कि तेल काला सोना था लेकिन चिप डिजिटल हीरा है। उन्होंने कहा कि जहां ...शेष पृष्ठ 14 पर



## मां के अपमान को मैं भले ही माफ कर दूं पर जनता माफ नहीं करेगी : पीएम

एजेंसी

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि बिहार में कांग्रेस की हाल में संपन्न हुई वोटर अधिकार यात्रा के दौरान उनकी मां को अपशब्द कहे जाने से उन्हें गहरा दुख हुआ है और इस घटना के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) एवं कांग्रेस को वह भले ही माफ कर दें लेकिन बिहार के लोग इन दलों को कभी माफ नहीं करेंगे। मोदी ने दरभंगा में हाल में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान मंच से उनकी दिवंगत मां को अपशब्द कहे जाने से पैदा हुए विवाद पर पहली बार प्रतिक्रिया देते हुए विपक्षी दलों पर निशाना साधा और कहा कि उनकी मां को अपशब्द कहना उन लोगों के लिए बड़ी बात नहीं है जो भारत माता का अपमान करते हैं और ऐसे लोगों को दंडित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा मेरी दिवंगत मां का राजनीति से ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## सड़क हादसों में सात लोगों की मौत

लखनऊ। हापुड़, देवरिया, बलरामपुर और हमीरपुर जिले में हुए सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हापुड़ जिले के पिलखुवा थाना क्षेत्र में सरस्वती मेडिकल कॉलेज के पास एक तेज रफ्तार कार ने सोमवार देर शाम एक स्कूटी और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस घटना में स्कूटी सवार आलिम और मोटरसाइकिल सवार सचिन तथा उमेश नामक युवकों की मौत हो गई। वहीं, देवरिया जिले के सोनू घाट- महुआनी मार्ग पर मंगलवार दोपहर हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिशनपुर कला गांव के निवासी निशांत शर्मा (22) के रूप में हुई है। पुलिस केमुताबिक, शर्मा अपने तीन साथियों अरुण (20), मोहित यादव (14) और विपिन चौहान (22) के साथ बरईपुर में स्थित हनुमान मंदिर गए थे, वहां से लौटते समय चारों एक ही मोटरसाइकिल पर सवार थे। घाटेला गाजी गांव के पास सड़क ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आयुध कारखाने के पूर्व उपमहाप्रबंधक पर केस

नयी दिल्ली। सीबीआई ने नागपुर स्थित आयुध निर्माणी अम्बाझरी के तत्कालीन उप महाप्रबंधक दीपक लांबा के खिलाफ 2022 में अनुबंध देने में एक निजी फर्म का कथित तौर पर पक्ष लेने के आरोप में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने इस मामले में नागपुर स्थित निजी फर्म ऑटोमेशन इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रियल सर्विसेज और उसके मालिक मोहित ठोलिया के खिलाफ भी मामला दर्ज किया। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने चार स्थानों पर आरोपी के आवासीय परिसरों में तलाशी ली है। प्राथमिकी में आरोप है कि लांबा ने डीजीएम, ओएफएजे, नागपुर में अपने कार्यकाल के दौरान जुलाई 2022 में ऑटोमेशन इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रियल सर्विसेज की स्थापना की थी।

# आउटसोर्सिंग कर्मियों को मिलेगा 20 हजार तक मानदेय

### ❍ यूपी कैबिनेट का बड़ा फैसला ❍ उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन को मिली मंजूरी

विशेष संवाददाता



❍ मासिक वेतन के साथ ही पीएफ और ईएसआई खातों में सीधे जायेगा पैसा ❍ तीन साल तक विभाग में अपनी सेवा प्रदान कर सकेंगे कर्मचारी
❍ मंत्रिमंडल ने पारिवारिक संपत्ति के बंटवारे पर तय की स्टाम्प शुल्क की सीमा ❍ लखनऊ-कानपुर मार्ग पर ई-बसों का संचालन करेंगे निजी ऑपरेटर

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश में आउटसोर्सिंग सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और जवाबदेह बनाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में मंगलवार को कम्पनीज एक्ट-2013 के सेक्शन-8 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड के गठन को मंजूरी दी गई है। आउटसोर्स कर्मचारियों का चयन तीन वर्ष के लिए किया जाएगा। कर्मचारियों को 16 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय निर्धारित किया गया है। इस निर्णय के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक कर्मचारी को उसका पूरा हक मिले और उसका भविष्य सुरक्षित रहे। यह निर्णय न केवल लाखों युवाओं को बेहतर अवसर देगा, बल्कि प्रदेश में रोजगार और सुशासन का नया मॉडल भी स्थापित करेगा। इसके साथ ही यूपी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025 को मंजूरी दी है। जनपद लखनऊ, कानपुर नगर तथा उसके समीपवर्ती महत्वपूर्ण कस्बों में ई-बसों को नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट (एनसीसी) मॉडल पर संचालित करने का निर्णय लिया है। मंत्री मंडल की बैठक में निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025-30 व शाहजहांपुर में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय की स्थापना समेत 15 प्रस्ताव मंजूर किए गए हैं।

वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि यह एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी होगी, जिसे नान-प्रॉफिटेबल संस्था के रूप में संचालित किया जाएगा। इसके माध्यम से अब आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन सीधे विभाग नहीं करेंगे, बल्कि निगम जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से एजेंसी का चयन करेगा। प्रदेश के विभिन्न विभागों और संस्थाओं में लंबे समय से आउटसोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से बड़ी संख्या में कार्मिक सेवाएं प्रदान कर रहे थे। लेकिन, लगातार यह शिकायतें सामने आ रही थीं कि उन्हें सरकार की ओर से स्वीकृत मानदेय का पूरा भुगतान नहीं मिल रहा। साथ ही ईपीएफ, ईएसआई जैसी अनिवार्य सुविधाओं का नियमित अंशदान भी कई बार एजेंसियों द्वारा नहीं किया जाता था। इन अनियमितताओं को खत्म करने और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए यह निगम गठित किया गया है। अब आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन सीधे विभाग नहीं करेंगे, बल्कि निगम जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से एजेंसी तय करेगा। कर्मचारियों का मानदेय 16 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। आउटसोर्स कर्मचारियों से महीने में 26 दिन सेवा ली जा सकेगी। कर्मचारी तीन वर्षों के लिए अपनी सेवाएं दे सकेंगे। कर्मचारियों का वेतन 1 से 5 तारीख तक सीधे उनके खातों में जाएगा। ईपीएफ और ईएसआई का अंशदान अब सीधे कर्मचारियों के खाते में जाएगा, पहले यह राशि सर्विस प्रोवाइडर के पास चली जाती थी। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सेवा तुरंत समाप्त की जा सकेगी। आउटसोर्सिंग के लिए चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा और साक्षात्कार का प्रावधान किया गया है। इससे बेहतर गुणवत्ता वाले और योग्य कार्मिकों की नियुक्ति सुनिश्चित होगी। वित्त मंत्री ने बताया कि नई व्यवस्था में संवैधानिक प्रावधानों के तहत एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, दिव्यांगजन, भूतपूर्व सैनिक और महिलाओं को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सरकार ने संभल के लिए खोला खजाना

लखनऊ। संभल जिले में धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को नया जीवन देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल शुरू हुई है। चतुर्मुख कूप, यम तीर्थ, और पिशाच मोचन तीर्थ जैसे प्राचीन स्थलों के जीर्णोद्धार के लिए प्रदेश सरकार ने 600 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसमें से 100 करोड़ रुपये वंदन योजना के तहत आवंटित किए गए हैं। यह परियोजना न केवल आस्था के केंद्रों को संरक्षित करेगी, बल्कि संभल को धार्मिक पर्यटन के नक्शे पर और भी प्रमुखता दिलाएगी।

पांच तीर्थों के लिए बजट पास हो चुका है, जिनमें से तीन तीर्थों का पुनरुद्धार कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष दो पर तेजी से काम चल रहा है। संभल के चतुर्मुख कूप, यम तीर्थ, और पिशाच मोचन तीर्थ अपनी प्राचीनता और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध हैं। ये तीर्थ स्थल न केवल स्थानीय ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पहाड़ से लेकर मैदानों तक बारिश का कहर

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली, एनसीआर, गुरुग्राम, पंजाब, चंडीगढ़ हिमांचल व उत्तर भारत में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। सुरक्षा कारणों से कई राज्यों में स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया गया है। चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा के झज्जर, यूपी के कई जिलों में 3 सितंबर 2025 को सभी स्कूल बंद रहेंगे। हालांकि, कुछ स्थानों पर स्कूल बंद रखने का आदेश विशेष स्थानीय स्कूलों के लिए हो सकता है। इसलिए छुट्टी के संबंध में एक बार अपने विद्यालय से संपर्क जरूर करें।

गाजियाबाद में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए जिलाधिकारी ने आदेश जारी किया है कि 3 सितंबर को कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के सभी सरकारी और निजी स्कूल बंद रहेंगे। प्रशासन का कहना है कि यह निर्णय छात्रों और स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।

मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में यमुना के किनारे देखा गया जो खतरे का निशान पार कर गई है। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के बाढ़ग्रस्त क्षेत्र मदनपुर खादर में किसान अपनी आखिरी फसल को बचाने की कोशिश करते नजर आए, जबकि बाकी फसल नष्ट हो चुकी थी। किसान रामशंकर ने कहा, हम इसलिए जा रहे हैं क्योंकि जलस्तर हर घंटे बढ़ रहा है और खेत जलमग्न हो गए हैं। उन्होंने रुआंसे होते हुए कहा मेरे चाचा ने फसल की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आपदा पीड़ितों के साथ खड़ी है सरकार

### ट्रैक्टर व नाव से आपदा प्रभावितों के बीच पहुंचे मुख्यमंत्री धामी

प्रमुख संवाददाता



हरिद्वार (उत्तराखंड)। राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में हर प्रभावित नागरिक के साथ खड़ी है। हम हर संभव सहायता उपलब्ध कराएंगे और बचाव कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। आपदा से प्रभावित प्रत्येक परिवार को सरकार की ओर से यथासंभव सहायता प्रदान की जाएगी। यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार के लक्सर में आपदा प्रभावितों क्षेत्रों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान आपदा पीड़ितों से व्यक्त किए।

राज्य में जारी भारी बारिश और प्राकृतिक आपदा के चलते उत्पन्न संकट की स्थिति के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज सबसे पहले हरिद्वार जिले के लक्सर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे। कठिन परिस्थितियों को दरकिनार करते हुए मुख्यमंत्री ने ट्रैक्टर व नाव के माध्यम से ग्रामीण और जलमग्न क्षेत्रों तक पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। मुख्यमंत्री धामी ने मौके पर उपस्थित जिला प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन अधिकारियों को तत्काल राहत और पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ महोबा के जिला आबकारी अधिकारी निलंबित (पृष्ठ-02)
❍ आगरा में बनेगा सारस सर्किट, बढ़ेगा इको टूरिज्म (पृष्ठ-07)
❍ वित्त मंत्रालय नौ अक्टूबर से शुरू करेगा बजट तैयारी (पृष्ठ-14)
❍ सोने और चांदी ने बनाया नया रिकॉर्ड (पृष्ठ-14)
❍ रुपया आठ पैसे गिरकर 88.18 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** प्रयागराज दूसरे, गोरखपुर तीसरे और जौनपुर चौथे स्थान पर, जनपदीय न्यायालयों में जौनपुर ने मारी बाजी

# राजस्व मामलों के निस्तारण में लखनऊ अव्वल

विशेष संवाददाता




लखनऊ। प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनीटरिंग का असर साफ नजर आ रहा है। सीएम योगी खुद हर माह जिलेवार मामलों की समीक्षा भी करते रहते हैं। सरकार की विशेष पहल के तहत तेजी से मामलों के निपटारे की रणनीति को अपनाया गया, जिससे राजस्व विवादों के मामलों में बड़ा सुधार देखने को मिला है। इसी का नतीजा है कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश भर में राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी देखी गयी है। राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) की ओर से अगस्त माह की जारी रिपोर्ट में पूरे प्रदेश में सबसे अधिक राजधानी में मामलों को निस्तारित किया गया है जबकि जनपद स्तरीय न्यायालय में राजस्व के मामले निपटाने में एक बार फिर जौनपुर ने बाजी मारी है। बता दें कि जनपद स्तरीय न्यायालयों में राजस्व वादों के निस्तारण में पिछले दस माह से जौनपुर टॉप फाइल जिलों में बना हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि राजस्व विवादों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए। उनकी इस पहल का उद्देश्य न केवल जनता को त्वरित न्याय दिलाना है, बल्कि प्रशासन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को भी बढ़ावा देना है। इसी के तहत प्रदेश के जिलाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी पूरी तत्परता से मामलों का निस्तारण कर रहे हैं। राजस्व परिषद की आरसीसीएमएस की अगस्त माह की रिपोर्ट के अनुसार अगस्त में पूरे प्रदेश में कुल 3,69,293 राजस्व मामलों का निस्तारण किया गया। लखनऊ जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने बताया कि सबसे अधिक राजधानी लखनऊ में 19,178 मामले निस्तारित किये गये, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक हैं। इसके बाद प्रयागराज में कुल 10,693 मामलों को निस्तारित कर पूरे प्रदेश में दूसरे, गोरखपुर 9,560 मामलों को निस्तारित कर तीसरे स्थान पर है। इसी तरह जौनपुर ने 8,779 ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बाराबंकी में एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज सीओ, इंस्पेक्टर नपे

### मुख्यमंत्री योगी ने दिये जांच के आदेश

जिला संवाददाता

बाराबंकी । जिले में स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में छात्रों पर किए गए लाठी चार्ज के मामले में कोतवाल आर के राना को जहां लाइन हाजिर कर दिया गया है, वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान को भी हटा दिया गया है। मसौली थाने के इंस्पेक्टर सुधीर सिंह को नगर कोतवाली का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

विद्यार्थियों का आरोप है कि श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय ने उन्हें एक ऐसे विधि पाठ्यक्रम में दाखिला दिलाया, जिसे बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता नहीं है, ऐसे में उनका भविष्य खतरे में आ गया है।

मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या के मंडलायुक्त को उक्त विश्वविद्यालय की डिग्री की वैधता की जांच करने और अयोध्या क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक को छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की घटना की जांच के आदेश भी दिए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तर) विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण है। पुलिस की मानें तो इसी बात को लेकर सोमवार को विद्यार्थी प्रदर्शन कर रहे थे और उन्होंने पास की एक पुलिस चौकी और परिसर में तोड़फोड़ ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति मंजूर, यूपी बनेगा ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार अगले 6 साल तक डिस्प्ले, कैमरा मॉड्यूल, मल्टीलेयर पीसीबी जैसे 11 महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पोनेन्ट्स के निर्माण को बढ़ावा देगी। योगी सरकार की इस नीति से 5,000 करोड़ रुपये के निवेश और लाखों रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाने

- **नई नीति से 5,000 करोड़ रुपये के निवेश और लाखों को मिलेंगे रोजगार**

**कैबिनेट के फैसले**

की दिशा में ऐतिहासिक फैसला लिया गया। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025 को मंजूरी दी।

कैबिनेट ने केंद्र सरकार की इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्पोनेन्ट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम के अनुरूप विनिर्माण नीति-2025 को लागू करने का फैसला किया, जो 1 अप्रैल, 2025 से 6 वर्षों तक प्रभावी रहेगी। इस नीति के तहत उद्यमियों को केंद्र की योजना के समतुल्य अतिरिक्त प्रोत्साहन दिए जाएंगे, जिससे यूपी का मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में उभरेगा। नीति का क्रियान्वयन शासन स्तर पर गठित नीति कार्यान्वयन इकाई और सशक्त समिति की देखरेख में नोडल संस्था द्वारा किया जाएगा। इसके तहत डिस्प्ले, कैमरा मॉड्यूल, मल्टीलेयर पीसीबी जैसे कॉम्पोनेन्ट्स के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा, जिससे आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी और नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रमुख सचिव अनुराग यादव ने बताया कि पिछले 8 वर्षों में देश में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। 2015 में जहां केवल 2 यूनिट मोबाइल बनाती थीं, आज 300 यूनिट्स कार्यरत हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स का उत्पादन 1.9 लाख करोड़ से बढ़कर 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। मोबाइल फोन का निर्यात 1,500 करोड़ से 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा है। यूपी इस क्रांति का केंद्र बन चुका है, जहां देश के आधे से ज्यादा मोबाइल फोन का उत्पादन होता है। यह नीति यूपी को आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी, साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगी। यह नीति न केवल यूपी को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाएगी, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर यूपी की आत्मनिर्भरता को भी मजबूत करेगी। नीति के तहत 5,000 करोड़ रुपये का अनुमानित



व्यय होगा, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के लाखों अवसर सृजित होंगे। यह कदम यूपी को निवेश का पसंदीदा गंतव्य बनाने और औद्योगिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

**निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025-30 को दी मंजूरी :** उत्तर प्रदेश को वैश्विक स्तर पर निर्यात हब बनाने की दिशा में योगी कैबिनेट ने निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025-30 को मंजूरी दे दी है। नई नीति में 2020-25 की निर्यात नीति में सुधार करते हुए डिजिटल तकनीकी, अवसंरचना विकास, वित्तीय सहायता, निर्यात ऋण और बीमा, बाजार विस्तार, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण पर विशेष बल दिया गया है। नीति का लक्ष्य वर्ष 2030 तक पंजीकृत निर्यातकों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि करना और सभी जनपदों को निर्यात गतिविधियों से जोड़कर क्षेत्रीय संतुलन सुनिश्चित करना है। सरकार का मानना है कि इससे प्रदेश का निर्यात न केवल गुणात्मक रूप से बढ़ेगा बल्कि उत्तर प्रदेश को एक सशक्त ग्लोबल एक्सपोर्ट हब के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।

**शाहजहांपुर में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय की होगी स्थापना :** यूपी कैबिनेट ने शाहजहांपुर में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। इसके लिए मुमुक्ष आश्रम ट्रस्ट की शैक्षणिक इकाइयों को उच्चीकृत किया जाएगा। वर्तमान में ट्रस्ट के अंतर्गत 5 संस्थान संचालित हैं–स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज, स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय, श्री दैवी सम्पद ब्रह्मचर्य संस्कृत महाविद्यालय, श्री धर्मानन्द सरस्वती इंटर कॉलेज और श्री शंकर मुमुक्ष विद्यापीठ। विश्वविद्यालय बनने के बाद इनका संचालन विश्वविद्यालय करेगा। जिलाधिकारी शाहजहांपुर की रिपोर्ट के अनुसार ट्रस्ट के पास कुल 21.01 एकड़ भूमि है, जिसमें से लगभग 20 एकड़ जमीन विश्वविद्यालय को मिलेगी। पहले चरण में उच्च शिक्षा विभाग और मुमुक्ष आश्रम ट्रस्ट के बीच एमओयू होगा। इसके बाद उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के तहत औपचारिक कार्यवाही पूरी की जाएगी।

## लखनऊ और कानपुर में नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट मॉडल पर संचालित होंगी ई-बसें

नगरीय परिवहन को आधुनिक और व्यवस्थित बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। यूपी कैबिनेट ने जनपद लखनऊ, कानपुर नगर तथा उसके समीपवर्ती महत्वपूर्ण कस्बों में ई-बसों को नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट (एनसीसी) मॉडल पर संचालित करने का निर्णय लिया है। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि अभी तक प्रदेश के 15 नगर निगमों में 743 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जा रही हैं, जिनमें से 700 बसें ग्रॉस कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट (जीसीसी) मॉडल पर हैं।

इस योजना के अंतर्गत लखनऊ और कानपुर नगर समेत आस-पास के कस्बों में 10-10 रूटों पर 9 मीटर लंबी एसी ई-बसें चलाई जाएंगी। प्रत्येक रूट पर कम से कम 10 बसें अनिवार्य होंगी। कॉन्ट्रैक्ट की अवधि वाणिज्यिक संचालन तिथि से 12 वर्ष की होगी। अनुमान है कि प्रत्येक रूट पर करीब 10.30 करोड़ रुपये का व्यय आएगा, जिसमें से 9.50 करोड़ रुपये बसों की खरीद पर और 0.80 करोड़ रुपये चार्जिंग उपकरणों व अन्य आवश्यक साधनों पर खर्च होंगे। प्रावधान के तहत, बसों का डिजाइन, वित्तपोषण, खरीद, निर्माण, आपूर्ति और अनुरक्षण की जिम्मेदारी निजी ऑपरेटर निभाएंगे। उन्हें 90 दिनों के भीतर प्रोटोटाइप ई-बस उपलब्ध करानी होगी और एक वर्ष के भीतर बस संचालन शुरू करना होगा। सभी किराया एवं गैर-किराया राजस्व का संग्रह निजी ऑपरेटर करेंगे। टैरिफ निर्धारण सरकार द्वारा किया जाएगा, जिसे समय-समय पर संशोधित किया जा सकेगा। साथ ही सरकार परिवहन विभाग और आरटीओ/आरटीए से आवश्यक लाइसेंस और परमिट जारी करेगी। ई-बसों के संचालन के लिए सरकार बिहाइंड-द-मीटर विद्युत अवसंरचना और अपॉर्चुनिटी चार्जिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराएगी। सरकार का मानना है कि इस मॉडल से सरकारी वित्तीय बोझ में कमी आएगी और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा।

**लखनऊ में इन मार्गों पर चलेंगी ई-बसें :** चारबाग से बाराबंकी, चारबाग से देवा, चारबाग से कुर्सी, कमता से एयरपोर्ट, बालागंज से मोहनलालगंज, बालागंज से विराज खंड, घंटाघर से माल थाना, घंटाघर से संडीला, स्कूटर इंडिया से इंजीनियरिंग कालेज, दुबग्गा से गंगागंज

**कानपुर के इन मार्गों पर चलेंगी बसें :** घंटाघर से अकबरपुर, कानपुर रेलवे स्टेशन से बिंदकी, कानपुर रेलवे स्टेशन से बिठूर, कानपुर रेलवे स्टेशन से घाटमपुर, कानपुर रेलवे स्टेशन से आईआईटी, घंटाघर से मूसानगर, कानपुर सिटी सर्कुलर रोड, रामा देवी से जहानाबाद, फजलगंज से रूरा, कानपुर रेलवे स्टेशन से उन्नाव।

# किसानों को नि:शुल्क बीज मिनीकिट दे रही योगी सरकार

**लखनऊ।** योगी सरकार ने अन्नदाता किसानों के हित में इस वर्ष भी बड़ा निर्णय लिया है। योगी सरकार रबी 2025-26 के लिए नि:शुल्क दलहनी-तिलहनी बीज मिनीकिट वितरित करेगी। इसका लाभ प्राप्त

- **दलहन-तिलहन के नि:शुल्क बीज मिनीकिट के लिए किसान 25 सितंबर तक करें आवेदन**
- **वेबसाइट पर करना होगा ऑनलाइन आवेदन**
- **चना, मटर, मसूर व सरसों का दिया जायेगा मिनीकिट**
- **लक्ष्य से अधिक आवेदन पर लॉटरी के माध्यम से होगा चयन**

करने के लिए किसानों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

किसान 25 सितंबर तक बुकिंग व आवेदन कर सकेंगे। लाभार्थियों का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से होगा। योगी सरकार द्वारा वित्तपोषित नि:शुल्क दलहन बीज मिनीकिट



वितरण व प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को रबी 2025-26 में दलहनी फसलें चना (16 किग्रा.), मटर (20 किग्रा). व मसूर (8 किग्रा.) के बीज मिनीकिट नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं तिलहन फसल के अंतर्गत सरसों (2 किग्रा.) का बीज मिनीकिट भी दिया जाएगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि इन मिनीकिट के लाभार्थियों का चयन लॉटरी पद्धति से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से पारदर्शी ढंग से किया जाएगा।

जो भी किसान इस योजना का लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें कृषि दर्शन-2 पोर्टल पर ऑनलाइन बुकिंग-आवेदन करना होगा। आवेदन 25 सितंबर तक स्वीकार किए जाएंगे। शाही ने बताया कि कृषि विभाग में पंजीकृत किसान ही मिनीकिट के लिए आवेदन व बुकिंग कर सकेंगे। एक किसान केवल एक ही दलहनी फसल का मिनीकिट प्राप्त कर सकेगा। जनपद में लक्ष्य से अधिक आवेदन होने पर लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा। उन्होंने किसानों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

# स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग अब सेवारत विभाग में शामिल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट ने स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को सेवारत विभाग में शामिल करने का फैसला किया है। स्टांप तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने

**कैबिनेट के फैसले**

बताया कि सेवारत विभाग का दर्जा मिलने से विभागीय कार्यालयों के लिए सरकार की अन्य सेवा विभागों की भांति मुफ्त में भूमि मिलने का रास्ता साफ हो गया है। इससे निजी भवनों के किराये पर होने वाले व्यय में कमी आएगी और जनता को पंजीकरण सेवाएं और अधिक सुलभ वातावरण में मिल सकेंगी। इस निर्णय से विभाग की कार्यकुशलता बढ़ेगी, जनसामान्य



को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा शासन की प्रणाली और मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि यह विभाग हर साल करीब 40 लाख रजिस्ट्रियां करता है। इससे दो करोड़ से अधिक लोग प्रत्यक्ष रूप से सेवाएं प्राप्त करते हैं। यह विभाग न केवल राज्य सरकार को विशाल राजस्व प्रदान करता है बल्कि शासन की सामान्य कार्यप्रणाली का अभिन्न हिस्सा भी है। विभाग किसी प्रकार की वाणिज्यिक गतिविधि नहीं करता, बल्कि सरकार का संवैधानिक दायित्व निभाता है।

**दिव्यांगजनों सशक्तीकरण के लिए नया केंद्र :** दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए वाराणसी के परगना रामनगर में स्थित 3 एकड़ जमीन को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को सौंपे जाने का प्रस्ताव मंजूर हो गया है। इस जमीन पर समेकित क्षेत्रीय केंद्र बनाया जाएगा। यह सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत काम करेगा।

**सरकार ने 1607 करोड़ के निवेश प्रस्ताव को दी मंजूरी :** यूपी कैबिनेट की बैठक में 1607 करोड़ के निवेश प्रस्ताव को दी मंजूरी दी गई। देवरिया, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर एवं फरुर्खाबाद में चार कम्पनियों को इसके लिए जल्द ही लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी होंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कैबिनेट में लिए गए इस निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि वुडपेकर ग्रीनएग्री न्यूट्रिएंट्स कंपनी फरुर्खाबाद 570 करोड़ के निवेश करेगी। यह कंपनी बीयर एक्स्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल इंडियन मेड फारेन लीकर / मक्के का वाणिज्यिक उत्पादन के लिए एक संयंत्र लगाएगी। पहले चरण में उत्पादन एक सितंबर 2026 से होगा। ओकासगंगा एग्रीटेक दादरी (गौतमबुद्धनगर) में 510.20 करोड़ रुपये से अनाज मिल उत्पादन, स्टार्च, एवं स्टार्च उत्पादनों के लिए नया संयंत्र लगाएगी। यहां 31 दिसंबर 2025 से ब्रेड एवं बेकरी उत्पाद बनेंगे। वाईटीटी इंडस्ट्रीज शाहजहांपुर में 277.86 करोड़ के निवेश से अनाज आधारित एथेनाल व पोल्ट्री चारे का उत्पादन करेगी। फॉरएवर डिस्टिलरी देवरिया में एथनाल एवं एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल उत्पादन के विस्तार के लिए संयंत्र स्थापित करेगी। एक अक्तूबर से उत्पादन चालू करने की तैयारी है।

# उलेमाओं ने की अखिलेश यादव को दोबारा सीएम बनने की दुआ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मंगलवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में प्रदेश के विभिन्न जिलों आये उलेमा-ए-इकराम के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उलेमा-

- **सपा प्रमुख से मिला उलेमा-ए-इकराम का प्रतिनिधिमंडल**

ए-इकराम ने अखिलेश यादव को दोबारा मुख्यमंत्री बनने की दुआ की।

इस अवसर पर उलमा-ए-इकराम में एक स्वर में अखिलेश यादव के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करते हुए कहा कि हम यकीन से यह बात कहते है कि आप नेताजी मुलायम सिंह यादव के नक्शे कदम पर चल रहे है। हम सभी लोग पूरी ताकत से सपा के साथ है। अखिलेश यादव ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सपा का सभी से एक भावनात्मक रिश्ता है। इस



अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार की पराकाष्ठा हो गयी है। कानून का राज नहीं रह गया है। निर्दोषों को झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है। मॉब लिंचिंग में हत्याएं हो रही है। पुलिस हिरासत में मौतें हो रही है। भाजपा सरकार अपने राजनीतिक फायदे के लिए पुलिस का गैरकानूनी इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को कमजोर करने में सपा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। 2027 में सपा भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगी। भाजपा को सत्ता से बाहर करना ही देश हित में है। सपा की सरकार बनने पर सामाजिक न्याय के राज की स्थापना होगी। पीडीए की नीति पर चलकर सबके कल्याण, विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। सबके साथ इंसाफ होगा। अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में भी सपा के नेताओं, कार्यकर्ताओं की बड़ी जिम्मेदारी है। लोकतंत्र, संविधान और वोट का अधिकार बचाने के लिए भाजपा से सावधान रहना होगा। भाजपा नफरत और साम्प्रदायिकता की राजनीति करती है। भाजपा चुनाव में हर स्तर पर बेईमानी करती है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सतर्क रहना होगा। बूथ को और मजबूत करना होगा। कार्यकर्ताओं का काम बहुत बढ़ गया है। वोट बनवाना, वोट बचाना, वोट पड़वाना और वोट गिनवाना। हर काम को पूरी मेहनत और जागरूकता से करना होगा।

समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना इकबाल कादरी तथा प्रदेश अध्यक्ष मो. शकील नदवी के साथ अखिलेश यादव से भेंटकर्ताओं में प्रमुख रूप से मौलाना आरिफ (जहूर कासमी), राव कारी सलीम देवबंद, मौलाना अब्दुल हलीम साहब, मौलाना अशरफ साहब, मौलाना इकबाल साहब, मौलाना सुफियान, मौलाना शमशाद, मौलाना उमैर, मुफ्ती मोहम्मद मुदस्सिर, बहरोज आलम (जहूर कासमी), कारी मो. असगर, मौलाना आलिशान साहब आदि थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल तथा तेजंदर विर्क की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## दीपोत्सव एवं देव दीपावली की तैयारियों की हुई समीक्षा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह ने आगामी दीपोत्सव एवं देव दीपावली को आकर्षक एवं भव्य ढंग से आयोजित करने के लिए आज पर्यटन निदेशालय के अधिकारियों के साथ समीक्षा की तथा प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपोत्सव एवं देव दीपावली के आयोजन में संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की भूमिका खास होनी चाहिए। जयवीर सिंह ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से समीक्षा की तथा पर्व की महत्ता को देखते हुए किसी प्रकार की कमी न रहे, यह अधिकारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य मुकेश मेश्राम मौजूद रहे।

## जिला आबकारी अधिकारी महोबा निलंबित

**लखनऊ।** भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कदम उठाते हुए आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने महोबा जनपद के जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जनपद महोबा में तैनात राजेंद्र प्रसाद वर्मा, जिला आबकारी अधिकारी द्वारा रिश्वत लिए जाने से संबंधित वीडियो 26 अगस्त को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसका संज्ञान लेते हुए आबकारी

- **रिश्वत लिये जाने का था आरोप, सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ था वायरल**

मंत्री नितिन अग्रवाल द्वारा जिलाधिकारी महोबा द्वारा जांच कराई गई। जांच में जिला आबकारी अधिकारी, महोबा प्रथमदृष्टया दोषी पाए गए। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्य कर रही है। योगी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। भ्रष्टाचारियों के लिए प्रदेश में कोई जगह नहीं है। जो भी भ्रष्टाचार करते हुए पाया जाएगा उसे सख्त से सख्त सजा दी जाएगी।

## रालोद के विभिन्न प्रकोष्ठों में सहप्रभारी नियुक्त

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने संगठन विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विभिन्न प्रकोष्ठों में सहप्रभारियों की नियुक्ति की है। इन नियुक्तियों से पार्टी संगठन को और मजबूती, गति और नई दिशा मिलेगी। प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने जानकारी दी कि पार्टी का लक्ष्य हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर मुद्दे तक संगठन को पहुंचाना है। इसी दृष्टि से प्रकोष्ठों के सहप्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है ताकि वे अपने क्षेत्र में पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचा सकें। नवनियुक्त सहप्रभारी प्रकोष्ठ में ओडी त्यागी (गाज़ियाबाद) को किसान प्रकोष्ठ, वीरपाल दिवाकर (अलीगढ़) को सामाजिक न्याय प्रकोष्ठ, अशोक निरंजन (झांसी) को खेल प्रकोष्ठ, सुनील चरोरा (बुलंदशहर) को पंचायती राज प्रकोष्ठ, मुकेश सैनी (शामली) को युवा प्रकोष्ठ, उमाशंकर वाजपेयी (सीतापुर) को प्रोफेशनल मंच, कुंवर अयूब हसन (सहारनपुर) को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, जितेन्द्र राय (गाजीपुर) को श्रम प्रकोष्ठ, डॉ.रूपेश चौधरी (आगरा) को पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ, महिपाल पटेल (बस्ती) को छात्रसभा, सिंहासन प्रसाद गुप्ता (कुशीनगर) को व्यापार प्रकोष्ठ, मुन्ना लाल दिनकर (बांदा) को एससीएसटी प्रकोष्ठ, सुजाता चौधरी (मथुरा) को महिला प्रकोष्ठ और अशोक सिंह (बस्ती) को सहकारिता प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राय ने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त सहप्रभारी अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे और रालोद की जनसेवी नीतियों को अधिक व्यापक रूप से आगे बढ़ाएंगे।

## अखिलेश यादव को किया गया सम्मानित

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मंगलवार को हाजी उसामा अंसारी अध्यक्ष बुनकर मोमिन अंसार एसोसिएशन बाराबंकी, शोएब सिद्दीकी, हारून राईन अध्यक्ष राईन समाज तथा मोहम्मद वसीम सिद्दीकी जिला सचिव सपा बाराबंकी ने भेंट कर उनको सम्मानित किया। बुनकर समाज के प्रतिनिधियों ने अखिलेश यादव के प्रति कृतज्ञता जताते हुए कहा कि सपा की सरकार में बुनकरों को फ्लैट रेट पर विद्युत व्यवस्था का लाभ मिलता था। आज भाजपा सरकार ने बिजली महंगी कर दी है। वह भी नियमित और निर्बाध रूप से नहीं मिलती है। समाजवादी सरकार में बुनकरों के लिए बाजार बनाए थे। लखनऊ में अवध शिल्पग्राम तथा अवध बाजार बनाए गए थे ताकि उद्यमियों के उत्पाद का आसानी से विक्रय हो सके। उन्होंने कहा कि बुनकर समाज 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने सभी बुनकर प्रतिनिधियों का सम्मान करते हुए कहा कि बुनकर और राईन समाज पीडीए का हिस्सा है। बुनकरों की समस्याओं से वे अवगत हैं। बुनकरों को न्यूनतम ब्याज पर ऋण की सुविधा मिलनी चाहिए। पावरलूम के लिए बिजली सस्ती और समय से मिलनी चाहिए।

# दो सितंबर का दिन राज्य आंदोलन के इतिहास में काले अध्याय के रूप में रहेगा अंकित : धामी

## सीएम धामी ने मसूरी में वेंडर जोन बनाने और गढ़वाल सभा का भवन बनाने की घोषणा की

प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** दो सितंबर का दिन सदैव राज्य आंदोलन के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में अंकित रहेगा। वर्ष 1994 में इसी दिन मसूरी की वीरभूमि पर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारियों को पुलिस

- **मसूरी गोलीकांड की 31वीं बरसी पर सीएम धामी ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि**

की गोलियों का सामना करना पड़ा। यह घटना उस समय के सत्ताधारी दलों के दमनकारी रवैये का प्रतीक थी, जिन्होंने एक शांतिपूर्ण आंदोलन को निर्दयता के साथ कुचलने का प्रयास किया।

यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मसूरी गोलीकांड की 31वीं बरसी पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।



मुख्यमंत्री ने शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारजनों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य आंदोलनकारियों के सपनों का उत्तराखंड बनाने के लिए कृतसंकल्प होकर कार्य कर रही है।

मसूरी स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान मसूरी में शहीद हुए आंदोलनकारी बलबीर सिंह नेगी, बेलमती चौहान, हंसा धनाई, धनपत सिंह, राय सिंह बंगारी और मदन मोहन ममगई को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राज्य आंदोलनकारियों ने हमारे बेहतर भविष्य के लिए अपना वर्तमान दांव पर लगाकर उत्तराखंड के निर्माण में अपना अद्वितीय योगदान दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा राज्य आंदोलनकारियों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए उनके और उनके आश्रितों के लिए सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किया गया है। साथ ही शहीद आंदोलनकारियों के परिवारों के लिए 3000 रुपये मासिक पेंशन की सुविधा भी शुरू की गई है। घायल और जेल गए आंदोलनकारियों को 6000 रुपये तथा सक्रिय आंदोलनकारियों को 4500 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों का सपना था कि एक ऐसा उत्तराखंड बने जहां हमारी संस्कृति, भाषा और परंपराओं का संरक्षण हो। इसी उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने समान नागरिक संहिता लागू कर राज्य में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और कर्तव्य सुनिश्चित कर दिए हैं। वहीं, प्रदेश के युवाओं को पारदर्शिता के साथ रोजगार के समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए देश का सबसे प्रभावी नकल विरोधी कानून लागू किया गया और 100 से अधिक नकल माफियाओं को जेल भेजा गया। इसके बाद उत्तराखंड में 25 हजार से अधिक युवाओं ने सरकारी नौकरियां पाने में सफलता प्राप्त की है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गढ़वाल सभा भवन जल्द बनाने और सिफन कोर्ट का मामला जल्द हल करने की बात कही तथा मसूरी में वेंडर जोन की घोषणा सहित अन्य मांगों पर भी शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड आंदोलन के प्रमुख चेहरा रहे स्वर्गीय इंद्रमणि बड़ोनी के जन्मशताब्दी समारोह को भी भव्य तरीके से मनाएगी। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी तहसील बनाने के लिए सीएम का आभार व्यक्त करने के साथ ही मसूरी की विभिन्न मांगों को मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष मीरा सकलानी, दर्जाधारी सुभाष बड़थ्वाल, पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, पूर्व पालिकाध्यक्ष मनमोहन मल्ल सहित राज्य आंदोलनकारियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी शामिल हुए।

# पीएम आवास दिलाने के नाम पर फर्जीवाड़ा

## बसंतकुंज योजना में पीएम आवास के नाम पर 18 लोगों से लाखों रुपये ठगे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रधानमंत्री आवास योजना में भवन आवंटित कराने के नाम पर फजीर्वाड़े का मामला सामने आया है। इसमें जालसाज ने खुद को एलडीए का कर्मचारी बताकर लोगों से रुपये ऐंठे और प्रधानमंत्री आवास का जाली आवंटन प्रमाण पत्र थमा दिया। मकान का कब्जा न मिलने पर पीड़ितों ने एलडीए कार्यालय में संपर्क किया तो फजीर्वाड़े का खुलासा हुआ। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के आदेश पर सम्पत्ति विभाग द्वारा इस मामले में गोमती नगर थाने में एफ0आई0आर0 दर्ज करायी जा रही है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभारी उप सचिव अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि जन समस्या निवारण संस्थान के चेयरमैन आलोक दुबे की ओर से पत्र के माध्यम से सूचित किया गया कि अभिषेक, खालिद तथा राकेश यादव समेत 18 लोगों से प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी की गयी है। पीड़ितों के मुताबिक अनवर नाम के व्यक्ति ने उन लोगों का परिचय मदेयगंज के अलीनगर निवासी मो. तालिब से करवाया। बताया कि मो. तालिब एलडीए में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं और बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास दिला देंगे। मो. तालिब ने बताया कि प्रति व्यक्ति 55,000 रुपये जमा करने पर मकान का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र मिल जाएगा। उसके बाद 1,10,000 की अगली किश्त देने पर एलडीए की ओर से आवंटित आवास की बकाया धनराशि की किश्तों का एग्रीमेंट करते हुए मकान का कब्जा दे दिया जाएगा। तत्पश्चात सभी बकाया किश्तों की अदायगी पर आवंटियों के पक्ष में मकान की रजिस्ट्री हो जाएगी। पीड़ितों के मुताबिक उन लोगों ने बहकावे में आकर मो. तालिब के बताये गये बैंक खाते में यूपीआई के माध्यम से कुल 9,90,000 रुपये जमा कर दिये, जिसके बाद उसने 15 लोगों को प्रधानमंत्री आवास का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र दिया। इसके बाद 15 लोगों से मकान की अगली किश्त के नाम पर प्रति व्यक्ति 1,10,000 की दर से कुल 16,50,000 रुपये और ऐंठ लिये। रुपए लेने के बाद मो. तालिब ने न तो किसी के पक्ष में भवन का एग्रीमेंट करवाया और न ही मकान का भौतिक कब्जा दिलाया। पीड़ितों के मुताबिक मकान के बारे में पूछने पर मो0 तालिब हर बार आनाकानी करने लगा।




- एलडीए ने दर्ज करायी एफआईआर,
- मकान न मिलने पर पीड़ितों ने एलडीए में किया संपर्क तो हुआ फर्जीवाड़े का खुलासा

### जांच में फर्जी मिले दस्तावेज

उक्त शिकायत मिलने पर एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने पूरे प्रकरण की जांच करवायी। पता चला कि मो. तालिब नाम का कोई भी कर्मचारी प्राधिकरण में कार्यरत नहीं है। इसके अलावा पीड़ितों द्वारा प्रस्तुत किये गये रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र समेत सभी दस्तावेज जांच में फर्जी पाये गये। उप सचिव अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि इस मामले में गोमती नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी गयी है।

### पंजीकरण खुला नहीं, बना दिया जाली आवंटन पत्र

लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा डालीबाग में निर्मित किये जा रहे 72 ईडब्ल्यूएस भवनों का पंजीकरण ही अभी तक नहीं खोला गया है। लेकिन, जालसाज इस योजना में भवन आवंटित कराने के नाम पर धोखाधड़ी कर रहे हैं। हजरतगंज में वीआईपी गेस्ट हाउस के पास झुग्गी में रहने वाले राहुल धानुक के नाम से भवन का जाली आवंटन पत्र एवं पंजीकरण चालान फर्जी तरीके से बनवाये गये। उप सचिव ने बताया कि मामला संज्ञान में आने पर राहुल धानुक व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी जा रही है।

नागरिकों से अपील है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान आवंटित कराने को लेकर किसी भी बाहरी व्यक्ति की बात पर विश्वास न करें। प्राधिकरण द्वारा पारदर्शी प्रक्रिया के तहत आवेदकों की उपस्थिति में लॉटरी के माध्यम से भवनों का आवंटन किया जाता है। अन्य किसी भी प्रकार से भवन आवंटित करने की कोई प्रक्रिया नहीं है। एलडीए में प्रधानमंत्री आवास योजना से सम्बंधित प्रकरणों के लिए पीएमएवाई सेल गठित है, जिसका कार्यालय प्राधिकरण भवन की नयी बिल्डिंग के भूतल पर बना है। योजना से सम्बंधित जानकारी के लिए सेल के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।
प्रथमेश कुमार, उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण

# घटिया निर्माण पर आवास विकास ने की कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आगरा में भारत सरकार की बेसिक सर्विसेज टू अर्बन पुअर (बीएसयूपी) योजना के तहत निर्मित भवनों में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं बरती गईं हैं। 127 करोड़ रुपये की लागत से इन भवनों का निर्माण कार्य कालिंदी विहार में निर्माण खंड-29 आगरा की ओर से कराया गया है। इस मामले की शिकायत के बाद जांच कराई गई तो घटिया निर्माण का खुलासा हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, इन अनियमितताओं के कारण 5,25,55,589.50 रुपये का वित्तीय नुकसान हुआ है, अब आवास विकास परिषद ने सख्त कदम उठाया है। आवास आयुक्त बलकार सिंह ने तत्कालीन सहायक अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए कई अधिकारियों से वसूली करने का आदेश जारी किया है।

बता दें कि बीएसयूपी के इन घटिया मकानों में छत टपक रही है। हाथ लगाते ही प्लास्टर झड़ रहा है। दिवार उखड़ रही है। छतों से प्लास्टर हटने के बाद पीली ईंटे नजर आ रही हैं। प्रथम पॉकेट में 360 भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कर आवंटन किया जा चुका है, लेकिन द्वितीय पॉकेट में बन रहे 272 भवनों की गुणवत्ता में गंभीर खामियां पाई गईं। द्वितीय पॉकेट में 272 निमार्णाधीन भवनों में आरसीसी कॉलमों में क्रैक डेवलप होने के कारण भवनों में स्ट्रक्चर की स्ट्रेंथ का परीक्षण आईआईटी रुड़की से कराया गया। सहायक आवास आयुक्त डीके सिंह ने बताया कि आईआईटी रुड़की की रिपोर्ट के अनुसार, कई बिल्डिंग, ब्लॉक रहने लायक नहीं पाए गए और सामुदायिक केंद्र और कियोस्क अनुपयोगी घोषित किए गए। इस गंभीर अनियमितता के कारण निर्माण कार्य पर हुए खर्च को अनुपयोगी माना गया। रिपोर्ट के मुताबिक, इन अनियमितताओं के कारण 5,25,55,589.50 रुपये का वित्तीय नुकसान हुआ है, जिसके तहत उत्तरदायी पाए गए सेवारत अभियंताओं के विरुद्ध विभागीय जांच गठित की गई है और सेवानिवृत अधिकारियों को नोटिस जारी की गई है। इस मामले में जिम्मेदार सेवानिवृत्त कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है।

**इन अफसरों व इंजीनियरों से होगी वसूली :** तत्कालीन सहायक अभियंता जेपी गर्ग, डीके शर्मा, तत्कालीन अधिशासी अभियंता रोशन लाल आर्य से उक्त वित्तीय क्षति की वसूली सिविल लायबिलिटी के रूप में किए जाने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही तत्कालीन सहायक अभियंता संप्रति सेवानिवृत्त सत्येंद्र कुमार पचौरी की पेंशन से वसूल करने के आदेश दिए गए हैं। तत्कालीन सहायक अभियंता संप्रति अधिशासी अभियंता नेहा सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए वित्तीय क्षति की वसूली उनके वेतन से करने के आदेश निर्गत किए गए हैं।

**योजना के तहत पांच हजार आवास बनाए गए :** बीएसयूपी, केंद्र और प्रदेश सरकार की संयुक्त योजना थी। इसमें 50 प्रतिशत केंद्र सरकार, 40 फीसदी प्रदेश सरकार को और 10 फीसदी रकम लाभार्थी से वसूल की गई है। साल 2009 में बीएसयूपी योजना लांच की गई थी। इस योजना के तहत आगरा में करीब पांच हजार आवास बनाए गए, जिनमें 1360 भवन शास्त्रीपुरम में और 3640 नारायच में बनाए गए। 2012 में काम शुरू हुआ और 2019 में सभी मकान पूरे हो पाए। इनमें से कुछ ब्लॉक 2017 में पूरे हो गए पर आवंटित नही हुए।

# यूपी में कृषि के भविष्य को आकार देगा आईसीएफए और बीएल एग्रो का साथ

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** इंडियन चैंबर फॉर फूड एंड एग्रीकल्चर (आईसीएफए) ने मंगलवार को राजधानी में उत्तर प्रदेश राज्य कृषि परिषद (यूपीएसएसी) का पुनर्गठन किया। यह परिषद नीतिगत वकालत, कृषि व्यवसाय विकास, कारोबारी सुगमता और निवेश प्रोत्साहन के लिए राज्य के शीर्ष मंच के रूप में कार्य करेगी। इस अवसर पर, बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज के चेयरमैन घनश्याम खंडेलवाल को औपचारिक रूप से यूपीएसएसी का चेयरमैन नियुक्त किया गया। उनके साथ सीपीसीएआर के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह को-चेयरमैन और डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक (ईडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रोशन लाल तमक वाइस-चेयरमैन के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर निवेश और कृषि निर्यात पर एक गोलमेज सम्मेलन भी आयोजित किया गया, जिसका विषय था उत्तर प्रदेश में कृषि का भविष्य गढ़ना। इसमें सरकार, शिक्षा जगत और उद्योग जगत के वरिष्ठ नेता शामिल हुए, जिनमें नाबार्ड, कृषि और किसान कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव, इन्वेस्ट यूपी, मंडी परिषद के सीईओ, कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति और कृषि-व्यवसाय के प्रमुख अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश सिंह ने उत्तर प्रदेश की कृषि रीढ़ को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं और अगर किसानों और उद्योगों को एक स्पष्ट रोडमैप दिया जाए, तो वे निसंदेह राज्य को, खासकर निर्यात क्षेत्र में तेजी से विकास की ओर ले जाएंगे। आईसीएफए के मानद चेयरमैन डॉ. एम.जे. खान ने कहा, उत्तर प्रदेश उत्पादन तो बहुत करता है, लेकिन व्यापार बहुत कम करता है। अगर हमें अपने किसानों को सचमुच सशक्त बनाना है, तो इस असंतुलन को दूर करना होगा। घनश्याम खंडेलवाल ने कहा, हमारा रोडमैप मूल्य संवर्धन को प्राथमिकता देगा, जिससे कृषि निर्यात में उत्तर प्रदेश का योगदान दोगुना हो जाएगा। आईसीएफए के निदेशक तुषार शर्मा ने घोषणा की कि आईसीएफए की प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कृषि-प्रदर्शनी, एग्रोवर्ल्ड 2025 पहली बार लखनऊ में आयोजित की जाएगी।

## क्यूआर कोड युक्त जारी होंगे आदेश

**लखनऊ।** शहरों में अनियोजित तरीके से विकसित हो रही अवैध कालोनियों की निगरानी व निर्माणों पर अंकुश लगाने के लिए प्रवर्तन पोर्टल को नई तकनीकी से जोड़ा जाएगा। इससे न केवल योजनाओं का काम व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ेगा बल्कि आम जनता को भी सीधे तौर पर पारदर्शी और सरल सेवाएं मिलेंगी। आवास बन्धु के निदेशक रवि जैन ने इसके लिए एलडीए उपाध्यक्ष को पत्र लिखकर पोर्टल में नई चीजों को जोड़ने को कहा है। प्रवर्तन पोर्टल के अपटेड होने पर आयुक्त लॉगिन की सुविधा होगी। इसके साथ अपील प्रबंधन प्रकोष्ठ की सुविधा होगी। इसमें कमिश्नर सीधे लॉगिन कर अपीलों का प्रबंधन कर सकेंगे। इससे अपीलों का निस्तारण तेज होगा। जनसामान्य के लिए अपील की स्थिति देखने का इंटरफेस होगा। इससे जनता अपने प्रकरण या अपील की स्थिति घर बैठे ऑनलाइन देख सकेगी।

## ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में लंबी दूरी के ट्रेनिंग को टालना खतरे में डाल देगाः केंद्र

**लखनऊ, विधि संवाददाता।** अर्जुनगंज फायरिंग रेंज में तमाम जमीनों पर बाहरियों की ओर से अवैध कब्जा किए जाने के मामले में केंद्र सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में लंबी दूरी के हथियारों की ट्रेनिंग को टालना सेना की तैयारी को खतरे में डाल देगा। वहीं राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि अधिकारियों की एक टीम बनाकर इलाके का सर्वे करने के आदेश दे दिए गए हैं ताकि फायरिंग रेंज संबंधी अधिसूचना का कार्यकाल बढ़ाए जाने पर निर्णय लिया जा सके। इस पर न्यायालय ने मामले की अगली सुनवायी बुधवार को ही करने का आदेश दिया है, साथ ही एलडीए से पूछा है कि मामले में उसने क्या कार्रवाई की है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्लाकी खंडपीठ ने ब्रिगेडियर तिरबनी प्रसाद की ओर से वर्ष 2011 में दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया है।

# ननि के अफसरों ने रात में परखी साफ-सफाई की व्यवस्था

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आगामी त्योहारों को लेकर नगर निगम ने शहरभर में मंगलवार से रात्रिकालीन सफाई अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत मार्ग प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, क्षतिग्रस्त मैनहोलों की मरम्मत, लीकेज रोकथाम और संचारी रोगों व अन्य विक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम पर विशेष ध्यान दिया गया। मंगलवार देर रात नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर विभिन्न जोनों में निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस

दौरान जोन 1 के विक्रमादित्य-महात्मा गांधी वार्ड, जोन 2 के अंबेडकर नगर वार्ड, जोन 3 के फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड, जोन 4 के खरगापुर सरसवा वार्ड, जोन 5 के सरोजिनी नगर प्रथम वार्ड, जोन 6 के मा० लाल जी टंडन वार्ड एवं न्यू हैदरगंज प्रथम वार्ड, जोन 7 के शहीद भगत सिंह द्वितीय वार्ड तथा जोन 8 के श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सड़क किनारे, प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में रात्रिकालीन सफाई नियमित और प्रभावी ढंग से की जाए। साथ ही, खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तत्काल ठीक करने और जहां प्रकाश की कमी है, वहां नई लाइटें लगाने के निर्देश दिए गए। पेयजल आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए लीकेज पाइपलाइनों की पहचान कर तुरंत मरम्मत करने के आदेश दिए गए। वहीं, क्षतिग्रस्त मैनहोल कवरों को बदलने तथा खुले मैनहोल पर सुरक्षा कवर लगाने पर भी विशेष जोर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीमों को त्योहारों के दौरान डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे संचारी रोगों की रोकथाम के लिए वार्डवार फॉगिंग और एंटी-लार्वा दवाओं का छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में नगर निगम के समस्त अपर नगर आयुक्त, मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी, चीफ इंजीनियर (सिविल एवं आरआर), मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त सहायक नगर आयुक्त, समस्त जोनल अधिकारी, समस्त जोनल सेनेटरी अधिकारी, समस्त नगर अभियंता, उद्यान अधीक्षक, समस्त सफाई इंस्पेक्टर, समस्त अवर अभियंता, समस्त सहायक अभियंता, जलकल के अभियंत्रण विभाग के अभियंता सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## लखनऊ नगर निगम

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ-226001 (उ0प्र0)
ई-टेण्डर पोर्टल – https://etender.up.nic.in

निम्नलिखित भवनों के नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा–213(बी–2)के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

**जोन–8**

| क्र0 सं0 | भवन संख्या | दर्ज भवन स्वामी का नाम | जिसके नाम होना है | आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एल/073/ई एलडीए कालोनी सेक्टर ई वार्ड विद्यावती प्रथम | स्नेहलता गुप्ता | उमा गुप्ता पत्नी स्व० ओमप्रकाश गुप्ता | रजिस्ट्री व पारिवारिक |
| 2. | सी/043 एलडीए कालोनी कानपुर रोड सेक्टर – एफ वार्ड विद्यावती प्रथम | विरेन्दर कौर व त्रिलोचन सिंह | नेहा अरोरा पुत्री स्व० विजय जलोटा | रजिस्ट्री |
| 3 | एन–1/090ए सेक्टर–एन–1 वार्ड विद्यावती प्रथम | हरीश चन्द्र C/O प्रवीन कुमार | प्रवीन कुमार पुत्र हरीश चन्द्र | दान–विलेख |
| 4 | एन–251 आशियाना सेक्टर–एन वार्ड विद्यावती प्रथम | आभा जम्बेकर, डी०बी० जम्बेकर | देवाशीष बन्दोपाध्याय पुत्र श्री समरेन्द्र कुमार बन्दोपाध्याय | रजिस्ट्री |
| 5 | एम–1/ई–524 सेक्टर एम–1 आशियाना वार्ड विद्यावती प्रथम | नबी रसूल | श्रीमती तुलसी देवी पत्नी श्री भुबन चन्द्र | रजिस्ट्री |
| 6 | एम–156 आशियाना सेक्टर एम वार्ड विद्यावती प्रथम | के०एस० श्रीवास्तव | श्रीमती रेनुका यादव पत्नी श्री मानवेन्द्र | रजिस्ट्री |
| 7 | एम–1/ई–271 सेक्टर एम–1 आशियाना वार्ड विद्यावती प्रथम | राजीव कुमार व आशा सोनी | श्रीमती सुनैना देवी पत्नी श्री शशि कांत | रजिस्ट्री |
| 8 | एम–ई–405 आशियाना सेक्टर एम वार्ड विद्यावती प्रथम | श्रीमती किरन श्रीवास्तव | श्री रमा शंकर त्रिपाठी पुत्र श्री राम मूर्ति | रजिस्ट्रियॉ |
| 9 | एम–594 आशियाना सेक्टर एम वार्ड विद्यावती प्रथम | राम रतन व शिखा श्रीवास्तव | श्री उत्कर्ष शर्मा व श्रुति शर्मा | दान विलेख व पारिवारिक |
| 10 | एम–1035 आशियाना सेक्टर एम वार्ड विद्यावती प्रथम | शशि कला गुप्ता पत्नी स्व० एम०एल० जायसवाल | श्री अंकित जायसवाल व श्रीमती प्रीती जायसवाल | दान विलेख |
| 11 | एम–164 आशियाना (सेक्टर एम) वार्ड विद्यावती प्रथम | रजनीश शर्मा | श्री सुरेश कुमार व श्रीमती शशि प्रभा | लेख पत्र |
| 12 | एम–316 (ए) आशियाना सेक्टर–एम वार्ड विद्यावती प्रथम | रतन कुमार नाथ | श्रीमती आशा नाथ पत्नी स्व० रतन कुमार नाथ | पारिवारिक |
| 13 | ई–145 एलडीए कालोनी सेक्टर ई वार्ड विद्यावती प्रथम | रवि यादव पुत्र स्व० राम विलास | श्रीमती रविन्द्र पाठक पत्नी श्री संजय पाठक | लेख पत्र |
| 14 | एम–706 ए आशियाना सेक्टर एम वार्ड विद्यावती प्रथम | मुन्नी देवी अग्रवाल | श्री विनीता राजीव पत्नी श्री राजीव कुमार सिंह | दान विलेख |
| 15 | DFA-601(ANSAL-ORCHID) आशियाना सेक्टर एम वार्ड विद्यावती प्रथम | हरकरन सिंह बेदी व गुरमीत सिंह बेदी | सुमिति वर्मा पत्नी अभिनव गौरव श्रीवास्तव | रजिस्ट्री |
| 16 | डी–1/032/ई एलडीए कालोनी सेक्टर ई वार्ड विद्यावती प्रथम | भूपेन्द्र सिंह | श्री अनमोलक सिंह पुत्र भूपिंदर सिंह | रजिस्ट्री |
| 17 | डी–1/031/ई एलडीए कालोनी सेक्टर ई वार्ड विद्यावती प्रथम | रविन्दर कुमार शर्मा | श्री अनमोलक सिंह, श्रीमती जसप्रीत कौर | रजिस्ट्री |
| 18 | एम–814 आशियाना सेक्टर एम वार्ड विद्यावती प्रथम | ए एन सक्सेना | श्रीमती नीलम सक्सेना पत्नी श्री अनन्त नारायण सक्सेना | पंजीकृत वसीयत |
| 19 | DFA-/105 आशियाना सेक्टर एम वार्ड विद्यावती प्रथम | गणेश यादव, संजू यादव | श्री अखिलेश कुमार मिश्रा, श्रीमती प्रतिभा मिश्रा | रजिस्ट्री |
| 20 | डी–1/009/ई कालोनी एलडीए सेक्टर ई वार्ड विद्यावती प्रथम | विरेन्द्र कुमार | श्री सौरभ कुमार पुत्र श्री अखिलेश कुमार शर्मा | लेख पत्र |
| 21 | एसएस/027/ई एलडीए कालोनी सेक्टर ई वार्ड विद्यावती प्रथम | बीना देवी | श्री विवेक कुमार पुत्र श्री भोलानाथ | रजिस्ट्री |
| 22 | 584/423–4 किला मोहम्मदी वार्ड विद्यावती प्रथम | श्रीमती प्रज्ञा शुक्ला | श्री पवन कुमार शाक्य पुत्र मनोहर लाल | रजिस्ट्री |
| 23 | एन–605 आशियाना सेक्टर एन वार्ड विद्यावती प्रथम | के०आर० हंस व सुदर्शन हंस | श्री अमित कुमार तोमर व श्री राहुल चौधरी | रजिस्ट्री |
| 24 | एल/193/ई एलडीए कालोनी सेक्टर ई वार्ड विद्यावती प्रथम | अमित कुमार पाल | अरविन्द कुमार कुलवन्त पुत्र श्री सिट्टूराम | रजिस्ट्री |

जोनल अधिकारी जोन–8

# मेयर काउंसिल की बैठक में महापौरों ने साझा किए अनुभव



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** करनाल (हरियाणा) में आयोजित अखिल भारतीय महापौर परिषद की 53वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक में देशभर से आए महापौरों ने भाग लिया। इस अवसर पर लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने भी सम्मिलित होकर नगर का प्रतिनिधित्व किया। बैठक में शहरी विकास, कचरा प्रबंधन, स्वच्छता अभियान और नगर निकायों की चुनौतियों जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। महापौर ने लखनऊ नगर निगम की ओर से चलाए जा रहे नवीन परियोजनाओं और स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए प्रयासों को साझा किया। उन्होंने कहा कि ऐसे राष्ट्रीय मंच पर अनुभव साझा करने से देशभर के नगरों के लिए नई दिशा और प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में करनाल की महापौर रेनू बाला गुप्ता की ओर से सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों से आए महापौरों ने भी अपने-अपने नगरों की उपलब्धियां और सुझाव प्रस्तुत किए।

# तीन विश्वविद्यालयों में 948 नये पदों को मंजूरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक और बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश के तीन नवगठित विश्वविद्यालयों–गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय (मुरादाबाद), मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय (मिजार्पुर) और मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय (बलरामपुर) में कुल 948 नए पदों के सृजन को मंजूरी दी गई है। इसमें 468 अस्थायी शिक्षणेतर पद और 480 आउटसोर्सिंग पद शामिल हैं। सरकार का मानना है कि इन पदों के सृजन से विश्वविद्यालयों की प्रशासनिक और कार्यात्मक व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी। साथ ही शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्धि होगी और प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यह निर्णय विश्वविद्यालयों को मजबूत बनाने के साथ-साथ प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बार-बार स्पष्ट किया है कि प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापरक शिक्षा और रोजगार दोनों उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। विश्वविद्यालयों में नए पदों का सृजन इसी दिशा में एक ठोस कदम है, जो उच्च शिक्षा को सशक्त और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा। प्रत्येक विश्वविद्यालय में 156 अस्थायी शिक्षणेतर पद सृजित किए गए हैं, जो 28 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेंगे और आवश्यकतानुसार समाप्त भी किए जा सकते हैं। इन पदों में फार्मासिस्ट, इलेक्ट्रिशियन, अवर अभियंता, आशुलिपिक, सहायक लेखाकार, कनिष्ठ सहायक, लैब टेक्नीशियन, लैब असिस्टेंट, उप कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, वैयक्तिक सहायक, लेखाकार, प्रधान सहायक, चिकित्साधिकारी और स्टाफ नर्स जैसे पद शामिल हैं। इन पदों की भर्ती अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, सीधी भर्ती, पदोन्नति और प्रतिनियुक्ति की प्रक्रिया से की जाएगी। इसके अलावा, प्रत्येक विश्वविद्यालय में 160 पद वाह्य सेवा प्रदाता (आउटसोर्सिंग) के माध्यम से पूरे किए जाएंगे, जिससे कुल 480 पद बनते हैं। इनमें कम्प्यूटर ऑपरेटर, स्वच्छकार, चौकीदार, माली, चपरासी, वाहन चालक और पुस्तकालय परिचर जैसे पद शामिल हैं। आउटसोर्सिंग की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पूरी की जाएगी। साथ ही, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, श्रम विभाग और कार्मिक विभाग द्वारा जारी शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। सभी नियुक्तियों में आरक्षण से जुड़े नियमों और प्रक्रियाओं का पालन अनिवार्य होगा।

# चरक चौराहे की बदलेगी सूरत, जाम से मिलेगी राहत

## शिफ्ट होगी रोटरी, वाहनों की आवाजाही हो सकेगी आसान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ का चरक चौराहा लंबे समय से ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। यह चौराहा शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक है, जहां किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी और चौक क्षेत्र से आने वाला भारी ट्रैफिक आकर मिलता है। केजीएमयू उत्तर भारत का प्रमुख चिकित्सा संस्थान है, जहाँ प्रतिदिन हजारों की संख्या में मरीज, तीमारदार और आम नागरिक आते हैं। वहीं चौक पुराने लखनऊ का हृदय स्थल है, जो सराफा बाजार, कपड़ों की दुकानों और खाने-पीने के होटलों के लिए विख्यात है। यहां दिनभर खरीददारों और पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है। ऐसे में दोनों ओर से आने वाला यातायात चरक चौराहे पर मिलकर रोजाना जाम की स्थिति उत्पन्न करता है।

इसी समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में नगर निगम ने कदम बढ़ाते हुए चरक चौराहे की रूपरेखा बदलने की योजना बनाई है। मंगलवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार ने अधिकारियों के साथ चरक चौराहे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि मौजूदा रोटरी की स्थिति ट्रैफिक जाम की मुख्य वजहों में से एक है। रोटरी (गोल चक्कर) के कारण वाहनों की गति रुक-रुककर बढ़ती है और कई बार सड़क पर दबाव इतना बढ़ जाता है कि पूरा चौराहा ठप हो जाता है। इसे देखते हुए उन्होंने रोटरी को शिफ्ट करने के निर्देश दिए, ताकि वाहनों की आवाजाही सुचारू हो सके और जाम से राहत मिले। चौराहे की नई डिजाइन को लेकर नगर आयुक्त ने अधीक्षण अभियंता को जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि रोटरी की डिजाइन को आधुनिक जरूरतों के अनुसार तैयार किया जाए और हर पहलू की जांच करके ही उसे अंतिम रूप दिया जाए। इसके साथ ही, चौराहे पर मौजूद नाले को लेकर भी उन्होंने चिंता जताई। उन्होंने ब्रिज कॉरपोरेशन को निर्देश दिया कि नाले को कवर करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि सड़क पर गंदगी न फैले और यातायात व्यवस्था में कोई बाधा न आए। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता जेपी मिश्रा, नगर निगम के मुख्य अभियंता महेश वर्मा, एसीपी ट्रैफिक राधा रमण सिंह, नगर निगम के अधिशासी अभियंता (ट्रैफिक) नजमी मुजफ्फर और ब्रिज कॉरपोरेशन के अभियंता भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने मिलकर चौराहे की मौजूदा स्थिति का गहन आकलन किया और यातायात की समस्या को दूर करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया।

**पैदल यात्रियों लिए बनेगा पाथ वे :** नगर आयुक्त ने पैदल यात्रियों की सुविधा पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि चौराहे पर सुरक्षित पाथवे का निर्माण कराया जाए, जिससे आमजन को सड़क पार करने में परेशानी न हो। रोजाना यहां बड़ी संख्या में लोग पैदल चलते हैं, जिनमें केजीएमयू आने वाले मरीज और तीमारदार भी शामिल हैं। ऐसे में पाथवे का निर्माण लोगों की सुविधा और सुरक्षा दोनों के लिए आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने चौराहे पर जमा मलबे को देखकर संबंधित अधिशासी अभियंता को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नई रूपरेखा के बाद वाहनों की आवाजाही सुचारू होगी, पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित रास्ते उपलब्ध होंगे और केजीएमयू व चौक क्षेत्र से आने-जाने वाले हजारों लोगों को राहत मिलेगी।

## 17 सितंबर से भाजपा मनायेगी सेवा पखवाड़ा

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी। पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद गोविंद नारायण शुक्ला ने बताया कि सेवा पखवाड़ा की तैयारी को लेकर बुधवार 3 सितंबर को दोपहर 12.00 बजे से राजधानी लखनऊ में स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिनिधियों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित अभियान के राष्ट्रीय सह संयोजक युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या मार्गदर्शन करेंगे। कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी व अन्य प्रमुख नेतागण सम्मिलित होंगे।


पूजा पंडाल में नृत्य नाटिका प्रस्तुत करते कलाकार


गोमती में मूर्ति का विसर्जन करते श्रद्धालु


विसर्जन यात्रा में नृत्य करती महिलाएं

फोटो-अमित वर्मा

# भगवान गणेश के सहस्त्र नामों के साथ हुआ सिंदूराभिषेक, गूंजे जयकारे

## गणेश उत्सव के सातवें दिन बप्पा के सिंदूराभिषेक संग पूजा पंडाल में भजन संध्या व नृत्य नाटिका का हुआ मंचन





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। सभी विघ्नहर्ता की आराधना में लीन है। घरों से लेकर पंडालों तक में भक्त अपने आराध्य के पूजन-अर्चन में मगन हैं। गणेश पूजा पंडालों में आज सुबह सिंगार आरती महामृत्युंजय का जाप, सिंदुराभिषेक, सहस्त्रनाम पाठ, शाम को महाआरती के बाद सुंदरकांड का पाठ किया गया। लोग परिवार समेत पंडालों में गजानन के दर्शनों के लिए देर शाम तक आ रहे हैं। वहीं मंगलवार को भी कई जगहों पर गणपति प्रतिमा का विसर्जन भी किया गया। राजधानी में गणपति पंडालों में रौनक देखते ही बन रही है।

### गणपति का वंदन करूं...

श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से झूलेलाल वाटिका निकट हनुमान सेतु के पास चल रहे गणेशोत्सव के सातवें दिन मंगलवार को ग्वालियर के प्रसिद्ध भजन गायक मनोज शर्मा के भजन सुनने के लिए लोगों का सैलाब उमड़ पडा। श्री शर्मा ने बप्पा के दरबार में भजनों की सुंदर-सुंदर प्रस्तुति दी तो पंडाल मे मनौतियों के राजा के जयकारों से गूंज उठा। मनोज शर्मा ने राधा रानी पर एक भजन राधिका दुलारी में हु अंधा भिखारी... सुनाया तो राधा रानी के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। उसके बाद चढ़ता सूरज धीरे धीरे ढलता जाएगा... सुनाया फिर

गणपति का वंदन करूं..., सुनाया। अगले क्रम में कोलकाता के संजय शर्मा के निर्देशन मे कृष्ण की लीला पर नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। इसके बाद एक और देश भक्ति पर नृत्य नाटिका भारत माता के सपूत का मंचन किया गया। जिसे लोगों ने खूब सराहा। इस मौके पर प्रमुख लोगों मे भारत भूषण गुप्ता, घनश्यामदास अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, शरद अग्रवाल, योगेश बंसल, अखिलेश बंसल, पार्षद रंजीत सिंह, संजय अग्रवाल, देशराज अग्रवाल, संजय सिंह गांधी, अतुल बंसल, रामशंकर वर्मा, गोपाल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, जयकरन, सुधांशु बाथम, नरेश अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, अतुल (सोनू), रोहित महानगर, महिलाओं में संध्या बंसल, अंजू गुप्ता, उषा अग्रवाल, कविता अग्रवाल, रुक्मणी अग्रवाल, अंशु बंसल, वीमी बंसल, नेहा बंसल, नीरजा सिंह, अनुराधा गोयल आदि लोग मौजूद रहे।

**गणपति बप्पा का हुआ सिंदुराभिषेक व श्रृंगार:** ऑस्कर योग साई कृपा सेवा संस्थान के तत्वाधान में चल रहा शिवाजी मार्ग हीवेट रोड पर श्री श्री गणेशोत्सव में मंगलवार को सुबह उत्सव में शिवाजी मार्ग के राजा गणपति बप्पा का भव्य श्रंगार व सिंदूराभिषेक पंकज तिवारी (जिला मंत्री, विश्व हिन्दू परिषद) व सतीश, विनीता, गणेश शंकर पवार, आशीष अवस्थी ने किया। उसके बाद भक्तगणों की उपस्थिति में आरती सतीश, विनीता, स्वास्तिक, मनोज मिश्रा, तरनजीत सिंह डंक श्रद्धा पूर्वक की। उत्सव में आयोजक पदाधिकारी सुमन पवार ने बताया इसके बाद सहस्त्रनाम का पाठ किया गया। कार्यक्रम आयोजक गणेश शंकर पवार ने बताया उत्सव में शाम को सिद्धिविनायक मुंबई की भव्य आरती के वक्त भक्तों की संख्या शिवाजी मार्ग के राजा दर्शन करने के लिए बढ़ती जा रही है। उत्सव में सिध्दीविनायक आरती में भक्तों की भीड़ बढ़ रही है।

**बप्पा को भक्त लिख रहे चिट्ठी, पूरी होगी मनोकामना:** गणेश चतुर्थी पर्व की शुरूआत हो गई है। विघ्नहर्ता गणेश देवा की स्थापना सभी घरों में हो चुकी है। अपने बप्पा को लोग अपने-अपने घर लेकर आ चुके हैं। इसी बीच उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में झूलेलाल वाटिका का गणेश उत्सव लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। वजह यह है कि यहां पर एक बॉक्स लगाया गया है। इस बक्से के पास पत्र रखे हुए हैं, जिसमें 108 बार गणपति का मंत्र लिखने के बाद उसके नीचे भक्त अपनी मनोकामना लिखकर उसे बॉक्स में डाल सकते हैं। यह पत्र पूरी तरह से फ्री है। भक्तों की मनोकामना के इस पत्र को अंतिम दिन गणेश भगवान के साथ ही विसर्जित कर दिया जाता है। चिट्ठी, पेन और बॉक्स सब कुछ कमेटी की ओर से पंडाल में रखा गया है।

### गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ...



**लखनऊ।** पल्टन छावनी सेक्टर -ए सीतापुर रोड योजना कालोनी में चल रहे सात दिवसीय पंचम श्रीगणेश उत्सव का मंगलवार को समापन हो गया।

सातवें दिन पं. ज्ञानदेव बाजपेई ने वैदिक मंत्रोच्चार संग पूजन, हवन व आरती कराई। कन्या पूजन व प्रसाद वितरण के पश्चात शोभायात्रा निकाली गई। गुलाल से सराबोर विघ्नहर्ता की भक्ति में डूबे भक्त झूमते हुए नजर आए। इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा, मड़ियांव, भिठौली, बीकेटी सहित विभिन्न क्षेत्रों से होती हुई शोभायात्रा मां चंद्रिका देवी मंदिर पहुंची। जहां भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना... के जयकारों संग गोमती नदी में मूर्ति विसर्जित की। इस मौके पर संगीता, श्रिया, कोमल, शालू पाल, संध्या, पूजा, अजय कुशवाहा, राजकुमार, मनीष, प्रांशु, कुलदीप, विजय, किरण पाल, आरती, तनिष्का सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद थे।



## गाजे-बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा, हुआ विसर्जन





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गणेश उत्सव में मंगलवार को भी भक्तों ने घरों में विराजे गणपति की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इस दौरान गणपति को हाथों में लिए अबीर-गुलाल उड़ाते और ढोल-ताशों पर नाचते हुए श्री गणेश को विदा करने आए। झूलेलाल वाटिका स्थित बने गणेश विसर्जन स्थल पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान भक्तों की आंखें भी नम हो गईं। विसर्जन के लिए निगम द्वारा यहां पर विशेष तौर पर गड्ढा बनाया गया था। इस दौरान सुरक्षा के पूरे इंतजाम थे।

पल्टन छावनी सेक्टर ए सीतापुर रोड योजना कालोनी में चल रहे सात दिवसीय चतुर्थ श्रीगणेश उत्सव का मंगलवार को समापन हो गया। सातवें दिन पं. शाश्वत पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार संग पूजन, हवन व आरती कराई। कन्या पूजन व प्रसाद वितरण के पश्चात शोभायात्रा निकाली गई। गुलाल से सराबोर विघ्नहर्ता की भक्ति में डूबे भक्त झूमते हुए नजर आए।

इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा, मड़ियांव, भिठौली, बीकेटी सहित विभिन्न क्षेत्रों से होती हुई शोभायात्रा मां चंद्रिका देवी मंदिर पहुंची। जहां भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना... के जयकारों संग गोमती नदी में मूर्ति विसर्जित की। कुड़ियाघाट पर गणिपति बप्पा मोरिया की गूंज के साथ प्रतिमा को विसर्जित किया गया। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में राजा अवस्थी, आलोक निगम, गोपाल निगम, संध्या मिश्रा, नीलिम निगम, चुनचुन, बिटोला, मनोज वर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल थे। गणेश उत्सव के दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ों से लेकर बच्चो ने उत्साह से शामिल हुए।

**गोमती किनारे गणपति विसर्जन में उमड़ी श्रद्धा :** गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना... के उद्घोष से मंगलवार को गोमती के घाट गूंज उठे। नदी किनारे उमड़े श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इस दौरान कई भक्त विशेषकर बच्चे काफी भावुक हो गए। झूलेलालघाट, कुड़ियाघाट और खाटू श्याम मंदिर घाट पर सुबह से ही विसर्जन शुरू हो गया जो शाम तक जारी रहा। गणेश चतुर्थी पर घरों में गणपति की मूर्तियों की स्थापना कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन शुरू हुआ था। इसी के साथ भव्य पंडालों में भी गणपति की मूर्तियां स्थापित की गई थीं। कहीं पांच तो कहीं सात व दस दिवसीय आयोजनों की शुरूआत हुई थी। घरों में गणपति की मूर्तियों की स्थापना करने वाले श्रद्धालुओं में से बड़ी संख्या में लोग मंगलवार को गोमती घाटों पर विसर्जन के लिए पहुंचे। बहुत से श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं तो कुछ बच्चे बप्पा की मूर्तियों को पकड़कर बैठ गए और जिद करने लगे कि इन्हें विसर्जित न करो और घर ले चलो। बड़ों के समझाने पर कि गणपति अगले साल फिर से आएंगे, तब बच्चे माने। झूलेलालघाट और कुड़ियाघाट पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। विसर्जन का सिलसिला शाम तक चला।

**नाविकों की रही चांदी:** दूरदराज से कार, बाइक, ट्रक, वाहनों में लेकर घाटों तक लाए गए गणपति बप्पा को घाटों पर विसर्जन कराने के लिए अलग-अलग घाटों पर गणपति के आकार के हिसाब से दो सौ से दो हजार रुपये तक नाविकों ने डिमांड रखी। खाटूश्याम घाट पर पिछली बार की अपेक्षा बहुत कम विसर्जन हुए। रेलिंग लगने और गोमती का पानी नीचे होने के चलते कम ही लोग पहुंचे। नाविक धन्नी के मुताबिक, सुबह से शाम तक 100 के आसपास छोटे गणपति ही जुटे। सबसे ज्यादा विसर्जन झूलेलाल घाट पर हुए। नाविकों के मुताबिक, खाटूश्याम घाट, शनि मंदिर घाट, झूलेलाल घाट, शहद स्मारक घाट, अग्रसेन और कुड़ियाघाट से दोपहर से शाम तक छोटे बड़े लगभग दो हजारा बप्पा की मूर्तियां विसर्जित की गईं।

**लखनऊ के सबसे ऊंचे और महंगे पंडालों में से एक है पत्रकारपुरम के राजा का दरबार:** राजधानी लखनऊ में पत्रकारपुरम चौराहे के पास श्री गणेश महोत्सव का पंडाल सजाया गया है। पत्रकापुरम समिति की ओर से करीब 55 फीट ऊंचा पंडाल बनवाया गया है। दक्षिण भारत के किला की थीम पर बनाए गए इस पंडाल और मूर्ति की लागत करीब 40 लाख रुपये है। समिति के सदस्यों द्वारा हर साल कोलकाता के कारीगरों द्वारा इस पंडाल और मूर्ति का निर्माण कराया जाता है। इस बार 15वां महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है।



# परिवर्तिनी एकादशी आज, भक्त करेंगे श्रीहरि की आराधना



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सितंबर में आने वाली पहली एकादशी परिवर्तिनी एकादशी होगी। हर महीने में दो एकादशी आती है एक शुक्ल पक्ष और दूसरी कृष्ण पक्ष की एकादशी। मान्यता है कि एकादशी व्रत करने से व्यक्ति के समस्त पापों से मुक्ति मिलती है। साथ ही भगवान विष्णु की कृपा भी व्यक्ति पर बनी रहती है। भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को परिवर्तिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, एकादशी तिथि का आरंभ 3 सितंबर को सुबह 3 बजकर 53 मिनट से शुरू होगी और अगले दिन 4 सितंबर को सुबह 4 बजकर 21 मिनट तक एकादशी तिथि रहेगी। ऐसे में एकादशी तिथि का व्रत 3 सितंबर को किया जाएगा। वहीं, व्रत का पारण 4 सितंबर को किया जाएगा।

**परिवर्तिनी एकादशी का महत्व:** पौराणिक कथाओं के अनुसार, परिवर्तिनी एकादशी को पद्म एकादशी और जलझूलनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि चातुर्मास के दौरान योग निद्रा में वास कर रहे भगवान विष्णु करवट लेते हैं। यही वजह है कि इस दिन को परिवर्तिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है।

**परिवर्तिनी एकादशीकी पूजा विधि:** परिवर्तिनी एकादशी के दिन सुबह जल्दी उठे और स्नान के बाद पीले रंग के वस्त्र धारण करके व्रत का संकल्प लें। इसके बाद भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी को प्रणाम करें और पूजे के लिए मंदिर की अच्छे से साफ सफाई के बाद सबसे पहले भगवान विष्णु को पंचामृत से स्नान कराएं। फिर भगवान विष्णु को पीले फूल, अक्षत, सुपारी, तुलसी के पत्ते आदि अर्पित करें। साथ ही इस दौरान भगवान विष्णु के मंत्रों का लगातार जप करते रहें। इसके बाद व्रत कथा का पाठ करें और अंत में भगवान विष्णु की आरती करें। बता दें कि एकादशी व्रत का पारण अगले दिन द्वादशी तिथि में किया जाता है।

# विजन 2047 को समर्पित होगा राष्ट्रीय पुस्तक मेला

## बलरामपुर गार्डन में चार की शाम उद्घाटन करेंगी राज्यपाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बलरामपुर गार्डन, अशोक मार्ग में 11 दिवसीय 22वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला चार सितंबर से प्रारम्भ होगा। विजन 2047 विकसित भारत, विकसित प्रदेश थीम को समर्पित इस पुस्तक मेले के चार सितंबर को शाम पांच बजे उद्घाटन के लिये राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सहमति दी है। पुस्तक मेले के निदेशक आकर्ष चंदेल ने प्रेस वार्ता में बताया कि विजन 2047 की थीम युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक आह्वान है। लगभग 75 हजार वर्ग फीट में फैले पुस्तक मेले का यह भव्य आयोजन 50 से अधिक प्रतिष्ठित प्रकाशकों के 120 से अधिक स्टॉलों के साथ एक विशाल विक्रय प्रदर्शनी के रूप में आकार लेगा। मेले में हजारों पुस्तकों की विविध श्रृंखला में हिंदी, अंग्रेजी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में साहित्य, शैक्षणिक पुस्तकें, बाल साहित्य और दुर्लभ पुस्तकों का संग्रह उपलब्ध रहेगा।




निशुल्क प्रवेश के साथ, यह मेला हर वर्ष पुस्तक प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र होता है, जो साहित्य की दुनिया में खो जाने के लिए हर साल लौटते हैं। यह पुस्तक मेला सभी आयु वर्ग के लिए साहित्यिक और सांस्कृतिक आयोजनों का केंद्र होगा। मेला संयोजक मनोज सिंह चंदेल ने कहा, यह केवल पुस्तक मेला नहीं, यह ज्ञान और संस्कृति का उत्सव है। हम हर प्रकार के पाठकों की रुचियों को ध्यान में रखते हुए विविध प्रकाशनों को एकत्र कर रहे हैं। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि इस समृद्ध अनुभव का हिस्सा बनें। मेले के लेखक सत्र और पैनल चर्चा में प्रख्यात और नवोदित लेखकों के साथ विचार-विमर्श होगा। साहित्यिक कार्यक्रमों में पारंपरिक कवि सम्मेलन, मुशायरा और पुस्तकों के विमोचन के साथ बच्चों का कोना बाल पाठकों के लिये कहानी सत्र और प्रतियोगिताएँ होंगी। रोज सुबह 11 बजे से रात नौ बजे तक जारी इस मेले में खरीदी गई हर पुस्तक पर कम से कम 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। एक विशेष कोना युवाओं के लिए भी होगा। इस अवसर पर उपस्थित टीपी हवेलिया ने पिछले मेलों की उपलब्धियां गिनायीं। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला एक वार्षिक आयोजन है, जिसका उद्देश्य पठन संस्कृति को बढ़ावा देना और प्रकाशकों व लेखकों को अपने कार्यों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। वर्षों से यह उत्तर भारत के सबसे प्रतीक्षित साहित्यिक आयोजनों में से एक है। पुस्तक मेले के सहयोगी संस्थान यूपी मेट्रो, रेडियोसिटी, ओरिजिंस, किरण फाउंडेशन, ज्वाइन हैंड्स फाउंडेशन, लोकआंगन और विश्वम फाउंडेशन्स हैं।

# जैन मन्दिर में हुई उत्तम संयम धर्म की पूजा





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इंदिरा नगर जैन मंदिर में चल रहे दशलक्षण महापर्व के छठवें दिन उत्तम संयम धर्म की पूजा भक्तों ने की। मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि इस दिन व्यक्ति अपने मन, वचन और शरीर पर संयम रखने के महत्व को समझते हैं। उन्होंने बताया कि भगवान के अभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। सत्यवादी की ही सर्वत्र प्रतिष्ठा होती है , वही सुखी है। नम्रता और प्रिय संभाषण ही मनुष्य के आभूषण माने गये हैं। प्रातः काल सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान के अभिषेक एवं शांतिधार द्वारा किया गया। जैन समाज के अध्यक्ष पवन कुमार जैन ने बताया कि सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम के सुंदर आयोजन हुये। जिसमे सकड़ों लोगों ने भक्ति नृत्य करते हुए कार्यक्रम मे शामिल हुए। जैन समाज के महा मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि मंगलवार को सुगंध दशमी पर्व के मौके पर जैन धर्म के 10वें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ का विशेष पूजन किया गया। सुगंध दशमी पर्व कथा का वाचन भी रूबी दीदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से अभय, पवन, रोहित, शशि, सुदीप, रीना सहित अनेकों भक्त उपस्थित हुए।

**धूमधाम से मनाया गया धूप दशमी दिवस :** आज लखनऊ के सभी जैन मंदिरों में प्रात श्री जैन श्रद्धालुओं ने पीले वस्त्र पहनकर तीर्थंकर शीतलनाथ भगवान का अभिषेक किया एवं विश्व शांति मंत्र उच्चारण के साथ शांति धारा सभी ने किया। शांति धारा के उपरांत जैन महिलाओं ने भक्ति भाव से आरती एवं भक्ति नृत्य भी किया। विशेष रूप से आज भगवान शीतल नाथ कि धूप दशमी के दिन पूजा अर्चना हुई एवं सभी ने अष्ट कर्मों के नाश की भावना के साथ ओम श्री शीतल नाथ जिनेंद्रायें अष्ट कर्म धूपम निर्वामपति स्वाहा। इस मंत्र के साथ धूप को अग्नि में डालकर सभी की शांति की कामना की। इस अवसर पर चौक, याहियागंज, सहादतगंज, चारबाग, ऐशबाग, अमीनाबाद, गोमती नगर, आशियाना, गुडंबा, डालीगंज, में स्थित जैन मंदिरों में भक्ति भाव से पूजा अर्चना हुई। इसी क्रम में शाम को सभी मंदिरों में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं भी महिला मंडल द्वारा संपन्न कराई गईं।



# गोमती नगर से चलेंगी महबूबनगर व एलटीटी के लिए पूजा विशेष ट्रेनें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी दशहरा, दीवाली एवं छठ त्यौहारों पर यात्रियों की माँग को ध्यान में रखते हुये 05325/05326 गोमती नगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोमती नगर साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी का संचलन गोमती नगर से 27 सितम्बर से 01 नवम्बर तक प्रत्येक शनिवार को तथा लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 28 सितम्बर से 02 नवम्बर तक प्रत्येक रविवार को 06 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।

05325 गोमती नगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 27 सितम्बर से 01 नवम्बर तक प्रत्येक शनिवार को गोमती नगर से 00.15 बजे प्रस्थान कर बादशाहनगर से 00.40 बजे, लखनऊ सिटी से 01.07 बजे, ऐशबाग से 01.55 बजे, कानपुर सेंट्रल से 03.55 बजे, उरई से 06.20 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. झांसी से 09.20 बजे, बीना से 12.35 बजे, रानी कमलापति से 15.25 बजे, खंडवा से 19.43 बजे, भुसावल से 21.45 बजे, दूसरे दिन नासिक रोड से 01.15 बजे, इगतपुरी से 02.30 बजे तथा कल्याण से 04.03 बजे छूटकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 05.50 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में, 05326 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोमती नगर साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 28 सितम्बर से 02 नवम्बर तक प्रत्येक रविवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 07.55 बजे प्रस्थान कर कल्याण से 08.35 बजे, इगतपुरी से 10.55 बजे, नासिक रोड से 11.27 बजे, भुसावल से 15.35 बजे, खडवा से 18.25 बजे, रानी कमलापति से 23.25 बजे, दूसरे दिन बीना से 01.30 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. झांसी से 03.40 बजे, उरई से 04.52 बजे, कानपुर सेंट्रल से 07.50 बजे, ऐशबाग से 09.30 बजे, लखनऊ सिटी से 09.52 बजे तथा बादशाहनगर से 10.10 बजे छूटकर गोमती नगर 10.45 बजे पहुंचेगी।

इस गाड़ी में जीएसएलआरडी के 02, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 03, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01 तथा शयनयान श्रेणी के 08 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

जबकि 05314/05313 गोमती नगर-महबूबनगर-गोमती नगर साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी वाया गोरखपुर का संचालन गोमती नगर से 28 सितम्बर से 02 नवम्बर तक प्रत्येक रविवार को तथा महबूबनगर से 29 सितम्बर से 03 नवम्बर तक प्रत्येक सोमवार को 06 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।

05314 गोमती नगर-महबूबनगर साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 28 सितम्बर से 02 नवम्बर तक प्रत्येक रविवार को गोमती नगर से 00.15 बजे प्रस्थान कर बाराबंकी से 01.05 बजे, बुढ़वल से 01.50 बजे, गोंडा से 03.30 बजे, बस्ती से 05.00 बजे, गोरखपुर से 06.25 बजे, देवरिया सदर से 07.37 बजे, भटनी से 09.00 बजे, मऊ से 10.30 बजे, औंड़िहार से 11.57 बजे, वाराणसी जं. से 13.35 बजे, मिजार्पुर से 14.50 बजे, प्रयागराज छिवकी से 16.30 बजे, मानिकपुर से 20.00 बजे, सतना से 21.15 बजे, कटनी से 22.35 बजे, दूसरे दिन जबलपुर से 00.30 बजे, बालाघाट से 04.35 बजे, गोंदिया से 05.25 बजे, बल्हारशाह से 10.05 बजे, सिरपूर कागजनगर से 10.57 बजे, बेल्लमपल्ली से 11.32 बजे, रामगुंडम से 12.01 बजे, काजीपेट से 13.27 बजे, मलकाजगिरी से 15.22 बजे, काचीगुडा से 16.00 बजे, उमदानगर से 16.41 बजे, शादनगर से 17.16 बजे तथा जडचर्ला से 17.52 बजे छूटकर महबूबनगर 19.10 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 05313 महबूबनगर-गोमती नगर साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 29 सितम्बर से 03 नवम्बर तक प्रत्येक सोमवार को महबूबनगर से 22.10 बजे प्रस्थान कर जडचर्ला से 22.30 बजे, शादनगर से 23.05 बजे, उमदानगर से 23.35 बजे, दूसरे दिन काचीगुडा से 00.20 बजे, मलकाजगिरी से 00.52 बजे, काजीपेट से 03.42 बजे, रामगुंडम से 05.12 बजे, बेल्लमपल्ली से 05.42 बजे, सिरपूर कागजनगर से 06.17 बजे, बल्हारशाह से 07.35 बजे, गोंदिया से 11.50 बजे, बालाघाट से 12.30 बजे, जबलपुर से 15.25 बजे, कटनी से 17.00 बजे, सतना से 18.20 बजे, मानिकपुर से 19.32 बजे, प्रयागराज छिवकी से 22.35 बजे, मिजार्पुर से 23.52 बजे, तीसरे दिन वाराणसी जं. से 02.25 बजे, औंड़िहार से 03.37 बजे, मऊ से 04.45 बजे, भटनी से 06.12 बजे, देवरिया सदर से 07.34 बजे, गोरखपुर से 08.50 बजे, बस्ती से 09.53 बजे, गोंडा से 12.10 बजे, बुढ़वल से 13.15 बजे तथा बाराबंकी से 14.05 बजे छूटकर गोमती नगर 15.00 बजे पहुँचेगी।

इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एलएसएलआरडी का 01, शयनयान श्रेणी के 07, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 08 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

इसी क्रम में चड़ीगढ़-पटना पूजा स्पेशल ट्रेन 25 सितंबर से 27 नवंबर तथा पटना से 26 सितंबर से 28 नवंबर तक दस-दस फेरों के लिए संचालित की जायेगी। गाड़ी संख्या 04504 चड़ीगढ़-पटना स्पेशल ट्रेन चंडीगढ़ से प्रत्येक गुरुवार को रात 23.35 बजे रवाना होकर अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेटिया जं., सुल्तानपुर, वाराणसी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर होते हुए अगले दिन रात21.00 बजे पटना पहुंचेगी। तो गाड़ी संख्या 04503 पटना-चंडीगढ़ स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को पटना से रात 23.00 प्रस्थान कर दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, सुल्तानपुर, उतरेटिया जं., आलमनगर, हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अंबाला कैंट होते हुए चंडीगढ़ अगले दिन रात 23.10 बजे पहुंचेगी।

## एनईआर से 23 रेलकर्मी हुए सेवानिवृत्त



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय लखनऊ के बहुउद्देशीय हाल में सहायक मण्डल वित्त प्रबंधक दीपक कुमार सिंह की उपस्थिति में सहायक मण्डल कार्मिक अधिकारी प्रमोद कुमार भारती द्वारा 23 रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर भाव भीनी विदाई देते हुए समापक भुगतान के रूप में समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सहायक मण्डल वित्त प्रबंधक द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी रेलवे के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं अतुलनीय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने सेवानिवृत्त हुए रेलकर्मियों के दीघार्यु की कामना की। इस अवसर पर अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# दक्षिण अफ्रीका के पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने किया बरेका दौरा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दक्षिण अफ्रिका के पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने मेसर्स सिको अफ्रिका इनर्जी एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर, दक्षिण अफ्रिका के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवप्रगसेन नायडू के नेतृत्व में बरेका में लोको निर्माण की सुविधाओं एवं क्षमताओं का जायजा लेने के लिए सोमवार को बनारस रेल इंजन कारखाना का दौरा किया। दक्षिण अफ्रिकी प्रतिनिधि मण्डल के बरेका आगमन का मुख्य उद्देश्य भारतीय रेल में सेवारत 3100 अश्व शक्ति ब्रॉड गेज अल्को लोकोमोटिव को केप गेज में परिवर्तन के उपरांत खरीदना है। जिसके लिए प्रतिनिधि मण्डल ने लोको की तकनीकी जानकारी ली, बरेका की उत्पादन एवं डिजाइन क्षमताओं को देखा। इन पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल में शिवप्रगसेन नायडू, मेसेला मैरी न्हालापो, इवान प्रिन्स्लू, मुनीश गुप्ता तथा वॉन जोहान क्रिस्टियान इक शामिल थे। सर्वप्रथम मुख्य यांत्रिक इंजीनियर-उत्पादन एवं विपणन सुनील कुमार ने प्रतिनिधि मंडल के बरेका आगमन पर स्वागत किया। तत्पश्चात प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर सुशील कुमार श्रीवास्तव ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में प्रतिनिधि मण्डल के साथ मुलाकात की।

# एकेटीयू के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे शुभांशु शुक्ला

## विश्वविद्यालय के 23वें दीक्षांत समारोह में प्रदान किये जाने वाले पदकों, डिग्रियों का किया गया अनुमोदन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में मंगलवार को कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक हुई। विश्वविद्यालय के 23वें दीक्षांत समारोह में छात्रों को प्रदान किये जाने वाले पदकों, डिग्रियों और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के नाम का अनुमोदन किया गया।

दीक्षांत समारोह में कुल 88 पदक दिये जाएंगे, जिसमें 37 स्वर्ण पदक तो 26 रजत और 25 कांस्य पदक हैं। बैठक में चार नये राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, जिसमें आरईसी बस्ती, आरईसी, गोण्डा, आरईसी प्रतापगढ़ एवं आरईसी मिजार्पुर में नये इमर्जिंग पाठ्यक्रमों के संचालन को मंजूरी दी गयी ताकि छात्र नई तकनीकी की पढ़ाई कर सकें। इसके अलावा बैठक में पिछले वित्त समिति के प्रस्तावों का अनुमोदन दिया गया। इसमें करीब 142 करोड़ रुपए के बजट पर चर्चा की गयी। साथ ही विभिन्न प्रस्तावों के लिए बजट तय किया गया। इसमें सबसे महत्वपूर्ण रहा विश्वविद्यालय के घटक संस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी लखनऊ के लिए 54 करोड़ के बजट का प्रस्ताव।

● एकेटीयू में कार्य परिषद की बैठक में लिये गये अहम निर्णय

इस बजट के जरिये संस्थान को आधुनिक तकनीकी से युक्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके तहत अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, हाइटेक क्लासरूम, सेंटर ऑफ एक्सिलेंस बनाया जाएगा ताकि छात्रों को अच्छी से अच्छी तकनीकी और शिक्षा मुहैया करायी जा सके।

नैक समिति के निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाये जाने का सुझाव दिया गया था। इस क्रम में फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग में धरोहर (ए रिपोसिटरी फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम आइकेएस सेंटर) बनाये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इसके लिए 50 लाख रुपए का बजट तय किया गया है। साथ ही आईकेएस में माइनर कोर्स चलाने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगी।

बैठक में विश्वविद्यालय एवं घटक संस्थानों के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों के कल्याण के लिए भी कई प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें कर्मचारी कल्याण कोष के तहत किसी भी कर्मचारी के मृत्यु पर 15 लाख रुपए, एनपीएस कर्मियों को राज्य सरकार के शासनादेश को अंगीकृत करते हुए मृत्यु पर पुरानी सुविधाओं का लाभ, महिला कर्मियों को शिशु देखभाल अवकाश, प्रसूति अवकाश, विभिन्न बीमा कंपनियों के जरिये कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के लिए 10 लाख रुपये का निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्यकीय सुविधा, ब्याज रहित अग्रिम भुगतान सात लाख एवं दस लाख रुपए करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी गयी। इसके अलावा विश्वविद्यालय में विजिटिंग, डिजिंस्टिगुइस एवं एमिरिट्स प्रोफेसर रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में पहली बार शुरू किये गये बीटेक पाठ्यक्रम के लिए भी बजट तय किया गया। सामाजिक कार्यों के तहत गोद लिये गये गांवों में कार्य कराने आदि के लिए एक करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया। विभिन्न प्रस्तावों को कार्यवाहक कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी केशव सिंह ने प्रस्तुत किया।

# संक्रमण के रोकथाम के लिए 8 क्विक रिस्पांस टीम का गठन किया गया



**लखनऊ।** मंगलवार को मुख्य चिकित्साधिकारी, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में जानकीपुरम एवं फैजुल्लागंज क्षेत्रों में संक्रामक रोगो पर प्रभावी नियन्त्रण एवं रोकथाम हेतु 08 क्विक रिस्पांस टीम का गठन किया गया है, प्रत्येक टीम में 01 स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला), 01 मलेरिया कर्मी, 02 लैप्रोसी वर्कर एवं 01 क्षेत्रीय आशा का सम्मिलित किये गये है। उक्त टीमें माइक्रोप्लान के अनुसार क्षेत्रों में घर-घर भ्रमण कर लोगो को संक्रामक रोगो से बचाव एवं रोकथाम हेतु जागरूक करते हुए यदि कोई व्यक्ति बीमार पाया जाता है तो मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से उपचारित कराया जायेगा। तदोपरान्त उपरोक्त टीमें आवश्यकतानुसार अन्य क्षेत्रों में कार्य करेगी। जानकीपुरम विस्तार से0-7 लखनऊ में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जानकीपुरम, लखनऊ की टीम द्वारा क्षेत्र में 46 घरों का निरीक्षण किया गया। क्षेत्र में स्थापित कैम्प में 02 मरीजों को देखा गया है तथा उन्हें आवश्यक दवायें तथा स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी। क्षेत्र में डायरिया का कोई रोगी नही मिला।

# लंबित अनुकंपा नियुक्ति मामलों के लिए आरडीएसओ में लगेगी अदालत

**लखनऊ।** अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन के अनुसंधान भवन के विवेचना सम्मेलन कक्ष में अनुकंपा नियुक्ति संबंधी लंबित मामलों के परिवादों के निपटान के लिए 10 नवम्बर (सोमवार) को 15:30 बजे से अनुकंपा अदालत लगाई जाएगी। अतः आरडीएसओ के मृतक कर्मचारियों (जिनकी मृत्यु उनके रेल सेवाकाल के दौरान हो गई हो), के आश्रितगण उक्त विषय के संबंध में अपना परिवाद, यदि कोई हों, पूर्ण विवरण के साथ महानिदेशक (लंबित अनुकंपा नियुक्ति मामलों के लिए अदालत) अनुसंधान भवन अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन, मानक नगर, लखनऊ को इस प्रकार भेजें कि वे 30 सितम्बर तक पहुँच जाएं।

# पीसीपीएनडीटी को लेकर किया छात्र-छात्राओं को जागरूक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** जिलाधिकारी विशाख जी के निर्देश तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह व जिला प्रोबेशन अधिकारी के सहयोग से जनपद के डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं को ₹गर्भधारण एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध), अधिनियम(पीसीपीएनडीटी एक्ट), 1994 पर संवेदीकृत किया जा रहा हैं

कार्यक्रम के नोडल डॉ. के.डी.मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय ने जनपद के सभी डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं को इस विषय पर संवेदीकरण करने के निर्देश दिए हैं` इसी क्रम में अगस्त के आखिरी सप्ताह से अब तक नेशनल पीजी कॉलेज, करामत पी.जी.कॉलेज, नारी शिक्षा निकेतन पी.जी.कॉलेज तथा क्रिश्चियन पी.जी. कॉलेज में कार्यशाला आयोजित कर लगभग 1000 छात्र-छात्राओं कि इस अधिनियम के बारे में बताया जा चुका है` हम 21वीं सदी में हैं लेकिन आज भी लड़का लड़की में भेद किया जाता है और लड़कियों को लड़कों के मुकाबले कमतर आँका जाता हैं यह भ्रान्ति है कि लड़के द्वारा मुखाग्नि देने से मोक्ष मिलता है, लड़का वंश को आगे बढ़ाता हैं ऐसी भ्रांतियों के चलते लोग गर्भ में ही लिंग की पहचान कर लड़कियों को मार दिया करते थें इन सबमें साथ देते थे नर्सिंग होम, क्लिनिक, डाक्टर आदि जिससे कि लड़का लड़की लिंगानुपात प्रभावित हुआ` इन गैर कानूनी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सरकार ने पीसीपीएनडीटी एक्ट), 1994, गर्भ समापन अधिनियम(एमटीपी एक्ट),2021 लागू किया है इसको लेकर छात्र छात्राओं को जागरूक करना जरूरी है जिससे कि उनमें लड़का लड़की समान है, लिंग चयन गलत और गैर कानूनी है` इसकी जानकारी मिले। इसके साथ ही बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान के बारे में भी बताया गया कि साल 2015 में यह अभियान केंद्र सरकार द्वारा शुरू किया गया था इसका उद्देश्य लिंग आधारित चयन पर रोकथाम, बालिकाओं के अस्तित्व और सुरक्षा को सुनिश्चित करना, बालिकाओं के लिए शिक्षा की उचित व्यवस्था तथा उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में जागरूकता फैलाना है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों के छोटे बच्चों ने सुनाई कविता

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में दीक्षोत्सव कार्यक्रम के तहत मंगलवार को गोद लिये गावों के विद्यालयों के बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित करायी गयी। स्कूल स्तर पर चित्रकला, कहानी कथन एवं भाषण प्रतियोगिता हुई। जिसमें विश्वविद्यालय के गोद लिये अलग-अलग विकासखंडों के पश्चिम गांव, दुग्गौर, दिगोई, दुर्जनपुर, रैथा एवं रैथा जूनियर विद्यालयों के करीब 6 सौ से ज्यादा बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसमें कक्षा 3 से पांच और छह से आठ कक्षा तक के समूह बनाये गये हैं।

प्रथम राउंड की प्रतियोगिता में स्कूल स्तर पर प्रथम और द्वितीय आने वाले छात्र विश्वविद्यालय में होने वाली दूसरे राउंड की इंटर स्कूल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इसमें हर प्रतियोगिता विजेता छात्रों को दीक्षांत समारोह के दिन मंच से राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सम्मानित करेंगी। साथ ही बच्चों की बनाई पेंटिंग समारोह के दौरान प्रदर्शित की जाएगी। इसके अलावा भाषण और कहानी कथन को बच्चे अपनी हैंडराइटिंग में लिखेंगे जिसकी किताब बनायी जाएगी। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों में काफी उत्साह दिखा। इन प्रतियोगिताओं के जरिये अपने सृजनक्षमता और प्रतिभा को दिखाया। वहीं, स्कूल स्तर पर हुई प्रतियोगिता के दौरान कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की पत्नी सरोज पाण्डेय ने पश्चिम गांव और रैथा में आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर छोटे बच्चों से संवाद किया। कई बच्चों ने न केवल उन्हें अपना पूरा नाम बताया बल्कि देश के प्रधानमंत्री का नाम और कविता भी सुनायी। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से केंद्र की सुविधाओं की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बच्चों को खाने-पीने के सामान देने के साथ ही खूब प्यार दुलार किया। साथ ही प्रतियोगिता में शामिल बच्चों के पास भी गयीं और उनका उत्साह बढ़ाया। उनके साथ परीक्षा नियंत्रक की पत्नी पूजा नगरिया, शुभी पाण्डेय एवं सादिका कौसर भी रहीं।

● आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में पहुंचीं कुलपति की पत्नी, बच्चों से किया संवाद, बढ़ाया उत्साह

कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में प्रतियोगिता का मागदर्शन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी सिंह ने किया जबकि समन्वय सहा. कुलसचिव, सुनील पांडेय, सहा. कुलसचिव डॉ. आयुष श्रीवास्तव, सहा. कुलसचिव शिवम गुप्ता ने किया।

# पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन लखनऊ के पदाधिकारी ने हेलमेट पहनने वालों का किया स्वागत



**लखनऊ।** लखनऊ पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन लखनऊ पदाधिकारी गण द्वारा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की महत्वकांक्षी योजना - नो हेलमेट नो पेट्रोल कस्टमर अवेयरनेस कैंपेन अवध सर्विस स्टेशन विश्वविद्यालय मार्ग पर हेलमेट प्रयोग करने वालों को गुलाब का फूल भेंट कर अभिनन्दन किया गया ।और जो नहीं लगाए थे, उनसे आपका जीवन अनमोल है, आप देश के और परिवार के भविष्य हैं। इसीलिए हेलमेट पहनें। इस अवसर पर अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रताप सिंह, महासचिव आलोक त्रिवेदी, श्याम करण सिंह प्रदेश कोषाध्यक्ष, मयंक चौधरी , धीरेन्द्र त्रिवेदी जिला कोशाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी कार्यक्रम है, हम सब इसका स्वागत करते हैं। साथ ही साथ निवेदन करते हैं, इस कार्य में पुलिस व ट्रैफिक पुलिस का भी अभियान पेट्रोल पंप से दूर हट कर किया जाए। जिससे यह लोगों की आदत बन जाए।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की 38 पंजीकृत राजनैतिक दलों की सुनवाई

## उप्र राज्य के पते पर पंजीकृत 121 राजनैतिक दलों को विगत छः वर्षों में कोई चुनाव न लड़ने के कारण जारी हुआ था कारण बताओ नोटिस

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के पते पर पंजीकृत ऐसे राजनैतिक दल जो विगत छह वर्षों से प्रत्यक्ष रूप से लोकसभा एवं विधानसभाचुनाव में प्रतिभाग नहीं कर रहें उनके प्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में सुनवाई की। उन्होंने प्रत्येक दल द्वारा प्रस्तुत किए गए अंशदान रिपोर्ट, वार्षिक लेखा परीक्षण (ऑडिट) रिपोर्ट एवं निर्वाचन व्यय विवरण जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों का गहन परीक्षण किया और सभी दलों के मोबाइल नंबर, पंजीकरण संख्या, वर्तमान पता और ईमेल की भी जांच की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा ऐसे दलों के प्रतिनिधियों को अपना प्रत्यावेदन, शपथपत्र एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ सुनवाई के दौरान कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अपनी दूसरी सुनवाई में प्रदेश के पते पर पंजीकृत 121 राजनैतिक दलों को कारण बताओं नोटिस जारी किया था, इसमें से 02 सितम्बर को 70 राजनैतिक दलों को सुनवाई के लिए बुलाया गया था, जिसमें से 38 पंजीकृत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सुनवाई में प्रतिभाग किया।

● 70 पंजीकृत राजनैतिक दलों में से 38 राजनैतिक दल उपस्थित रहे

सुनवाई के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक दल को प्रतिवर्ष 30 सितम्बर तक अपनी अंशदान रिपोर्ट तथा 31 अक्टूबर तक अपने आय-व्यय की आडिट रिपोर्ट देना अनिवार्य है।

इसी प्रकार लोकसभा चुनाव के बाद 90 दिनों में तथा विधानसभा चुनाव के बाद 75 दिनों में अपने आय व्यय का ब्योरा भी देना है। प्रत्येक दल को चंदे के रूप में प्राप्त 20 हजार रुपये से अधिक के अंशदान की रिपोर्ट देनी है। उन्होंने कहा कि सभी दलों के प्रतिनिधियों को अपनी पार्टी का ईमेल, मोबाइल नंबर तथा वर्तमान पते को अपडेट रखना होगा ताकि आयोग के निर्देशों व अन्य तथ्यों की जानकारी को समय से उपलब्ध कराया जा सके।

मंगलवार को हुई सुनवाई में आम हिंदुस्तानी पार्टी गोरखपुर, अहिंसा वादी जनता पार्टी आगरा, अखंड भारत पार्टी मथुरा, अखिल भारतीय अशोक सेना कानपुर, अखिल भारतीय जनता सहारा पार्टी लखनऊ, अखिल भारतीय कल्याण पार्टी बाराबंकी, अखिल भारतीय स्वराज दल हमीरपुर, ऑल इंडिया रविदास समता पार्टी मेरठ, आर्य दल इटावा, बहुजन सेना गाजियाबाद, भारत भविष्य पार्टी अयोध्या, भारत माता पार्टी मिजार्पुर, आर्यावर्त पार्टी कुशीनगर, भारतीय आवाम ताकत दल जौनपुर, भारतीय ग्रामीण दल लखनऊ, भारतीय किसान सेना लोकतांत्रिक प्रयागराज, भारतीय प्रजा शक्ति पार्टी झांसी, भारतीय ईमानदार पार्टी शाहजहांपुर, भारतीय जन जन पार्टी लखनऊ, भारतीय कौटिल्य सेना गाजियाबाद, भारतीय राष्ट्रीय जागरूक दल लखनऊ, भारतीय युवा क्रांति पार्टी लखनऊ, ब्रज क्रांति दल आगरा, धर्मनिरपेक्ष दल प्रयागराज, फेडरल डेमोक्रेटिक पार्टी अंबेडकर नगर, हिंद विकास पार्टी फिरोजाबाद, हिंदुस्तान जन मोर्चा देवरिया, हिंदुस्तान आवाम पार्टी लखनऊ, इत्तेहाद ए मिल्लत काउंसिल बरेली, कल्याणवादी पार्टी सीतापुर, किसान समाज मोर्चा बदायूं, किसान सेना कन्नौज, महिला स्वाभिमान पार्टी लखनऊ, मानव हित पार्टी एटा, राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी बाराबंकी, राष्ट्रीय गरीब उत्थान पार्टी अंबेडकर नगर, राष्ट्रीय किसान समाज पार्टी (यूनाइटेड) मुरादाबाद और युवा जन क्रांति पार्टी जौनपुर जिले के पंजीकृत राजनैतिक दलों के अध्यक्ष व महासचिव उपस्थित रहे।

# पीएम की माता को गाली देना घोर निंदनीय : बेबीरानी मौर्य

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं प्रदेश की बाल विकास पुष्टाहार एवं महिला कल्याण मंत्री बेबीरानी मौर्य ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस की तथाकथित वोट अधिकार यात्रा में बिहार के दरभंगा में जिस तरह से कांग्रेस-आरजेडी के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत माताजी को गाली दी गई, वह घोर निंदनीय और भर्त्सनीय है। वह न केवल निंदनीय है, बल्कि हमारे लोकतंत्र को भी कलंकित करने वाला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की राजनीति अपने निम्न स्तर पर आ पहुंची है। यह अभद्रता की सारी सीमा लांघ चुके दो शहजादों का बिहार की धरती से बिहार की संस्कृति का अनादर भी है। बेबी रानी मौर्या ने प्रश्न किया कि क्या राहुल गांधी तू-तड़ाक की भाषा का प्रयोग करके और अपने मंच से ऐसी गालियों को प्रोत्साहित करके, देश की मातृशक्ति को अपमानित करके अपना राजनैतिक स्वार्थ साधना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि यह केवल देश के प्रधानमंत्री की पूज्य माताजी को गाली नहीं दी गई है, बल्कि यह गरीबी में मेहनत की पराकाष्ठा कर, अथक परिश्रम कर अपने बच्चों को पालने वाली, उन्हें अच्छा संस्कार देने वाली हर मां का अपमान है। बिहार और भारत की महान संस्कृति क्या इसकी इजाजत देती है? क्या ऐसे बयानों का कहीं से भी समर्थन किया जा सकता है? उन्होंने कहा कि आज हर मां का हृदय व्यथित है, द्रवित है, आक्रोशित है।

# मूर्ति स्थापना के साथ हुआ भजन कीर्तन



**लखनऊ।** लखनऊ मे सर्वप्रथम बार कलयुग के अवतार श्री बालाजी बाबोसा भगवान की मूर्ति की स्थापना और भजन कीर्तन का सफल आयोजन लखनऊ निवासी श्री शिवम बाबोसा के निवास पर हुआ। बाबोसा भगवान की परम आराधिका मंजू बाईसा एवं प्रकाश भाईजी के द्वारा मूर्ति स्थापना सम्पन हुई तथा भारत बाबोसा की मधुर आवाज मे भजन का भी आनंद लिया। इस मौके पर नीरज मित्तल, निष्ठा मित्तल, अमित मित्तल, सुनीता मित्तल, उर्वशी, फ्लोरा, पीहू, भावना एवं तरुणा मित्तल एवं दिल्ली के बाबोसा भक्त मण्डल के सदस्य भी उपस्थित थे। इसके बाद भंडारे एवं प्रसाद वितरण के भी आयोजन किया गया।

# एकाधिकार को चुनौती

ट्रंप प्रशासन के अधिकारी, डोनॉल्ड ट्रंप और अमरीकी मीडिया का एक वर्ग बार-बार भारत को सही दोस्त चुनने, चीन से दूर रहने, रूस से कारोबारी रिश्ते खत्म करने की सलाह दे रहे हैं। भारत पर भड़क रहे हैं और नीचता की हद तक मर्यादा लांघ रहे हैं। सवाल है कि भारत अगर अमरीका को अच्छा दोस्त माने भी तो किस बिना पर। ट्रंप ने भारत और मोदी को दोस्त बताकर छूरा घोंपने का काम किया है। इसके बाद भी अगर बार-बार भारत के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं, तो यह एक तरह से खिसियानी बिल्ली जैसी हरकतें कर रहे हैं। भारत अमरीकी धमकियों के सामने नहीं झुका। अपनी संप्रभुता, रणनीतिक स्वायत्तता के साथ सौदा करने को तैयार नहीं हुआ, इससे ट्रंप, उनका प्रशासन और उनके चापलूस अधिकारी चिढ़े हुए हैं। भारत के पक्ष में ओबामा सहित बड़ी संख्या में लोगों का आना भी ट्रंप को अब परेशान कर रहा है। लेकिन अपनी सनक में उन्होंने भारत-अमरीकी संबंधों को गर्त में पहुंचा दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप की अपरिपक्वता, खीझ और टैरिफ की सनक ने उन शक्तियों को एकजुट करा दिया, जो अभी तक बिखरी हुई थीं। आपस में साझापन और सामंजस्य नहीं था। आपसी एकजुटता और लामबंदी का



मूल्यांकन नहीं किया गया था। बल्कि शत्रुता के भाव ज्यादा थे। कुछ हमलावर घटनाएं भी हुई थीं। भारत के लिए 1962 का युद्ध विस्मृत-सा अतीत है, क्योंकि उसके बाद भारत और चीन विश्व की महाशक्ति बन चुके हैं। इस बार एससीओ के बैनर तले 26 देशों के राष्ट्राध्यक्षों और प्रधानमंत्रियों ने जिस शिखर सम्मेलन का आगाज किया है, वे देश विश्व की नई महाशक्ति बन सकते हैं। वे देश नई वैश्विक व्यवस्था भी तैयार कर सकते हैं। दुनिया की 40 फीसदी से अधिक आबादी इन देशों में बसती है। यह आबादी एक सामूहिक शक्ति है। इन देशों का कुल तेल रिजर्व दुनिया के 20 फीसदी के बराबर है। इन देशों के पास 5200 से अधिक परमाणु अस्त्र हैं, हालांकि अधिकतर देश परमाणु सम्पन्न नहीं हैं। रूस और चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी, वीटो पॉवर धारक देश हैं। दूसरी तरफ अमरीका के पक्ष में नाटो और यूरोपीय देश भी नहीं हैं। ब्रिटेन और फ्रांस सरीखे वीटो पॉवर देश भी पूर्णतः अमरीका के पक्ष में नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफवाद ने विरोधियों की महाशक्ति को उभरने का मौका दिया है, जबकि अमरीका की फेडरल अपीलीय अदालत ने 7-4 के फैसले से ट्रंप के टैरिफवाद को अवैध करार दे दिया है। अदालत का मानना है कि राष्ट्रपति के पास ऐसे आपात कालीन, असीमित अधिकार नहीं हैं। सिर्फ अमरीकी कांग्रेस ही ऐसे व्यापक टैरिफ को स्वीकृति दे सकती है। अब राष्ट्रपति ट्रंप के पास 14 अक्टूबर तक का समय है कि वह इस अदालती फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दे सकते हैं। बहरहाल एससीओ के विमर्श का अकेला मुद्दा टैरिफवाद नहीं है। दरअसल अब अमरीका के एकाधिकारवाद के खिलाफ देश लामबंद हो रहे हैं। भारत, चीन, रूस सरीखी शक्तियां, अन्य देशों के पूर्ण समर्थन के साथ, अपने पुराने मतभेदों को हाशिए पर रखकर लामबंद हो रही हैं, तो इसमें अमरीकी राष्ट्रपति की दादागीरी की भूमिका अत्यधिक है। सात साल के बाद प्रधानमंत्री मोदी न केवल चीन गये बल्कि राष्ट्रपति शी और पुतिन के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी हुई है। यह मुलाकात बेहद महत्वपूर्ण है। साझा संवाद के मुद्दे बाद में सार्वजनिक हुए, लेकिन भारत-चीन की यह एकजुटता ही महाशक्ति का सूत्रपात करती है। दोनों देशों ने सीमा-विवाद सुलझाने का एक रोडमैप और कार्यबल भी तय कर लिए हैं। हालांकि यह एक लंबी और पेचीदा प्रक्रिया है। अगर चीन सीमा विवाद को हल करने में ईमानदारी से पहल करता है और यह विवाद खत्म हो जाता है, तो भारत और चीन के रिश्तों में भरोसा कायम हो सकता है। अगर भारत-चीन और रूस एकजुट हो जाते हैं, तो यह अमरीका के सैन्य, आर्थिक और डॉलर के साम्राज्य के लिए बहुत बड़ी चुनौती होगी।

विचार

जब तक 'मत-छुओ वाद' तुम्हारा धर्म और रसोई का बरतन तुम्हारा देवता है तब तक तुम्हारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं हो सकती।

–स्वामी विवेकानन्द.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए, अन्यथा एक–एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

–बर्क.

महान बनने की पहली सीढ़ी नम्रता है। नम्रता वह अमोघ अस्त्र है जो हमें सफलता की राह दिखाती है और मानव को देवता बना देती है।

-रस्किन.

जो व्यक्ति प्रेमपूर्वक मिले, उससे दौड़कर मिलना चाहिए, परन्तु जो हृदय खोल कर न मिलता हो, उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।

–संत कबीर.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

–कालिदास.

# लोकतंत्र में राजनीतिक मर्यादा सर्वोपरि



अरुण दीक्षित

**राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता अपने-अपने दलों की विचारधारा के प्रचार-प्रसार के लिए स्वतंत्र होते हैं। अनेक मुद्दों पर राय भिन्न हो सकती है। इन राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं, निर्वाचन आयोग और समय-समय पर निर्वाचन कार्यों में लगे अधिकारियों का आचरण संसदीय परम्परा अनुसार आदर्श आचरण वाला होना चाहिए। इनमें से कोई भी यदि निष्पक्ष नहीं है तो उसका व्यवहार लोकतंत्र का हनन करने वाला ही कहा जायेगा।**

संसदीय व्यवस्था में चुनावों से राष्ट्र का भाग्य तय होता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है। भारत के लोग ही भारत के भाग्य विधाता हैं। निष्पक्ष चुनावों से लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है। जन गण मन का शासन मिलता है। भारतीय शासन प्रणाली में संसदीय जनतंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। लोकतंत्र जनता के द्वारा जनता के लिए है। इन निष्पक्ष चुनाव के लिए राष्ट्रपति को चुनाव आयोग के गठन का अधिकार है। यह अधिकार संविधान के भाग 15 में दिया गया है। चुनाव आयोग की नैतिक जिम्मेदारी होती है कि वह निष्पक्ष चुनाव की व्यवस्था बनाए। निष्पक्ष चुनाव कराए। राजनीतिक दल चुनावों में भागीदारी करते हैं। बहुमत या गठबंधन से सरकारें बनाते हैं। कई बार गठबंधन से बनने वाली सरकारों पर सौदेबाजी के आरोप लगते है। संविधान प्रत्येक वयस्क भारतीय को मताधिकार का अधिकार देता है।

विषय बिहार राज्य के संभावित विधानसभा चुनाव की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित है। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कर नई मतदाता सूची बनाई जाएगी। इसी नई मतदाता सूची के पुनरीक्षण कराए जाने में निर्वाचन आयोग और विपक्षी दलों के बीच विवाद है। वे केंद्र सरकार पर हमलावर हैं। प्रकरण उच्चतम न्यायालय में है। निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में बड़ी संख्या में नामों को अलग किया है। इसमें कुछ घुसपैठिये भी हैं। इसकी संख्या 65 लाख बताई जाती है। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि निर्वाचन आयोग 65 लाख नाम जो मतदाता सूची में गलत पाए गए हैं, आयोग उनके नाम और उनको बाहर करने का कारण सार्वजनिक जारी करे। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का यह प्रकरण इसलिए गहराया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कई बार अनेक स्थानों पर निर्वाचन आयोग पर वोट चोरी के आरोप लगाए हैं। यह आरोप मीडिया में सनसनी बने। सत्ता पक्ष ने इन आरोपों का खंडन किया है। निर्वाचन आयोग ने इस पर अपनी राय रखने और तथ्यपरक जानकारी राष्ट्र के सामने रखने में कोताही बरती है। यहां यह ध्यान देने योग्य है कि वोट चोरी जैसे शब्दों के प्रयोग से



निर्वाचन आयोग संस्था को आहत किया गया है। वहीं निर्वाचन आयोग द्वारा प्रामाणिक उत्तर नहीं दिया जाना दोनों स्थितियां लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। प्रकरण अभी भी उच्चतम न्यायालय में है। नेता प्रतिपक्ष बिहार में वोटर अधिकार यात्रा को लेकर मैदान में है। उनके साथ अन्य विपक्षी भी विरोध में जुटे हैं। इस विरोध को उचित नहीं कहा जा सकता है। संविधान के भाग 15 अनुच्छेद 324 में संविधान के अधीन संसद और प्रत्येक राज्य के विधान मंडल के लिए कराए जाने वाले सभी निर्वाचनों के लिए तथा राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति के पदों के निर्वाचन के लिए निर्वाचन नामावली तैयार करने और निर्वाचनों के लिए एक आयोग होगा। इसे संविधान में निर्वाचन आयोग कहा गया है। अनुच्छेद 325 में धर्म, मूलवंश, जाति या लिंग के आधार पर किसी व्यक्ति का निर्वाचन नामावली में नाम सम्मिलित किए जाने का अपात्र न होना और उसके द्वारा किसी विशेष निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किए जाने का दावा न किया जाना लिखा है। संसद या किसी राज्य के विधान मंडल के सदन या प्रत्येक सदन के लिए निर्वाचन के लिए प्रत्येक प्रादेशिक निर्वाचन के लिए एक साधारण निर्वाचक नामावली होगी।

सामयिक

अनुच्छेद 326 में लोकसभा, विधानसभा के लिए निर्वाचन मताधिकार के आधार पर होंगे, अर्थात प्रत्येक व्यक्ति जो भारत का नागरिक है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है। समुचित विधानमंडल द्वारा बनाई गई किसी विधि के अधीन चित्त विकृति, अपराध या भ्रष्ट या अवैध आचरण के आधार पर अन्यथा निरर्हरित ( अयोग्य ) नहीं कर दिया जाता है। मतदाता के रूप में रजिस्ट्रीकृत का हकदार होगा। अनुच्छेद 327 और 328 में कहा गया है, कि संविधान के उपबंधों के अधीन समय-समय पर संसद विधानमंडल सदन के लिए निर्वाचन नामावली निर्वाचन क्षेत्र का परिसीमन शामिल है। उस राज्य के विधान मंडल सदन के लिए संबंधित सभी विषयों जिसके अंतर्गत निर्वाचक नामावली तैयार कराना सदनों के सम्यक गठन सुनिश्चित करने की व्यवस्था है। स्पष्ट रूप से भारत का प्रत्येक नागरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था में सहयोग करेगा। मताधिकार का हकदार होगा। ऐसे किसी भी कारण और आरोप अवैध आचरण के बिना मताधिकार से वंचित किया जाना न्यायसंगत नहीं प्रतीत होता है। संविधान में प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत राजनीतिक दलों का गठन होता है। राजनीतिक दलों का उद्देश्य राष्ट्र के वैभव के लिए ही होना चाहिए। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता अपने-अपने दलों की विचारधारा के प्रचार-प्रसार के लिए स्वतंत्र होते हैं। अनेक मुददों पर राय भिन्न हो सकती है। इन राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं, निर्वाचन आयोग और समय-समय पर निर्वाचन कार्यों में लगे अधिकारियों का आचरण संसदीय परम्परा अनुसार आदर्श आचरण वाला होना चाहिए। इनमें से कोई भी यदि निष्पक्ष नहीं है तो उसका व्यवहार लोकतंत्र का हनन करने वाला ही कहा जायेगा। राजनीति में असंसदीय शब्दों के प्रयोग बढ़े हैं। अमर्यादित आचरण हो रहा है। इस पर बहस होनी चाहिए। क्या राजनीति में सस्ती लोकप्रियता के लिए अपशब्द ही मार्ग है। विगत 1 अगस्त को लोकसभा, राज्यसभा दोनों सदनों में बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर) के मुद्दे पर गतिरोध हुआ था। विपक्षी दलों ने इस पर हंगामा किया था। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा था कि जनता ने आपको इतना बड़ा अवसर दिया है। कहा कि सदन की गरिमा बनाए रखें। अध्यक्ष ने यह भी कहा था कि अगर लोकतंत्र मजबूत करना है तो सदस्यों को प्रश्न काल के दौरान ही प्रश्न उठाने देने होंगे। इससे सरकार की जवाब देही तय होती है। देश के लोगों की आकांक्षाएं पूरी होने दें और देश को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग दें। इसी मुद्दे पर राज्यसभा में भी हंगामा हुआ था। उसी दिन लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा था कि निर्वाचन आयोग वोट चोरी में शामिल है। उनके पास पुख्ता सबूत हैं। इस पर निर्वाचन आयोग ने कहा था कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के लगाए वोट चोरी संबंधी आरोप निराधार हैं। आयोग ने कहा कि इन गैर जिम्मेदाराना टिप्पणियों को नजरअंदाज किया जाना चाहिए। इससे पूर्व 12 अगस्त को संसद से निर्वाचन आयोग तक प्रदर्शन के लिए निकले राहुल गांधी ने तब कहा था कि यह लड़ाई संविधान बचाने के लिए है। सही मतदाता सूची बने, इसके लिए है। सत्ता पक्ष से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र प्रधान ने यह कहा था कि यह प्रदर्शन अस्थिरता पैदा करने वाला है। विपक्षी दल अराजकता पैदा करना चाहते हैं।

राहुल गांधी का आरोप है कि निर्वाचन आयोग भाजपा के लिए वोट चोरी कर रहा है। इसमें जो भी शामिल है, उसे बख्शा नहीं जाएगा। राहुल गांधी के यह आरोप तब आए ,जब निर्वाचन आयोग ने बिहार राज्य की मतदाता सूचियां के गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद सूचियों का मसौदा प्रकाशित किया था। 17 अगस्त को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरुद्ध विपक्षी दलों के गठबंधन की मतदाता अधिकार यात्रा के बीच निर्वाचन आयोग ने अपने फैसले और प्रक्रिया को सही ठहराया था। विपक्ष के सभी आरोपों को खारिज भी किया था। यह भी कहा था कि राहुल गांधी को हलफनामा देना होगा या देश से माफी मांगनी होगी। तीसरा विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा था कि उनका उद्देश्य मतदाता सूचियां ठीक करना है।

सोशल मीडिया

हिरासत में मौतों का रिकॉर्ड बनाने वाला यूपी का शासन प्रशासन किस हद तक असंवेदनशील है, इसका नया उदाहरण अब हरदोई से आया है। हिरासत में मौत हत्या के बराबर है। अखिलेश यादव.



महाराष्ट्र राजभवन में आज विराजे भगवान गजानन के दर्शन किये और राज्यपाल व उप राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी श्री सीपी राधाकृष्णन जी से शिष्टाचार भेंट की। जेपी नड्डा.



प्रधानमंत्री मोदीजी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने कॉमन वेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी के लिए भारत की बोली प्रस्तुत करने को मंजूरी दे दी है। नितिन गडकरी.



# संकल्प की शक्ति

अंतर्दृष्टि

पुण्य कर्मों में हमारी प्रखरता हमारे व्यक्तित्व, आत्मिक साधना और आध्यात्मिक मार्ग पर चलने के हमारे संकल्पों को मजबूत करती है। पुण्य कर्म हमेशा हमारे साथ रहते हैं और हमे आत्मसंतोष भी प्रदान करते हैं। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है।

# मोहल्ले के कुत्तों ने दिखाया दम

व्यंग्यलोक

अब कोर्ट कचेहरी तक कुत्तों की ताकत देख चुके हैं। पहले मेरे पूरे मोहल्ले में एक कुत्ता था। सीधा-सादा और सरल सा। पास से निकलता तो वह पांवों में लोट जाता और दुम हिलाने लगता। पूरे मोहल्ले का ध्यान वही कुत्ता रखता था। हालांकि था तो वह कुत्ता ही, लेकिन उससे किसी को कोई परेशानी नहीं थी। उसी के भलेपन का फायदा उठाकर पता नहीं कहाँ से पांच-सात कुत्ते और मेरे मोहल्ले में आ गये हैं। इनमें एक-दो तो एकदम पिल्ले हैं। समझते-पहचानते नहीं, अपना-पराया नहीं देखते और लगते हैं भोंकने। नये कुत्तों का और भी बुरा हाल है, सारे दिन मोहल्ले में इधर से उधर घूमते रहते हैं और भले आदमी की पिण्डली पकड़ने को आतुर रहते हैं। मैं तो इनकी कार्य शैली से सदैव सहमा सा रहता हूँ। पता नहीं कब मिजाज बदल लें और काट लें। सही कहूं तो लगता है मोहल्ले में एक यूनियन सी बना ली है। जब भी घर से बाहर निकलता हूँ तो चारों तरफ कुत्ते ही कुत्ते घूमते नजर आते हैं। एकदम आवारा और हर ऊंच-नीच से बेखौफ। भार्गव साहब कुत्तों के शौकिन हैं। सारे दिन उनसे बतियाते और खेलते रहते हैं। उनके लिए रोटियां बनवाते हैं और अपने हाथों से खिलाते हैं। भार्गव साहब ने लगभग सभी कुत्तों को अपना पालतू बना लिया है। भार्गव साहब जब मौहल्ले का राउण्ड लेते हैं तो सारे कुत्ते उनके आगे-पीछे घूमते रहते हैं। एक दिन मैंने भार्गव साहब को अपने घर बुलाया और चाय पेश करते हुये कहा-भार्गव साहब अपने मोहल्ले में कुत्ते बहुत हो गये हैं। अच्छा हो इनमें से दो-चार को नगर-निगम में शिकायत लिखवाकर यहां से विदा कर दें? भार्गव साहब ने चाय का घूंट लिया और हैरानी से बोले- आप मोहल्ले के कुत्तों की शिकायत नगर निगम में करेंगे? थोड़ी गैरत रखो, इनको बड़ी मुश्किल से पाल-पोसकर बड़ा किया है और मोहल्ले की सुरक्षा के लिए खुला छोड़ रखा है। आपका इन बेचारों ने बिगाड़ा क्या है? मैं बोला-बुरा मत मानिये भार्गव साहब! माना आपने इन्हें स्नेह दिया है, पाला-पोसा है और इन्हें भोंकने के काबिल किया है। परन्तु मोहल्ले में हमारे-आपके बाल-बच्चे और महिलायें आती-जाती हैं। कभी उन पर इन्होंने उन पर हमला कर दिया तो लेने के देने पड़ जायेंगे। इसलिए कह रहा था, एक-दो कुत्ते तो फिर भी चल सकते हैं, लेकिन इस पूरी फौज ने तो मोहल्ले का चैन छीन रखा है। भार्गव साहब ने पूरी चाय हलक से उतारी और बोले-शर्मा जी, ये कुत्ते हैं और जानवर भी हैं। इनमें समझने-बूझने की तो तमीज होती नहीं, कल ये तैश में आकर ऑफेंसिव हो गये तो आपका जीना हराम कर देंगे। ये कुत्ते हैं, उन्हें इनके हाल पर छोड़ दीजिये। निश्चित मानिये इन्हें इस मोहल्ले की आदत हो गई है।



पूरन सरमा

# रमेश ने जीता सर्फिंग में देश के लिए पहला पदक



खेल-जगत

महाबलिपुरम की लहरें अभी निश्चित लय में स्थिर नहीं हुई थीं, जिसकी 24-वर्षीय रमेश बुधियाल उम्मीद कर रहे थे। फिर उन्हें अपना मार्ग मिल गया 6.17 का स्कोर अर्जित करने के लिए। इण्डोनेशिया के पजार अरियाना और दक्षिण कोरिया के कनोया हीजे उनसे आगे थे। अंतिम चरण में रमेश ने कभी ऊंची उठती तो कभी नीची रहती लहरों के बावजूद अपना संयम बनाये रखा 6.43 के स्कोर के लिए। उनका कुल स्कोर 12.60 हुआ। हॉर्न बज गया। रमेश के चेहरे पर मुस्कान आयी और उन्होंने अपना बोर्ड ऊपर उठा लिया। वह एशियन सर्फिंग चैंपियनशिप्स में भारत के लिए ऐतिहासिक पहला व्यक्तिगत पदक जीतने वाले खिलाड़ी बन गये थे। उन्होंने कांस्य पदक जीता।

कुछ साल पहले तक कोई नहीं कह सकता था कि भारत में सर्फिंग का विकास इतनी तेजी से होगा। लेकिन हर साल हम मजबूत होते जा रहे हैं। रमेश इस परिवर्तन के साक्षी हैं। वह पांच साल के थे, जब उनका लहरों से परिचय हुआ था, केरल के तटवर्ती शहर कोवलम में। उनके पैरेंट्स इस शहर में कर्नाटक के मुरादी टांडा से कोवलम आये थे, कपड़े की दुकान खोलने के लिए। स्कूल के बाद रमेश उन बच्चों से तैराकी सीख रहे थे, जो पैदा ही तैराक हुए थे। उन्हें समुद्र से प्यार होता जा रहा था। फिर एक दिन रमेश ने अपने एक दोस्त कृष्ण थागारप्पा (जो सब सर्फिंग इंस्ट्रक्टर हैं) को बोर्ड पर देखा। वह क्या कर रहे हैं? वह कैसे कर रहे हैं? उन्हें वेटसूट कहां से मिला और वह अजीब फ्लोटिंग प्लेटफार्म? रमेश के इन सवालों का जवाब देने के लिए कृष्ण उन्हें जेली बिगोल के पास ले गये, जो बेल्जियन हैं और जिन्होंने एनजीओ कोवलम सर्फ क्लब की स्थापना की है व उसमें सर्फिंग सिखाते भी हैं। यह क्लब बच्चों में स्कूल के बाद सर्फिंग को बेहतर सेहत व आउटडोर एक्टिविटी के रूप में प्रोत्साहित करता है। बिगोल ने रमेश को बोर्ड और कुछ शिक्षा दी। रमेश के लिए सर्फिंग ऐसी हो गई जैसे मछली के लिए पानी। वह असामान्य रूप से पानी के लिए तैयार रहने लगे। पहले क्षण से उन्हें पानी से प्यार हो गया था। रमेश के जीवन में बिगोल का गहरा प्रभाव पड़ा। रमेश के पैरेंट्स जब इस खेल को लेकर डर व घबराहट से भरे हुए थे, तो बिगोल ने उन्हें आश्वस्त किया। बिगोल ने रमेश व अन्य बच्चों में सर्फर संस्कृति उत्पन्न की, जिसका संबंध बांटने, दया व सहयोग से है। बिगोल बच्चों के लिए तीसरे पैरेंट और सबसे दोस्ती करने वाले शिक्षक बन गये। वह बच्चों के साथ हंसते, उन्हें कहानियां सुनाते व अच्छा खाना खिलाते। वह सर्फ सीजन में अब भी नये बोर्ड्स व सर्फशॉर्ट्स से भरे बैग के साथ बेल्जियम से आते हैं। बिगोल जैसे शिक्षकों ने ही भारत में सर्फिंग का नक्शा बदला है। अब तक बिगोल के 20 छात्र इस खेल को प्रोफेशन के तौरपर अपना चुके हैं। रमेश भी उनमें से एक हैं।

रमेश जब 13 साल के हुए तो उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू कर दिया। यह एकदम नया अनुभव था, जिसकी तीव्रता व जोश से उन्हें आनंद आने लगा। फ्री-सर्फिंग ध्यान लगाने जैसी है। इसमें कोई दबाव नहीं होता। बस आप होते हैं और पानी। लेकिन प्रतिस्पर्धात्मक-सर्फिंग एकदम अलग है, जिसमें जीतने से रमेश को एहसास हुआ कि वह दबाव में सर्वश्रेष्ठ लहर को भी पकड़ सकते हैं और वह वास्तव में इसमें कॅरियर भी बना सकते हैं। रमेश ने 10वीं कक्षा के बाद पढ़ना छोड़ दिया और इस खेल पर फोकस करना तय किया। प्रतिस्पर्धा ने उन्हें संयम की शक्ति प्रदान की और वह रूटीन दिया जिसका अब वह पालन करते हैं। हर मुकाबले से पहले वह लगभग आधा घंटे तक समुद्र को देखते रहते हैं, लहरों को ट्रेक करते हैं और उनके पैटर्न को समझने का प्रयास करते हैं। फिर जब वह बोर्ड पर होते हैं, तो इन तस्वीरों को अपने मन में दोहराते हैं ताकि अपनी अगली चाल को तय करने में मदद मिल सके। उन्हें बैरल लहरें पसंद हैं, जो लगभग टनल की तरह बंद होती हैं। ह्यक्लोज-आउटह्न लहरें जितनी मोटी होती हैं, उतना ही अधिक कठिन उन्हें नेविगेट करना होता है। यह अंदाजा लगाना मुश्किल होता है कि वह कहां बंद होंगीं या वह किस प्रकार ध्वस्त हो जायेंगी और इससे योजना बनाने के लिए बहुत कम समय मिल पाता है। सर्फिंग में स्कोर स्पीड, पॉवर, फ्लो और मेजर व क्रिटिकल टर्न से तय होता है। लहरें जितनी अधिक ऊंचीं होंगी उतना ज्यादा समय सर्फर को मिल जाता है, जजों को प्रभावित करने के लिए। महाबलिपुरम में एशियन चैंपियनशिप्स (भारत ने जिसकी पहली बार मेजबानी की) के दौरान किस्मत से लहरें 4 से 8 फीट ऊंचीं थीं, जिससे रमेश को लाभ मिला। उन्होंने विश्वास से सर्फ किया और पदक भी जीता।

**सारिम अन्ना.**

## आपकी बात

### खाली पदों को भरा जाये

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे।

कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। हां अगर सरकार को यह डर हो कि यूनियनबाजी होगी तो पहले से ही यह बांड भरा लेना चाहिए कि संविदा नौकरी संविदा ही रहेगी। परमानेन्ट होने के लिए अन्य युवाओं के साथ आवेदन करना होगा। दरअसल आज प्रदेश में लाखों भर्तियों की जरूरत है लेकिन सरकारी नौकरी में मोटा वेतन और काम के बजाय मटरगस्ती के कारण सरकार भर्तियां नहीं करती है।

**महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.**

### ग्रामीण सड़कों की दुर्दशा

हर बरसात के बाद सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके।

**दिनेश कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

### बुनियादी संरचना का विकास

विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी। आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कभी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे।

**कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2025 के 40 सेमीफाइनलिस्ट टीमों की घोषणा

नयी दिल्ली। सैमसंग इंडिया ने अपने युवा-केन्द्रित देशव्यापी इनोवेशन कॉन्टेस्ट सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो के चौथे संस्करण के लिए 40 सेमीफाइनलिस्ट टीमों की राष्ट्रीय सूची घोषित की है। ये टीमें अब प्रतियोगिता के अगले चरण में जाएंगी, जहां उन्हें अपने आइडिया को समाज पर असर डालने वाले समाधान में बदलने के लिए मेंटरशिप, प्रोटोटाइपिंग सपोर्ट और इनोवेशन प्लेटफॉर्म्स तक पहुंच मिलेगी। टॉप 40 टीमों को कुल 8 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी, जबकि प्रत्येक टीम मेंबर को एक सैमसंग लैपटॉप प्रदान किया जाएगा। इस साल के सेमीफाइनलिस्ट्स भारत की अद्भुत भौगोलिक विविधता को दर्शाते हैं। इनमें देश के 15 राज्यों के प्रतिभागी शामिल हैं।

## टोयोटो ने की बिक्री प्रदर्शन की घोषणा

बंगलुरू। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपने बिक्री प्रदर्शन की घोषणा कर दी है। कंपनी का प्रदर्शन इस प्रकार रहा - कंपनी की मासिक वृद्धि अगस्त 2025 बनाम अगस्त 2024 एवं साल दर साल 34,236 यूनिट्स, 30,879 यूनिट्स रही यानी 11 प्रतिशत की वृद्धि इसमें घरेलू बाजार में 29,302 गाड़ियां बेची गई जबकि 4,934 गाड़ियों का निर्यात किया गया। अगस्त 2025 में 34,236 यूनिट्स बेचीं, जिससे बाजार में हमारी मजबूत मौजूदगी बनी रही और हमें ग्राहकों के हमारे कारों और सेवाओं पर निरंतर भरोसे से प्रोत्साहन मिला।

## सेम्प्रे न्युट्रिशन्स की तोलाराम वेलनेस से साझेदारी

नई दिल्ली। सेम्प्रे न्युट्रिशन्स लिमिटेड ने आज घोषणा की है कि कंपनी ने नाइजीरिया की तोलाराम वेलनेस लिमिटेड के साथ एक मेन्युफेक्चरिंग एग्रीमेंट किया है। इस करार के तहत, सेम्प्रे न्यूट्रिशन्स, स्पेसिफिकेशन्स और क्वोलिटी स्टान्डर्स के अनुसार, तोलाराम वेलनेस को न्यूट्रास्युटिकल और खाद्य उत्पादों का निर्माण और आपूर्ति करेगा। इस एग्रीमेंट से 10 करोड़ रुपये का वार्षिक कारोबार होने की उम्मीद है, जो तीन वर्षों में लगभग 30 करोड़ रुपये तक बढ़ जाएगा।

## ब्रिलियंट कलेक्शन लॉन्च

बंगलुरू। मोटोरोला ने आज स्वारोवस्की के साथ मिलकर ब्रिलियंट कलेक्शन लॉन्च किया है। यह कलेक्शन टेक्नोलॉजी और फैशन को एक साथ लाता है। इसमें मोटोरोला रेजर 60 और मोटो बड्स लूप का खास स्वारोवस्की एडिशन शामिल है। ये डिवाइस बेहतरीन डिजाइन, नई तकनीक और खूबसूरत स्टाइल के साथ बनाए गए हैं, जो यूजर्स की तरह ही चमकते हैं। मोटोरोला और स्वारोवस्की दोनों नई तकनीक, शानदार शिल्पकला और अपनी खास पहचान को महत्व देते हैं।

## बंधन बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड लॉन्च

मुंबई। बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड के लॉन्च की घोषणा की है। यह भारत का पहला इंडेक्स फंड है जो निवेशकों को अर्थव्यवस्था के सभी सेक्टर लीडर्स तक विशेष पहुँच प्रदान करेगा। यह ओपन-एंडेड स्कीम बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स को ट्रैक करेगी, जो बीएसई 500 इंडेक्स के 21 सेक्टरों में से प्रत्येक से बाजार पूंजीकरण के आधार पर शीर्ष तीन कंपनियों की पहचान करता है। न्यू फंड ऑफर 3 सितंबर 2025 को खुलेगा और 17 सितंबर 2025 को बंद होगा।

## आँखों की गुस्ताखियाँ का प्रीमियर जी5 पर

नई दिल्ली। मिनी फिल्म्स के बैनर तले निर्मित और संतोष सिंह द्वारा निर्देशित आँखों की गुस्ताखियाँ एक दिल छूलेने वाली रोमांटिक कॉमेडी है, जिसमें गहरी भावनाओं और चंचल आकर्षण का सुंदर संगम है। रस्किन बॉन्ड की द आइज हैव इट से प्रेरित यह फिल्म जहान (विक्रांत मैसी), एक प्रतिभाशाली दृष्टिहीन संगीतकार, और सबा (शनाया कपूर, अपनी पहली फिल्म में), एक जीवंत नवोदित अभिनेत्री, की भावनाओं और हास्य से भरपूर यात्रा को दर्शाती है। 5 सितम्बर को जी5 पर प्रीमियर होगा। ट्रेन में उनकी आकस्मिक मुलाकात एक अप्रत्याशित रिश्ते को जन्म देती है ऐसा रिश्ता जो नजर से नहीं, बल्कि साझा सपनों, दिल छू लेने वाले पलों और नोकझोंक भरी प्यारी केमिस्ट्री से बंधा है, जो जितना हँसाता है उतना ही भावुक कर देता है।

# सेंसेक्स में 207 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को शुरुआती तेजी कायम नहीं रह पायी और जीएसटी परिषद की बैठक से पहले बैंक और वाहन शेयरों में कारोबार के अंतिम घंटे में मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स 207 अंक के नुकसान में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 45 अंक टूट गया।

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 206.61 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,157.88 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक तेजी के साथ खुला और दोपहर तक बढ़त के साथ कारोबार करता रहा। हालांकि, कारोबार के अंत में मुनाफावसूली के कारण यह दिन के उच्चतम स्तर 80,761.14 अंक से 752.64 अंक नीचे आ गया। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में 16 नुकसान में जबकि 14 लाभ में रहे। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 45.45 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,579.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 24,756.10 अंक तक गया और नीचे में 24,522.35 अंक तक आया। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, एनटीपीसी, टाटा स्टील और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। घरेलू शेयर बाजारों ने मजबूत वृहद आंकड़ों के कारण आई शुरुआती तेजी गंवा दी और जीएसटी परिषद की बैठक तथा वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में सौदों की समाप्ति से पहले सतर्कता के बीच मुनाफावसूली के कारण बैंक शेयरों की अगुवाई में गिरावट के साथ बंद हुए। जीएसटी परिषद की तीन सितंबर से नयी दिल्ली में दो दिन की बैठक होगी। इसमें प्रस्तावित दरों में कटौती पर चर्चा की जाएगी। सकारात्मक घरेलू संकेतों और जीएसटी परिषद की बैठक के परिणामों को लेकर उम्मीद के चलते बाजार ने सत्र की शुरुआत मजबूती के साथ की। शुरुआती तेजी के बाद, निफ्टी कारोबार के पहले हिस्से में धीरे-धीरे ऊपर चढ़ा। हालांकि, बाद में बैंक और प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली दबाव ने तेजी को पटरी से उतार दिया। इससे वायदा एवं विकल्प खंड में अनुबंधों की साप्ताहिक समाप्ति के दिन सूचकांक नुकसान में रहा। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.64 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप 0.27 प्रतिशत के लाभ में रहा।

# रुपया आठ पैसे गिरकर अबतक के सबसे निचले स्तर 88.18 प्रति डॉलर पर



मुंबई। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी से मंगलवार को रुपया दबाव में रहा और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे गिरकर 88.18 (अस्थायी) के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका के बढ़े हुए शुल्क को लेकर फैली अनिश्चितता के बीच रुपया अबतक के सबसे निचले स्तर के आसपास कारोबार कर रहा है क्योंकि इसके नीचे जाने का जोखिम बना हुआ है। इसके अलावा, घरेलू शेयर बाजारों से लगातार विदेशी पूंजी की निकासी या डॉलर की मजबूती आगे भी रुपये की कमजोरी को बढ़ा सकती है। सोमवार को कारोबार के दौरान रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 88.33 के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया था। मंगलवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.14 पर कमजोर खुला और कारोबार के दौरान 88.20 के निचले स्तर तक गया। कारोबार के अंत में यह 88.18 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे कम है। सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.10 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। हमारा अनुमान है कि रुपया थोड़ा नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा क्योंकि व्यापार शुल्क को लेकर अनिश्चितता और कमजोर घरेलू बाजार स्थानीय मुद्रा पर दबाव डाल सकते हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भी घरेलू मुद्रा पर दबाव पड़ सकता है। मुद्रा कारोबारी अमेरिका के विनिर्माण पीएमआई आंकड़ों से संकेत ले सकते हैं। चौधरी ने कहा कि इस हफ्ते अमेरिका से आने वाली गैर-कृषि पेरोल रिपोर्ट से पहले निवेशक सतर्क रह सकते हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.80 प्रतिशत बढ़कर 69.38 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 206.61 अंक गिरकर 80,157.88 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 45.45 अंक गिरकर 24,579.60 अंक पर रहा।

## स्टालिन ने किये 7,020 करोड़ के निवेश के 26 एमओयू

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने अपनी जर्मनी की यात्रा के दौरान 26 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत राज्य में 7,020 करोड़ रुपये का निवेश आएगा और 15,000 से अधिक नौकरियां सृजित होंगी। सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि एक सितंबर को टीएन राइजिंग जर्मनी निवेशक सम्मेलन के दौरान 3,819 करोड़ रुपये के निवेश प्रतिबद्धता के साथ 23 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये और इन समझौतों से तमिलनाडु में 9,070 नौकरियां उत्पन्न होंगी। इसके अलावा नॉर-प्रेम्स, नॉरटेक्स ग्रुप और ईबीएम-फास्ट के साथ तीन प्रमुख समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

## बॉब डिजि उद्यम का शुभारंभ

लखनऊ। बैंक ऑफ बड़ौदा ने बॉब डिजि उद्यम- एक डिजिटल, कोलैटरल-मुक्त ऋण प्लेटफॉर्म जो सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) को रुपये 10 लाख से रुपये 50 लाख तक के आसान वर्किंग कैपिटल ऋण तक त्वरित एक्सेस प्रदान करता है, के शुभारंभ की घोषणा की है। यह पहल, केंद्रीय बजट 2024-25 की उस घोषणा के अनुरूप है जिसमें कहा गया था कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एमएसएमई ऋण मूल्यांकन के लिए आंतरिक क्षमता विकसित करेंगे।

# सोना व चांदी ने बनाया नया रिकॉर्ड



नयी दिल्ली। अमेरिकी शुल्क और डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट के कारण सुरक्षित निवेश के लिए लोगों की बढ़ती मांग के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत लगातार सातवें कारोबारी सत्र में मजबूत रही और 400 रुपये बढ़कर 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई।

सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,05,670 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी 100 रुपये बढ़कर 1,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम के एक नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। मंगलवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 400 रुपये बढ़कर 1,05,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,04,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। पिछले सात सत्रों में सोने की कीमत में 5,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है। चालू वर्ष में सोने की कीमतों में 34.35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह 31 दिसंबर, 2024 को 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। ऑग्मोंट में शोध प्रमुख रेनिशा चैनानी ने कहा कि पिछले हफ्ते एक अमेरिकी अपीलीय अदालत द्वारा व्हाइट हाउस के तथाकथित जवाबी शुल्क को गैरकानूनी बताने वाले फैसले को बरकरार रखने के बाद मंगलवार को सोने की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं। अदालत ने कहा कि शुल्क अक्टूबर के मध्य तक लागू रह सकते हैं। हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस फैसले की आलोचना की और कहा कि वह इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती देंगे। इस घटनाक्रम ने अमेरिकी शुल्कों के आर्थिक प्रभाव को लेकर अनिश्चितता बढ़ा दी है। इनमें से अधिकांश अगस्त में लागू हुए थे। शुल्क के खिलाफ कोई भी फैसला अमेरिका को प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ समझौतों पर बातचीत करने के लिए भी मजबूर करेगा।

# वित्त मंत्रालय नौ अक्टूबर से शुरू करेगा बजट तैयार करने की प्रक्रिया

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय नौ अक्टूबर से 2026-27 के लिए बजट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं और भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क के बीच बजट की तैयारी शुरू होने जा रही है।

अगले वर्ष के बजट में मांग बढ़ाने, रोजगार सृजन और अर्थव्यवस्था को आठ प्रतिशत से अधिक की सतत वृद्धि दर पर लाने के लिए मुद्दों पर ध्यान देना होगा। सरकार का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष के दौरान देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.3 से 6.8 प्रतिशत के बीच रहेगी। आर्थिक मामलों के विभाग के बजट परिपत्र (2026-27) के अनुसार, सचिव (व्यय) की अध्यक्षता में बजट-पूर्व बैठकें नौ अक्टूबर, 2025 से शुरू होंगी। परिपत्र में कहा गया, वित्तीय सलाहकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि परिशिष्ट में आवश्यक विवरण तीन अक्टूबर, 2025 से पहले या उससे पहले ठीक से दर्ज किए जाएं। निर्दिष्ट प्रारूपों में आंकड़ों की हार्ड कॉपी सत्यापन के लिए जमा की जानी चाहिए। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट अनुमानों को बजट-पूर्व बैठकों के पूरा होने के बाद अस्थायी तौर पर अंतिम रूप दिया जाएगा और संशोधित अनुमान (आरई) बैठकें नवंबर, 2025 के मध्य तक जारी रहेंगी।

# दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर घट सकती है जीएसटी




नयी दिल्ली। केंद्र सरकार बुधवार से शुरू हो रही जीएसटी परिषद की दो दिन की बैठक में दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर कर कम करने के लिए माल एवं सेवा कर में महत्वाकांक्षी बदलाव पर विचार कर सकती है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली और सभी राज्यों के प्रतिनिधित्व वाली यह परिषद केंद्र के अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार प्रस्ताव पर चर्चा करेगी।

प्रस्तावित सुधारों में मौजूदा 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के कर स्लैब को हटाकर केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो कर दरें रखना प्रमुख है। इसके अलावा कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर से कर लिया जाएगा। कर स्लैब में कटौती और इसके चलते कीमतों में होने वाली कमी का आमतौर पर स्वागत किया गया है, लेकिन विपक्षी दलों के शासन वाले राज्य इस बदलाव के कारण राजस्व में किसी भी नुकसान की भरपाई की मांग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में जीएसटी सुधारों की योजना के बारे में बताया था। इसके तुरंत बाद केंद्र सरकार ने प्रारंभिक समीक्षा के लिए विभिन्न राज्यों के मंत्रियों के एक समूह (जीओएम) के साथ प्रस्तावित सुधार का एक खाका साझा किया। जीओएम ने कर दरों को कम करने के केंद्र के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। परिषद 3-4 सितंबर को इन सिफारिशों पर विचार करेगी। मामले से अवगत सूत्रों ने बताया कि स्लैब में बदलावों से मोटे तौर पर सहमत होते हुए मंत्री समूह ने 40 लाख रुपये तक कीमत वाले इलेक्ट्रिक वाहन पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने का समर्थन किया है।

## सैमसंग ने लॉन्च किया गैलेक्सी ए17 5जी



लखनऊ। सैमसंग ने आज अपना सबसे किफायती गैलेक्सी ए सीरीज एआई स्मार्टफोन गैलेक्सी ए17 5जी लॉन्च किया। यह 7.5 एमएम पतला और अपने सेगमेंट का सबसे स्लीक फोन है। इसका वजन सिर्फ 192 ग्राम है, जिससे इसे पकड़ना और इस्तेमाल करना आसान है। गैलेक्सी ए17 5जी गैलेक्सी ए16 5जी की सफलता को आगे बढ़ाता है, जो भारत में सैमसंग के सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन्स में से एक है। राजू पुल्लन, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, एमएक्स बिजनेस, सैमसंग इंडिया ने कहा कि गैलेक्सी ए सीरीज हमारा सबसे पसंदीदा स्मार्टफोन है क्योंकि यह यूजर्स को किफायती दामों में शानदार फीचर्स देता है। गैलेक्सी ए17 5जी हमारा सबसे किफायती एआई स्मार्टफोन है। जिसमें सर्कल टू सर्च और जेमिनी लाइव जैसे लोकप्रिय एआई फीचर्स हैं। इसमें ऑन-डिवाइस वॉयस मेल भी है।

# अकाउंट एग्रीगेटर परिवेश औपचारिक ऋण पहुंच में नयी सीमाओं को खोलेगा: वित्त मंत्रालय




नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि अकाउंट एग्रीगेटर परिवेश औपचारिक ऋण पहुंच में विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) एवं व्यक्तिगत ऋण के लिए नए आयाम खोलने के लिए तैयार है। यह 2047 तक विकसित भारत की दिशा में भारत की यात्रा में सार्थक योगदान देगा।

अकाउंट एग्रीगेटर (एए) ढ़ांचे को आधिकारिक तौर पर दो सितंबर 2021 को पेश किया गया। इससे वित्तीय डेटा साझा करने के लिए एक सुरक्षित, सहमति-आधारित प्रणाली स्थापित हुई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2016 में एए परिवेश के लिए व्यापक निर्देश जारी किए थे। मंत्रालय ने चौथी वर्षगांठ के अवसर पर बयान में कहा कि एए परिवेश तेजी से विकसित हुआ है। बैंकिंग, प्रतिभूति, बीमा एवं पेंशन क्षेत्रों में तेजी से अपनाया जा रहा है जिससे भारत का डीपीआई (डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा) मजबूत हो रहा है। आज तक 112 वित्तीय संस्थान वित्तीय सूचना प्रदाता (एफआईपी) और वित्तीय सूचना उपयोगकर्ता (एफआईयू) दोनों के रूप में सक्रिय हो चुके हैं जबकि 56 केवल एफआईपी और 410 एफआईयू के रूप में सक्रिय हुए हैं। एए ढांचे के माध्यम से अब 2.2 अरब से अधिक वित्तीय खाते सुरक्षित, सहमति-आधारित डेटा साझाकरण के लिए सक्षम हैं जिनमें से 11.23 करोड़ उपयोगकर्ता पहले ही अपने खातों को लिंक कर चुके हैं जो इस परिवर्तनकारी पहल में बढ़ते पैमाने एवं विश्वास को रेखांकित करता है। इसमें कहा गया कि 2023 में भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान एए को एक आधारभूत डीपीआई के रूप में मान्यता दी गई। जुलाई 2024 में जारी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना पर भारत के जी20 कार्यबल की रिपोर्ट में भी इसके महत्व का विस्तार से वर्णन किया गया है।

## पेज एक का शेष

### अफगानिस्तान:

जारी है। रविवार देर रात को पर्वतीय क्षेत्र में आए 6.0 तीव्रता के भूकंप से गांव तबाह हो गए और लोग घंटों मलबे में फंसे रहे। इससे पहले, अफगानिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता यूसुफ हम्माद ने बताया, घायलों को निकाला जा रहा है, इसलिए ये आंकड़े बदल सकते हैं। उन्होंने बताया, भूकंप के कारण कुछ इलाकों में भूस्खलन हुआ, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गईं, लेकिन उन्हें फिर से खोल दिया गया है और बाकी सड़कों को भी खोल दिया जाएगा ताकि उन इलाकों तक पहुंच आसान हो सके जहां पहुंचना मुश्किल था। ज्यादातर नुकसान कुनार प्रांत में हुआ है। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया जा रहा है, और राहत एजेंसियों ने बताया कि उनकी टीम ऊबड़-खाबड़ रास्तों और टूटी सड़कों के कारण सबसे सुनसान इलाकों तक पहुंचने के लिए पैदल यात्रा कर रही हैं। तालिबान सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मदद की अपील की है। ब्रिटेन ने 10 लाख पाउंड (13 लाख अमेरिकी डॉलर) की आपात धनराशि देने का वादा किया है, जिसे तालिबान सरकार के बजाय मानवीय एजेंसियों के बीच बांटा जाएगा, हालांकि ब्रिटेन तालिबान सरकार को मान्यता नहीं देता। चीन सहित अन्य देशों ने भी आपदा राहत सहायता की पेशकश की है। वर्ष 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से यह तीसरा बड़ा भूकंप है, और अफगानिस्तान के लिए यह नवीनतम संकट है, जो सहायता निधि में भारी कटौती और कमजोर अर्थव्यवस्था से जूझ रहा है। वर्ल्ड विजन अफगानिस्तान सहायता एजेंसी के एडवोकेसी निदेशक मार्क काल्डर ने आगाह किया कि मदद की जरूरत वाले लोगों की संख्या 2,50,000 से अधिक हो सकती है।

### सेमीकंडक्टर मिशन

तेल ने पिछली सदी को आकार दिया, वहीं 21वीं सदी की शक्ति अब छोटी चिप में केंद्रित है। आकार में छोटा होने के बावजूद इन चिप में वैश्विक प्रगति को तेजी से बढ़ाने की क्षमता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक सेमीकंडक्टर बाजार पहले ही 600 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुका है और आने वाले वर्ष में इसके 1,000 अरब डॉलर को पार करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत जिस गति से आगे बढ़ रहा है उसे देखते हुए इस 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर के बाजार में भारत की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी होगी। निवेशकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत खुले दिल से उनका स्वागत करने को इच्छुक है। मोदी ने कहा डिजाइन तैयार है। मास्क तैयार है। अब सटीक क्रियान्वयन और बड़े पैमाने पर आपूर्ति का समय है। उन्होंने कहा कि भारत की नीतियां अल्पकालिक संकेत नहीं बल्कि दीर्घकालिक प्रतिबद्धताएं हैं। मोदी ने आश्वासन दिया कि प्रत्येक निवेशक की जरूरतें पूरी की जाएंगी। प्रधानमंत्री ने 2021 में सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के आरंभ का उल्लेख करते हुए कहा कि 2023 तक देश का पहला सेमीकंडक्टर संयंत्र स्वीकृत किया गया था। 2024 में कई और संयंत्रों को मंजूरी मिली और 2025 में पांच अतिरिक्त परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। मोदी ने कहा कुल मिलाकर 10 सेमीकंडक्टर परियोजनाएं अभी जारी हैं, जिनमें 18 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश शामिल है। यानी 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक, यह भारत में बढ़ते वैश्विक भरोसे को दर्शाता है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में गति के महत्व पर उन्होंने कहा दस्तावेजों से फैक्टरी तक का समय जितना कम होगा और कागजात जितने कम होंगे, वेफर का काम उतनी ही जल्दी शुरू हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार इसी दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है।

### मां के अपमान

कोई लेना-देना नहीं था तो उनका क्या दोष था। उनके लिए अपशब्द क्यों कहे गए? प्रधानमंत्री ने बिहार में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए एक नयी सहकारी पहल के डिजिटल तरीके से उद्घाटन के मौके पर दिल्ली में एक सभा को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां कीं। मोदी ने कहा, बिहार मां जानकी की धरती है... यहां महिलाओं को हमेशा से सम्मान दिया गया है। यहीं छठ पूजा मनाई जाती है। राजद और कांग्रेस के मंच से मेरी मां को अपशब्द कहे गए... मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि ऐसा होगा... यह बिहार की मां-बेटियों का अपमान है... राज्य की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा, मैं अपनी मां का बेटा हूं... मैं अपना दर्द आपके साथ साझा कर रहा हूं।

### सड़क हादसों में

पर अचानक एक जानवर आ गया, जिसे बचाने की कोशिश में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पलट गयी। मोटरसाइकिल पर सवार चारों लोग घायल हो गए, जिनमें से शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य घायलों को पुलिस ने देवरिया मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। चिकित्सकों ने तीन की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जबकि, हमीरपुर जिले के सरीला-जरिया मार्ग पर मंगलवार सुबह मोटरसाइकिल पेड़ के टकराने के कारण 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अरुण कुमार यादव के रूप में हुई है।

### आउटसोर्सिंग

नियमानुसार आरक्षण मिलेगा। महिलाओं को मैटरनिटी लीव का भी अधिकार दिया जाएगा। कर्मचारियों की कार्यक्षमता और दक्षता बढ़ाने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, सेवा के दौरान कर्मचारी की मृत्यु होने पर 15 हजार रुपये अंतिम संस्कार सहायता के रूप में दिए जाएंगे।

यूपी में पैतृक संपत्ति का बंटवारा हुआ आसान, स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस में राहत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पारिवारिक संपत्ति बंटवारे को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है, योगी मंत्री मंडल के इस फैसले ने परिवारों को बड़ी राहत दी है। दरअसल, उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने परिवारों को बड़ी राहत देते हुए संपत्ति के बंटवारे में दस्तावेजों पर लगने वाले स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क की सीमा 5000 रुपये तय करने को मंजूरी दे दी है। संयुक्त पारिवारिक संपत्ति (पैतृक संपत्ति) के विभाजन पर अब अधिकतम 10 हजार रुपये ही खर्च होंगे। विभाजन की पक्की लिखा-पढ़ी के लिए 5000 रुपये बतौर स्टांप ड्यूटी और पांच हजार रुपये निबंधन शुल्क देना होगा।

### सरकार ने संभल

श्रद्धालुओं बल्कि देशभर के तीर्थयात्रियों के लिए आस्था का केंद्र हैं। चतुर्मुख कूप अपने अनूठे वास्तुशिल्प और पौराणिक कथाओं के लिए जाना जाता है, जबकि यम तीर्थ और पिशाच मोचन तीर्थ पितृ तर्पण और मुक्ति से जुड़े अनुष्ठानों के लिए महत्वपूर्ण हैं। इन तीर्थों का पुनरुद्धार क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। उत्तर प्रदेश सरकार की वंदन योजना के तहत इन तीर्थों के जीर्णोद्धार के लिए 100 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। इसके अतिरिक्त, शासन की ओर से 500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की गई है, जिससे कुल 600 करोड़ रुपये का बजट इन तीर्थों के पुनरुद्धार और विकास के लिए उपलब्ध है। इस धनराशि का उपयोग तीर्थ स्थलों की मूल संरचना को संरक्षित करते हुए आधुनिक सुविधाएं जैसे सड़क, प्रकाश, स्वच्छता, और श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थल विकसित करने में किया जा रहा है। सरकार की वंदन योजना और अन्य योजनाओं के तहत ऐसे कई धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है, जो उत्तर प्रदेश को आध्यात्मिक पर्यटन का केंद्र बनाने में मदद करेंगे।

### पहाड़ से लेकर

बुआई में बहुत मेहनत की थी, लेकिन सब कुछ बर्बाद हो गया। अब हम और क्या कर सकते हैं। यमुना में आई बाढ़ ने कई लोगों की जमीन और फसल को ही अपनी चपेट में नहीं लिया बल्कि उन्हें उनके आशियानों को भी छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया है। मदनपुर खादर के एक निवासी ने कहा, पानी खेतों में घुस गया है और हमारी झोपड़ियां भी पानी में डूब गई हैं। पुलिस हमें वहां से हटने के लिए कहने आई थी, लेकिन हमारे लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई। एक अन्य किसान, विकास ने बताया कि उनके परिवार की आजीविका छिन गई है। उन्होंने कहा, मेरे पिता सब्जियां उगाते हैं और हमारा परिवार खेती पर निर्भर है। हमारे आधे से ज्यादा खेत पानी में डूबे हुए हैं और जलस्तर अब भी बढ़ रहा है। अधिकारियों ने बताया कि सुबह आठ बजे पुराने यमुना पुल पर नदी का जलस्तर 205.8 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर है। हथिनीकुंड, वजीराबाद और ओखला बैराज से छोड़े गए पानी ने नदी को और विकराल रूप दे दिया है।

### आपदा पीड़ितों

निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों की सुरक्षा, आवास, भोजन और स्वास्थ्य सुविधाओं की सुनिश्चित व्यवस्था की जाए और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में हर प्रभावित नागरिक के साथ खड़ी है। हम हर संभव सहायता उपलब्ध कराएंगे और बचाव कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। आपदा से प्रभावित प्रत्येक परिवार को सरकार की ओर से यथासंभव सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा किए गए स्थलीय निरीक्षण के दौरान उन्होंने लक्सर हरिद्वार के गावों में जाकर जलभराव, क्षतिग्रस्त सड़कें, टूटे हुए पुल एवं जल से घिरे घरों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आपदा प्रभावित परिवारों से बातचीत करते हुए उनकी जरूरतों की जानकारी ली और आश्वस्त किया कि राहत कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राहत शिविरों की पर्याप्त व्यवस्था और उनमें समुचित भोजन, पानी, दवाइयां एवं साफ-सफाई की व्यवस्था हो। जिन परिवारों को स्थानांतरित करने की आवश्यकता है, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए। किसानों को हुई फसल क्षति का त्वरित आंकलन कर मुआवजा प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए। सभी प्रभावितों को आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य शिविर लगाकर चिकित्सा सुविधाएं दी जाएं।

### राजस्व मामलों

मामले निस्तारित कर चौथा और बाराबंकी ने 8,615 मामलों का निस्तारण कर पांचवां स्थान प्राप्त किया है। जौनपुर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार राजस्व मामलों को निस्तारित किया जा रहा है। बोर्ड ऑफ रेवन्यू की अगस्त माह की राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) की रिपोर्ट के अनुसार जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के निर्धारित मानक निस्तारण से अधिक मामलों का निस्तारण किया है। जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के प्रति माह निस्तारण के मानक 250 के सापेक्ष 612 मामलों का निस्तारण किया है। इसका रेश्यो 244.80 प्रतिशत है।

### बाराबंकी में

की। हिसंक भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में पुलिसकर्मी प्रदर्शनकारियों पर बर्बरतापूर्ण तरीके से लाठीचार्ज करते दिखाई दे रहे हैं। इस झड़प में कई छात्र घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया है और उनके आदेश पर संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान को हटा दिया गया है। इसके अलावा शहर कोतवाल रामकिशन राणा को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इस बीच, विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उसके विधि पाठ्यक्रम को बार काउंसिल ऑफ इंडिया से पूरी तरह मान्यता प्राप्त है।




# बिना प्रायोजक के खेलेगी टीम इंडिया

## बीसीसीआई ने टीम इंडिया के टाइटल प्रायोजन के लिए बोलियां आमंत्रित कीं

एजेंसी



नयी दिल्ली। फैंटेसी स्पोर्ट्स की दिग्गज कंपनी ड्रीम 11 के हाथ खींचने के बाद बीसीसीआई ने मंगलवार को भारतीय क्रिकेट टीम के टाइटल प्रायोजन अधिकारों के लिए बोलियां आमंत्रित की जिसमें वास्तविक धन गेमिंग और क्रिप्टोकरेंसी में काम करने वाली कंपनियों पर रोक लगाई गई है क्योंकि सरकार ने ऐसी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

भारतीय टीम नौ सितंबर से यूएई में शुरू होने वाले एशिया कप में बिना मुख्य प्रायोजक के खेलेगी क्योंकि बोर्ड ने बोली जमा करने की अंतिम तिथि 16 सितंबर तय की है। ड्रीम 11 ने हाल ही में ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम 2025 के प्रचार और विनियमन के कारण अपने वास्तविक धन वाले गेम बंद कर दिए हैं। अधिनियम में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं की पेशकश, सहायता, उकसाना, प्रेरित, लिप्त या संलग्न नहीं होगा और न ही किसी ऐसे विज्ञापन में शामिल होगा जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी व्यक्ति को कोई भी ऑनलाइन मनी गेम खेलने के लिए प्रोत्साहित करता हो। ड्रीम 11 और माय 11 सर्कल के साथ बीसीसीआई का भारतीय क्रिकेट टीम और इंडियन प्रीमियर लीग के लिये 1000 करोड़ रूपये के करीब टाइटल प्रायोजन करार था। बीसीसीआई की एक विज्ञप्ति में कहा गया, बोली लगाने वाला ,जिसमें उसके समूह की कोई भी कंपनी शामिल है उसे भारत में या दुनिया में कहीं भी ऑनलाइन मनी गेमिंग, सट्टेबाजी या जुआ या इसी तरह की सेवाओं में संलग्न नहीं होना चाहिए, भारत में किसी भी व्यक्ति को कोई ऑनलाइन मनी गेमिंग, सट्टेबाजी या जुआ या इसी तरह की सेवाएं प्रदान नहीं करनी चाहिए और भारत में सट्टेबाजी या जुए में संलग्न किसी भी व्यक्ति में कोई निवेश या स्वामित्व हित नहीं होना चाहिए। आईईओआई खरीदने की आखिरी तारीख 12 सितंबर है और बोली के दस्तावेज जमा करने की आखिरी तारीख 16 सितंबर है।

इसमें आगे कहा गया बोली लगाने वाला या उसके समूह की कोई भी कंपनी किसी भी तरह की ऐसी गतिविधि या व्यवसाय में शामिल नहीं होनी चाहिये जिसकी आनलाइन गेमिंग अधिनियम 2025 के तहत अनुमति नहीं है। इसके अलावा तंबाकू, शराब और ऐसी कोई भी चीज जो सार्वजनिक नैतिकता को ठेस पहुंचाती हो, इसके पात्र नहीं हैं। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ ब्रांड श्रेणियों को भी ब्लॉक किया जाएगा क्योंकि बीसीसीआई के पास उक्त श्रेणियों में मौजूदा प्रायोजक हैं। इनमें एथलेजर और खेल परिधान निर्माता, बैंक, बैंकिंग और वित्तीय सेवा और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां, अल्कोहल रहित ठंडे पेय, पंखे, मिक्सर ग्राइंडर, सुरक्षा ताले और बीमा शामिल हैं। बीसीसीआई से फिलहाल इन श्रेणियों के ब्रांड एडिडास , कैंपा कोला, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एसबीआई लाइफ जुड़े हुए हैं। बोर्ड ने कहा कि एक से अधिक ब्रांडाउत्पाद श्रेणियों में काम करने वाले या उनसे जुड़े बोली लगाने वालों का एक ब्रांड निषिद्ध या ब्लॉक की श्रेणी में आता है तो ऐसी श्रेणियों के संबंध में बोली प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बोली लगाने वाले को सरोगेट ब्रांड के माध्यम से बोलियाँ लगाने से प्रतिबंधित किया गया है।

सरोगेट ब्रांडिंग के मायने किसी अन्य संस्था या व्यक्ति के माध्यम से किसी अन्य संस्था या व्यक्ति की ओर से अप्रत्यक्ष रूप से बोली प्रस्तुत करने के किसी भी प्रयास से है। इसमें विभिन्न नामों, ब्रांडों, पहचान या लोगो का उपयोग शामिल है लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है। बोली लगाने की वित्तीय पात्रता के अनुसार, बोली लगाने वाले का पिछले तीन वर्षों का औसत कारोबार कम से कम 300 करोड़ रुपये होना चाहिए या प्रत्येक बोली लगाने वाले की पिछले तीन वर्षों की औसत निवल संपत्ति कम से कम 300 करोड़ रुपये होनी चाहिए। बोर्ड ने कहा कि वह बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर आईईओआई प्रक्रिया को रद्द या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ड्रीम11 ने 2023 से 2026 की अवधि के लिए 44 मिलियन डॉलर (लगभग 358 करोड़ रुपये) में अधिकार हसिल किया था। उन्हें हालांकि अनुबंध में लगभग एक वर्ष शेष रहते इससे अलग होना पड़ा लेकिन इसके लिए उन्हें दंडित किए जाने की संभावना नहीं है।

# विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने से ओलंपिक की भरपाई कर दी : चिराग



नयी दिल्ली। भारतीय पुरुष युगल बैडमिंटन टीम के सदस्य चिराग शेट्टी ने कहा कि हाल में पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से एक साल पहले इसी शहर में ओलंपिक खेलों में पोडियम तक नहीं पहुंच पाने की काफी हद तक भरपाई कर दी। चिराग और लंबे समय से उनके साथी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने पिछले सप्ताह विश्व चैंपियनशिप में पुरुष युगल का कांस्य पदक जीता। दुनिया की नौवें नंबर की इस जोड़ी ने क्वार्टर फ़ाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा पदक हासिल किया।

भारत की इस जोड़ी का पहली बार विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का सपना सेमीफाइनल में चीन की 11वीं वरीयता प्राप्त चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी से हार के साथ टूट गया। चिराग ने कहा मुझे लगता है कि आरोन और सोह के खिलाफ जीत निश्चित रूप से बहुत खास है। इससे यह सुनिश्चित हो गया कि अगर हम सही रणनीति के साथ खेलें तो हम किसी को भी हरा सकते हैं। हाल ही में उनके खिलाफ हमारा रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा था। विशेष कर ओलंपिक खेलों में जहां हमें उनके हाथों हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा इसलिए उन्हें लगातार गेम में हराने से निश्चित रूप से हमारा मनोबल बढ़ा और यह पिछले साल के ओलंपिक खेलों की एक तरह से भरपाई भी थी। हम ओलंपिक में उसी कोर्ट पर उनसे हार गए थे। इसलिए उनके खिलाफ जीत वास्तव में खास थी। एक साल पहले सात्विक और चिराग को ओलंपिक में पदक से चूकने का दर्द सहना पड़ा था, जब मलेशियाई जोड़ी ने उनका अभियान बीच में ही रोक दिया था।

कांस्य पदक जीतने के साथ ही सात्विक और चिराग विश्व चैंपियनशिप में एक से अधिक पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गए हैं। साइना नेहवाल ने विश्व चैंपियनशिप में दो जबकि पीवी सिंधू ने पांच पदक जीते हैं। चिराग ने कहा यह जानकर बहुत अच्छा लग रहा है कि साइना और सिंधू के साथ हम भी विश्व चैंपियनशिप में कई पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं। यह इसलिए मायने रखता है क्योंकि पिछले कुछ साल हमारे लिए कोर्ट के अंदर और बाहर अच्छे नहीं रहे थे।

उन्होंने कहा इस जीत से यह सुनिश्चित हो गया कि हम सही रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। सात्विक और चिराग के इस पदक के साथ ही 2011 से विश्व चैंपियनशिप में भारत का पोडियम पर पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। चिराग ने कहा मुझे उम्मीद है कि विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। यह बड़ी उपलब्धि है। सभी को इस बार मुश्किल ड्रॉ मिले थे लेकिन हमारे सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

## संक्षेप

### कमिंस भारत व न्यूजीलैंड श्रृंखला से बाहर

मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के शीर्ष तेज गेंदबाज और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण मंगलवार को भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर हो गए। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ इस साल के आखिर में होने वाली एशेज श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए उनके रिहैबिलिटेशन की व्यवस्था की जा रही है। ऑस्ट्रेलिया एक अक्टूबर से न्यूज़ीलैंड के साथ तीन टी20 मैच खेलेगा। उसके बाद वह भारत के खिलाफ तीन वनडे (19-25 अक्टूबर) और पांच टी20 मैच (29 अक्टूबर से आठ नवंबर) खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज श्रृंखला 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी।

### न्यूजीलैंड के मैकमिलन महिला टीम कोच नियुक्त

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड ने भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला वनडे विश्व कप से पहले पूर्व ऑलराउंडर क्रेग मैकमिलन को मंगलवार को अपनी महिला टीम का बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच नियुक्त किया। न्यूजीलैंड की तरफ से 55 टेस्ट और 197 वनडे मैच खेलने वाले मैकमिलन मुख्य कोच बेन सॉयर की अगुवाई वाली कोचिंग टीम का हिस्सा बनेंगे। मैकमिलन इससे पहले 2024 में टी20 विश्व कप जीत के दौरान न्यूजीलैंड महिला टीम का हिस्सा थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार मैकमिलन ने कहा व्हाइट फर्न्स (न्यूजीलैंड की महिला टीम) के साथ इस भूमिका को लेकर मैं बेहद खुश हूं।

### एएफसी में भारत का क्वालीफिकेशन अभियान बहरीन से होगा शुरू

दोहा। भारतीय पुरुष अंडर-23 टीम बुधवार को यहां एएफसी अंडर-23 एशियाई कप सऊदी अरब 2026 क्वालीफायर ग्रुप एच के अपने पहले मैच में बहरीन से भिड़ेगी। मुख्य कोच नौशाद मूसा के मार्गदर्शन में भारतीय टीम पहली बार अंडर-23 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य लेकर उतरी है। पिछले छह प्रयासों में भारत क्वालीफायर से आगे नहीं बढ़ पाया है इसलिए मूसा और उनके युवा खिलाड़ी कतर की राजधानी में इतिहास रचने के लिए बेताब होंगे। मेजबान कतर और ब्रुनेई दारुस्सलाम ग्रुप एच की अन्य दो टीमें हैं। सभी 11 ग्रुप से ग्रुप विजेता और चार सर्वश्रेष्ठ उपविजेता अगले साल जनवरी में सऊदी अरब में होने वाले फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे। मंगलवार को मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में मूसा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई भी टीम बड़ी होती है।

# राज्यस्तरीय कोबुडो चैंपियनशिप में लखनऊ को तीसरा स्थान



लखनऊ। होटल आरके ग्रैंड, केशवपुरम आवास विकास, लखनऊ में आयोजित तृतीय राज्यस्तरीय कोबुडो मार्शल आर्ट चैंपियनशिप 2025 में लखनऊ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से करीब 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

चैंपियनशिप में कानपुर नगर विजेता और चंदौली उपविजेता रहा, जबकि लखनऊ ने 4 स्वर्ण, 5 रजत व एक कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए परचम लहराया। चैंपियनशिप में लखनऊ के खिलाड़ियों ने कुल 10 पदक अपने नाम किए। इसमें राशी रावत, सरजना, सपना, रुपाली ने काटुडो कुमिते में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं अनामिका, महक विश्वकर्मा, सजिल, व्योम व व राशि ने काटुडो कुमिते में रजत पदक जीते। एकमात्र कांस्य काटुडो कुमिते में स्मृति को मिला। लखनऊ टीम को कोच अनुराग सिंह और अभिषेक ने प्रशिक्षित किया। चैंपियनशिप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक नीलिमा कटिहार रहीं। अध्यक्षता यूपी कोबुडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ आनंद किशोर पांडेय ने की। प्रतियोगिता संचालन में टेक्निकल डायरेक्टर सुनील श्रीवास्तव, आयोजन सचिव शोभित पांडेय और रेफरी/जज की भूमिका में सोनू वर्मा, राहुल कादियार, सिद्धांत श्रीवास्तव सहित अन्य शामिल रहे।

### ओसाका व स्वियातेक अमेरिकी ओपन क्वार्टर फाइनल में

न्यूयॉर्क। जापान की नाओमी ओसाका और पोलैंड की इगा स्वियातेक ने अमेरिकी ओपन महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। ओसाका ने अमेरिका की कोको गाफ को 6 . 3, 6 . 2 से मात दी। स्वियातेक ने एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 6 . 3, 6 .1 से हराया। ओसाका 2021 के बाद पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। अब उनका सामना चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा से होगा। वहीं स्वियातेक की टक्कर अमांडा अनिसिमोवा से होगी जिन्हें उन्होंने विम्लबडन फाइनल में 6 . 0, 6 . 0 से हराया था।

अनिसिमोवा ने 16वीं रैंकिंग वाली बीट्रिज हदाद मेइया को 6 . 0, 6 . 3 से शिकस्त दी। पुरूष वर्ग में 25वीं रैंकिंग वाले कनाडा के फेलिक्स आगर अलियास्सिमे को आंद्रेइ रूबलेव को 7 . 5, 6 . 3, 6 . 4 से हराया। आस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनौर और इटली के लोरेंजो मुसेत्ती भी अंतिम आठ में पहुंच गए। डि मिनौर का सामना अब आगर एलियास्सिमे से होगा। वहीं शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर ने अलेक्जेंडर बुबलिक को 6 .1, 6 .1, 6 .1 से मात दी। सिनेर का सामना अब मुसेत्ती से होगा।

# आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारत का सामना कोरिया से

एजेंसी

राजगीर। पूल चरण में अपराजेय रहने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय हॉकी टीम को एशिया कप सुपर 4 चरण के मुकाबले में बुधवार को पांच बार की चैम्पियन और पिछली विजेता कोरिया के खिलाफ अपने खेल में सुधार करना होगा। भारतीय टीम पूल ए में सारे मैच जीतकर सुपर 4 में पहुंची है। उसने चीन को 4 - 3 से, जापान को 3 - 2 और कजाखस्तान को 15 - 0 से हराया। जीत के बावजूद भारत का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है। चीन और जापान के खिलाफ औसत प्रदर्शन के बाद उसने टूर्नामेंट में दूसरी ही बार खेल रही कजाखस्तान टीम पर बड़े अंतर से जीत दर्ज की। दूसरी ओर कोरियाई टीम भी अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं है। वह पूल बी में मलेशिया के बाद दूसरे स्थान पर रही और मलेशिया ने उसे 4 - । से हरा दिया था। तेज गर्मी और भारी उमस के बीच टीमें संघर्ष करती नजर आई लेकिन सुपर 4 के मैच शाम को होंगे जिससे प्रदर्शन बेहतर रहने की उम्मीद है। भारतीय टीम ने सोमवार को हर क्षेत्र में बेहतर खेल दिखाया चाहे गोलकीपिंग हो, डिफेंस , मिडफील्ड या आक्रमण। फॉरवर्ड पंक्ति का



प्रदर्शन तारीफ के काबिल रहा जिसमें

○ हॉकी : भारत को सुपर 4 में

अभिषेक ने चार गोल दागे। सुखजीत सिंह ने भी हैट्रिक लगाई और फ्लैंक से उनकी ड्रिबलिंग और डी के भीतर शांतचित्त रवैया जबर्दस्त था। भारत की फॉरवर्ड पंक्ति में एकमात्र कमजोर कड़ी दिलप्रीत सिंह रहे जिन्होंने गोल तो किया लेकिन एक आसान मौका गंवाया भी। अभी तक टूर्नामेंट में वह जूझते ही नजर आये हैं और अब उन्हें प्रदर्शन में सुधार करना होगा। भारत के कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा , सुपर 4 चरण से पहले स्ट्राइकर्स का लय में रहना जरूरी है। मनप्रीत सिंह की अगुवाई में मिडफील्ड का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने डिफेंस की कमान बखूबी संभाल रखी है। पहले दो मैचों में औसत प्रदर्शन के बाद गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक के प्रदर्शन में भी सुधार हुआ है। कोच फुल्टोन ने हालांकि कहा कि असल टूर्नामेंट अब शुरू हुआ है जिसमें पिछले नतीजे मायने नहीं रखते। उन्होंने कहा हमारी टीम आत्मविश्वास से भरी है। खिलाड़ी लय में है और हम यही चाहते हैं। कजाखस्तान के खिलाफ हरमनप्रीत, जुगराज सिंह , संजय और अमित रोहिदास चारों ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किये। जुगराज ने हैट्रिक लगाई। सुपर 4 चरण हालांकि सभी टीमों (भारत, कोरिया, चीन और मलेशिया) के लिये नयी शुरूआत होगी। सभी टीमें एक दूसरे से खेलेंगी और शीर्ष दो रविवार को फाइनल में जगह बनायेंगी। एशिया कप बेल्जियम और नीदरलैंड में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप में सीधे जगह बनाने का मौका है। सुपर 4 चरण के दूसरे मैच में मलेशिया का सामना चीन से होगा।

# टेनिस : राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप दिल्ली में

एजेंसी



नयी दिल्ली। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन दीया चितले और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जी साथियान और हरमीत देसाई सहित कई शीर्ष भारतीय खिलाड़ी सात सितंबर से यहां शुरू हो रहे यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय स्तर के इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अभी तक विभिन्न आयु वर्गों के 2958 खिलाड़ियों ने आवेदन किया है। दिल्ली राज्य टेबल टेनिस संघ (डीएसटीटीए) 2008 के बाद पहली बार किसी राष्ट्रीय रैंकिंग टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है, हालांकि भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने हरियाणा के सहयोग से 2012 में राष्ट्रीय राजधानी में एक टूर्नामेंट का आयोजन किया था। यह टूर्नामेंट सात से 14 सितंबर तक त्यागराज स्टेडियम में खेला जाएगा। खिलाड़ी सीनियर, अंडर-19, अंडर-17, अंडर-15, अंडर-13 और अंडर-11 श्रेणियों सहित 12 स्पर्धाओं में भाग लेंगे। पुरुष वर्ग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में कई पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन जैसे साथियान, हरमीत, एंथनी अमलराज और सौम्यजीत घोष शामिल हैं। घोष 2012 में लंदन ओलंपिक में भाग लेने के बाद व्यक्तिगत कारणों से राष्ट्रीय टीम की तरफ से नहीं खेल पाए थे।

महिला वर्ग में चितले को खिताब की प्रबल दावेदार माना जा रहा है, जिसमें उन्हें अनुभवी मौमा दास, मधुरिका पाटकर, रीथ रिश्या और दिव्या देशपांडे से कड़ी चुनौती मिलेगी। दिल्ली की तरफ से खेलने वाली भारत की स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा इस टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं हैं, क्योंकि वह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में व्यस्त हैं। डीएसटीटीए के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह ने कहा अभी तक 2958 आवेदन मिले हैं जिससे इस बात का पता चलता है कि इस टूर्नामेंट में लोगों की कितनी दिलचस्पी है। मुझे याद नहीं कि पिछली बार किसी राष्ट्रीय रैंकिंग प्रतियोगिता के लिए इतने आवेदन कब आए थे। हम इस प्रतियोगिता की मेज़बानी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आयोजन समिति में राष्ट्रीय कोच और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता संदीप गुप्ता भी शामिल हैं। गुप्ता ने कहा इतने सारे राष्ट्रीय चैंपियन इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। यह दिल्ली के युवा खिलाड़ियों के लिए उनसे सीखने का शानदार मौका है।

# भारत का सामना कैसे करें? सुलक्षण कुलकर्णी ने मुंबई की एक क्लब टीम की कहानी से ओमान को किया प्रेरित

नयी दिल्ली। एशिया कप में भारत के खिलाफ 19 सितंबर को होने वाले मुकाबले में टी20 विश्व चैंपियन टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव के लिए ओमान की क्या योजना होगी ? ओमान के उप मुख्य कोच सुलक्षण कुलकर्णी से जब यह सवाल पूछा गया तो वह हंसने लगे। नौ सितंबर से शुरू हो रहे इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ अपनी क्षमता साबित करने को बेताब कुलकर्णी ने मजाकिया लहजे में पीटीआई से कहा, अगर मैं अपने खिलाड़ियों को अभी योजना बता दूं तो मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि 19 सितंबर तक वे इसे जरूर भूल जाएंगे।

यह पूछे जाने पर कि क्या ओमान इतनी मजबूत भारतीय टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धी हो सकता है तो खिलाड़ी और कोच के रूप में मुंबई से जुड़े रहे कुलकर्णी ने राष्ट्रीय कैमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स (आरसीएफ) नाम की एक क्लब टीम का दिलचस्प उदाहरण दिया जो एक प्रतिष्ठित कारपोरेट टूर्नामेंट टाइम्स शील्ड में खेलती थी। कुलकर्णी ने कहा मैं 10 साल तक आरसीएफ का कप्तान रहा। टाइम्स शील्ड में हम शायद आठवें स्थान पर थे और हमारे पास कोई प्रतिष्ठित खिलाड़ी नहीं था। फिर भी हम इंडियन ऑयल, एयर इंडिया, टाटा, एसीसी जैसी टीमों को हरा देते थे जिनमें स्टार भारतीय खिलाड़ी होते थे। उन्होंने कहा, मैंने एक ऐसी टीम का नेतृत्व किया जो दिलीप वेंगसरकर और संजय मांजरेकर जैसे शीर्ष भारतीय खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली कारपोरेट टीमों को हरा देती थी। 1990 के दशक की शुरुआत में टाइम्स शील्ड एक बहुत बड़ा टूर्नामेंट था। तो यही मेरा नजरिया है। सबसे कमजोर टीमों में से एक होने के बावजूद हमने पूरी आशा और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ मैच जीते और मैं यही चाहता हूं कि ओमान के खिलाड़ी भारत और पाकिस्तान के खिलाफ भी यही करें।

# प्रणव वेंकटेश ने रिकॉर्ड प्रदर्शन के साथ जीत दर्ज की

एजेंसी



फुजैरा (यूएई)। विश्व जूनियर चैम्पियन प्रणव वेंकटेश ने स्पेन के ग्रैंडमास्टर एलेन पिचोट को हराकर फुजैरा ग्लोबल सुपरस्टार्स शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया। प्रणव ने नौ में से सात अंक बनाये और अमेरिका के ब्रैंडन जैकबसन, मैक्सिको के जोस एडुआर्डो मार्तिनेज और ईरान के अमीन टाबाटाबाइ से एक अंक आगे रहे। ग्रैंडमास्टर आदित्य मित्तल और शीर्ष वरीयता प्राप्त ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन 5.5 अंक लेकर संयुक्त पांचवें स्थान पर रहे। आदित्य कुल छठे और निहाल 12वें स्थान पर रहे।

अठारह वर्ष के प्रणव ने नौ दौर के टूर्नामेंट में एक भी पराजय का सामना नहीं किया। उन्होंने पांच जीत दर्ज की जबकि चार मुकाबले ड्रॉ रहे। उन्हें इस प्रदर्शन के साथ 23000 डॉलर और 28 ईएलओ रेटिंग अंक मिले। अब वह उजबेकिस्तान के समरकंद में ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट खेलेंगे। इस टूर्नामेंट में विश्व चैम्पियन डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, अर्जुन एरिगेसी, विदित गुजराती, पी हरिकृष्णा जैसे भारतीय धुरंधरों के अलावा उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव , नीदरलैंड के अनीश गिरी और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि भी खेलेंगे। वहीं दूसरी ओर

भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा बुधवार से शुरू हो रहे फिडे ग्रैंड स्विस में कड़े प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2026 में अपनी जगह पक्की करने के इरादे से उतरेंगे।

इस 11 दौर के टूर्नामेंट में ओपन वर्ग में कुल छह लाख 25 हजार डॉलर और महिला वर्ग में दो लाख 30 हजार डॉलर की पुरस्कार राशि दांव पर लगी होगी। इस टूर्नामेंट में ओपन और महिला वर्ग में शीर्ष दो खिलाड़ी कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे। प्रज्ञानानंदा ने 2025 के प्रदर्शन श्रेणी क्वालीफायर में अच्छी बढ़त हासिल कर ली है और कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में कुल आठ खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। एक खिलाड़ी 2024 और 2025 में फिडे सर्किट में अपने प्रदर्शन के आधार पर क्वालीफाई करेगा, दो खिलाड़ी ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट से, तीन खिलाड़ी इस साल अक्टूबर-नवंबर में गोवा में होने वाले विश्व कप से और छह महीने के उच्चतम रेटिंग औसत के आधार पर दो खिलाड़ी क्वालीफाई करेंगे। अमेरिका के फाबियानो करुआना 2024 में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत पहले ही कैंडिडेट्स में जगह बना चुके हैं। प्रज्ञानानंदा ने मौजूदा वर्ष में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों पर लगभग अजेय बढ़त हासिल कर ली है और अगर सब कुछ सही रहा तो उनका क्वालीफाई करना भी लगभग तय है।

# जीएसटी घटने से छोटे व्यवसायों को होगा लाभ

## अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार अर्थव्यवस्था को पारदर्शी बनायेंगे : सीतारमण



चेन्नई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से खुला एवं पारदर्शी बनाएंगे। इससे अनुपालन बोझ में और कमी आएगी एवं छोटे व्यवसायों को लाभ होगा।

तमिलनाडु स्थित सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहीं। सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए एक कार्यबल के गठन की घोषणा की है। इसका स्पष्ट उद्देश्य नियमों को सरल बनाना, अनुपालन लागत कम करना तथा स्टार्टअप, सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्यमों और उद्यमियों के लिए एक अधिक अनुकूल परिवेश का निर्माण करना है। सीतारमण ने कहा, इसके अतिरिक्त, अगले दो दिन होने वाली परिषद की बैठक के साथ अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की योजनाबद्ध शुरुआत से आने वाले महीनों में अर्थव्यवस्था पूरी तरह से खुली एवं पारदर्शी हो जाएगी। अनुपालन बोझ में और कमी आएगी जिससे छोटे व्यवसायों के लिए फलने-फूलना आसान हो जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़े सुधारों की घोषणा की थी और नागरिकों के लिए दिवाली पर उपहारों का वादा किया था। सीतारमण ने कहा कि देश के अपने विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण की ओर बढ़ते हुए बैंकों से न केवल ऋण का विस्तार करने बल्कि बुनियादी ढांचे के विकास को गति प्रदान करने, एमएसएमई के लिए समय पर और आवश्यकता-आधारित वित्तपोषण सुनिश्चित करने, बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों को औपचारिक बैंकिंग के दायरे में लाने व विविध आवश्यकताओं को पूरा करने का आह्वान किया जाता है। इस लक्ष्य के लिए बैंकिंग क्षेत्र का समर्थन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, इस परिवर्तन के मार्गदर्शक सिद्धांत विश्वास, प्रौद्योगिकी और पारदर्शिता होने चाहिए। केंद्रीय वित्त मंत्री ने साथ ही कहा कि पिछले 11 वर्ष में 56 करोड़ जन-धन खाते खोले गए हैं जिनमें कुल जमा राशि 2.68 लाख करोड़ रुपये है। इनमें से अधिकतर खाताधारक महिलाएं हैं। सीतारमण ने यह भी बताया कि भारतीय अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने परिसंपत्ति गुणवत्ता में बड़ा सुधार दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने 18 वर्ष में पहली बार देश की दीर्घकालिक साख में सुधार किया है। मंत्री ने कहा कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का सकल एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां) 31 मार्च, 2025 तक घटकर 2.3 प्रतिशत रह गया है, जबकि शुद्ध एनपीए 0.5 प्रतिशत है। मैं समझती हूं कि ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में हमारे बैंकों के लिए यह एक अद्भुत उपलब्धि है।

# डिजिटल साक्षरता, वित्तीय जागरूकता को लेकर चुनौतियां अब भी बरकरार: राष्ट्रपति



चेन्नई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में प्रगति के बावजूद, लोगों को अब भी डिजिटल साक्षरता और वित्तीय जागरूकता के संदर्भ में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रपति ने तमिलनाडु स्थित सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तीकरण बैंकिंग क्षेत्र की प्राथमिकता होनी चाहिए।

बैंक और वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियां वंचित समुदायों के लिए उनके अनुकूल मोबाइल एप्लिकेशन और बीमा उत्पाद प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भुगतान बैंक, डिजिटल वॉलेट और बैंकिंग प्रतिनिधियों ने वित्तीय सेवाओं को दूरदराज के गांवों के घर-घर पहुंचाया है। हालांकि, इस क्षेत्र में प्रगति के बावजूद, डिजिटल साक्षरता, इंटरनेट पहुंच और वित्तीय जागरूकता के संदर्भ में कई चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सभी पक्षों के संयुक्त प्रयासों से, लोगों को प्रौद्योगिकी, डिजिटल और वित्तीय साक्षरता के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं के साथ बेहतर ढंग से एकीकृत किया जा सकता है। इसके अलावा, बैंक एमएसएमई को विकास के इंजन में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा, समय पर और सस्ता कर्ज, वित्तीय साक्षरता प्रदान करके और कृषि-प्रौद्योगिकी उपायों को समर्थन देकर, बैंक कृषि को टिकाऊ और लाभदायक बनाने में मदद कर सकते हैं। बैंक एमएसएमई को विकास के इंजन में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस मौके पर तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि, केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण, तमिलनाडु की समाज कल्याण एवं महिला सशक्तीकरण मंत्री गीता जीवन, सिटी यूनियन बैंक के चेयरमैन जी महालिंगम, बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी एन कामकोडी उपस्थित थे।

## संक्षेप

### धर्मस्थल विवाद में शामिल कार्यकर्ता आरएसएस-भाजपा से जुड़े हैं: मंत्री प्रियंक खरगे

बेंगलुरु। कर्नाटक के मंत्री प्रियंक खरगे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि दो कार्यकर्ता गिरीश मत्तनवर और महेश शेट्टी टिमरोडी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़े हैं। सूत्रों ने बताया कि ऐसा आरोप है कि धर्मस्थल विवाद के पीछे इन दोनों लोगों का दिमाग है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने और जनभावनाएं आहत करने वाले वीडियो बनाने तथा उन्हें सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के आरोप में मत्तनवर और टिमरोडी के खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी मंत्री खरगे ने संवाददाताओं से कहा कि टिमरोडी आरएसएस से हैं। खरगे ने कहा, कर्नाटक विधानसभा में उन्होंने (भाजपा ने) किसके खिलाफ बोला? क्या वह महेश शेट्टी टिमरोडी नहीं था? यह व्यक्ति आरएसएस से है। आरएसएस भाजपा का गुरु है। ये लोग आरएसएस, विहिप (विश्व हिंदू परिषद) और बजरंग दल में पले-बढ़े हैं। मंत्री ने मत्तनवर के बारे में कहा, वह भारतीय जनता युवा मोर्चा (जिला) के अध्यक्ष हैं।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने शरजील इमाम, उमर खालिद और सात अन्य को जमानत देने से इनकार किया

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने फरवरी 2020 के दंगों के पीछे की कथित साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में उमर खालिद, शरजील इमाम और सात अन्य को जमानत देने से मंगलवार को इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शलिंदर कौर की पीठ ने शरजील इमाम, उमर खालिद, मोहम्मद सलीम खान, शिफा उर रहमान, अतहर खान, मीरान हैदर, अब्दुल खालिद सैफी और गुलफिशा फातिमा और शादाब अहमद की जमानत याचिकाओं पर फैसला सुनाया। नौ जुलाई को अपना आदेश सुरक्षित रखने के बाद मंगलवार को पीठ ने कहा कि सभी अपीलें खारिज की जाती हैं। विस्तृत आदेश का इंतज़ार है। आरोपी 2020 से जेल में हैं और उन्होंने अपनी जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया था। अभियोजन पक्ष ने याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा था कि यह स्वतःस्फूर्त दंगों का मामला नहीं है, बल्कि ऐसा मामला है, जहां भयावह सोच के साथ पहले साजिश रची गई और सोच-समझकर ऐसा किया गया। अभियोजन पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि यह वैश्विक स्तर पर भारत को बदनाम करने की साजिश थी और केवल लंबी कैद के आधार पर जमानत नहीं दी जा सकती। उन्होंने दलील दी, अगर आप अपने देश के ख़िलाफ़ कुछ भी करते हैं, तो बेहतर होगा कि आप बरी होने तक जेल में रहें। हालांकि, इमाम के वकील ने दलील दी कि वह जगह, समय और खालिद समेत सह-आरोपियों से पूरी तरह से अलग थे। वकील ने कहा कि इमाम के भाषणों और व्हाट्सएप चैट में कभी भी किसी अशांति का आह्वान नहीं किया गया।

# भारत जलवायु परिवर्तन से लड़ने को प्रतिबद्धः भूपेंद्र यादव



नयी दिल्ली। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को कहा कि भारत बहुपक्षवाद में विश्वास रखता है और जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि विकसित देश इस दिशा में विकासशील देशों को वित्त और प्रौद्योगिकी प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में विफल रहे हैं। यादव ने 20वें सीआईआई सस्टेनेबिलिटी समिट में एक परिचर्चा के दौरान कहा कि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक खतरा है।

लेकिन इसका सबसे गंभीर प्रभाव विकासशील देशों पर पड़ रहा है, जो इस संकट के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। यादव ने कहा कि हमारा पहला रुख यह है... हमें बहुपक्षीय मंचों पर विश्वास है और हमारे प्रधानमंत्री का स्पष्ट संदेश है कि भारत समस्या का नहीं, बल्कि समाधान का हिस्सा होगा। उन्होंने आगे कहा, विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वित्त और प्रौद्योगिकी की आवश्यकता है और विकसित देशों ने लंबे समय से अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा नहीं किया है। मंत्री ने कहा कि दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश भारत, अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान के तहत कई प्रतिबद्धताओं को पहले ही पूरा कर चुका है। भारत इस चुनौती का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। पारिस्थितिकी और विकास के बीच संतुलन आवश्यक है, और उद्योग को हरित प्रौद्योगिकी विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। यादव ने कहा कि दुनिया को भारत के विकास मॉडल पर गौर करने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि भारत लगभग सात प्रतिशत की दर से सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में वैश्विक विकास के पुनरुत्थान का नेतृत्व करेगा। मेरे विचार से, भारत एकमात्र ऐसा देश है जिसने लक्षित योजना कार्यान्वयन, बुनियादी ढांचे में निवेश, स्थानीय प्रतिबद्धता और बहुपक्षीय प्रतिबद्धताओं पर ठोस उपलब्धियों के माध्यम से नीतिगत परिदृश्य में सतत विकास को सफलतापूर्वक अपनाया है।

# भारत-चीन संबंध पटरी पर लौट रहे हैं : गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत-चीन संबंध धीरे-धीरे पटरी पर लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे सीमा मुद्दे सुलझते जाएंगे तनाव कम होता जाएगा।

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुई बैठक में भारत-चीन सीमा मुद्दे के निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान की दिशा में काम करने पर सहमति बनी है। दोनों नेताओं ने वैश्विक व्यापार को स्थिर करने में एक-दूसरे की अर्थव्यवस्थाओं की भूमिका को मान्यता देते हुए व्यापार एवं निवेश संबंधों को बढ़ाने का संकल्प लिया। गोयल से पत्रकारों ने पूछा कि अगर भारत और चीन अपने संबंधों को फिर से स्थापित कर रहे हैं, तो क्या पीएन3 में ढील की गुंजाइश है। इस पर उन्होंने कहा कि यह एक एससीओ शिखर सम्मेलन था, जिसमें सभी एससीओ सदस्यों ने भाग लिया। गलवान में हमारे सामने एक समस्या थी, जिसके कारण हमारे संबंधों में थोड़ी तलखी आई थी। मुझे लगता है कि सीमा मुद्दों का समाधान होने के साथ ही स्थिति का सामान्य होना एक बहुत ही स्वाभाविक परिणाम है। चीन से भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए सभी क्षेत्रों में वर्तमान में सरकारी अनुमोदन लेना अनिवार्य है। यह नीति अप्रैल, 2020 में प्रेस नोट 3 (पीएन3) के रूप में जारी की गई थी। घरेलू उद्योग सरकार से चीन से अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए इन प्रत्यक्ष विदेशी निवेश मानदंडों को आसान बनाने का आग्रह कर रहा है। जुलाई, 2024 में बजट-पूर्व आर्थिक समीक्षा में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने और निर्यात बाजार का दोहन करने के लिए चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त करने का पुरजोर समर्थन किया गया था।

# सरकार ने मानी अधिकांश मांगे, मराठा नेता जरांगे बोले- हम जीत गये

मुंबई। कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को अनिश्चितकालीन अनशन के पांचवें दिन अपनी अधिकांश मांगों को स्वीकार कर लिए जाने के बाद जीत की घोषणा की जिससे यहां उनके समर्थकों में जश्न का माहौल है।

मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र सरकार की मंत्रिमंडलीय उप-समिति द्वारा जिन मांगों को स्वीकार किया गया है उनमें पात्र मराठों को कुनबी जाति का होने का प्रमाण पत्र देना भी शामिल है। मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल की अध्यक्षता वाली राज्य सरकार की मंत्रिमंडलीय उप-समिति के साथ बैठक के बाद जरांगे ने मराठा आरक्षण आंदोलन के लिये प्रदर्शन कर रहे लोगों से कहा, हम जीत गए हैं। विखे पाटिल ने समिति के अन्य सदस्यों शिवेन्द्रसिंह भोसले, उदय सामंत, माणिकराव कोकाटे - के साथ दोपहर में दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में जरांगे से मुलाकात की और समिति द्वारा अंतिम रूप दिए गए मसौदे पर उनके साथ चर्चा की। आजाद मैदान में ही आरक्षण की मांग को लेकर मराठा कार्यकर्ता भूख हड़ताल पर हैं। जरांगे ने कहा, अगर महाराष्ट्र सरकार मराठा आरक्षण की मांग पर सरकारी आदेश (जीआर) जारी करती है तो हम आज रात नौ बजे तक मुंबई छोड़ देंगे। उप-समिति ने हैदराबाद गजट को लागू करने की जरांगे की मांग को स्वीकार कर लिया और कहा कि कुनबी रिकॉर्ड वाले मराठों को उचित जांच के बाद जाति प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। जरांगे ने अपने समर्थकों के समक्ष समिति के मसौदा बिंदुओं को पढ़ा, जिसमें कहा गया था कि समिति ने हैदराबाद राजपत्र के कार्यान्वयन को स्वीकार कर लिया है और तत्काल जीआर जारी किया जाएगा। सतारा गजट का क्रियान्वयन एक महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। मराठा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पहले दर्ज किये गये।

# फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली के खिलाफ बीकानेर में मामला दर्ज

जयपुर। फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली और दो अन्य व्यक्तियों के खिलाफ बीकानेर शहर में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार एक व्यक्ति ने भंसाली की नयी फिल्म 'लव एंड वॉर' के निर्माण के दौरान धोखाधड़ी, दुर्व्यवहार और विश्वासघात का आरोप लगाया है। बीकानेर सदर के सर्कल अधिकारी विशाल जांगिड़ ने बताया कि प्रतीक राज माथुर नामक व्यक्ति ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें दावा किया है कि भंसाली ने उन्हें लाइन प्रोड्यूसर के तौर पर अनुबंध दिया था लेकिन बाद में इसे रद्द कर दिया गया। जांगिड़ के अनुसार माथुर ने भंसाली और उनकी टीम के दो सदस्यों पर आरोप लगाया है कि उन्हें लाइन प्रोड्यूसर की ज़िम्मेदारी सौंपने के बाद बिना भुगतान किए प्रोजेक्ट से हटा दिया गया। उन्होंने बताया कि अदालत के आदेश के बाद सोमवार को बिछवाल थाने में भंसाली, अरविंद गिल और उत्कर्ष बाली के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश समेत विभिन्न आरोपों में मामला दर्ज किया गया है। माथुर ने आरोप लगाया है कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए।






# ममता बनर्जी से अपील 'द बंगाल फाइल्स' बैन न करने की मांग




विवेक रंजन अग्निहोत्री की फिल्म द बंगाल फाइल्स 5 सितंबर को रिलीज होने वाली है, हालांकि संवेदनशील मुद्दा होने पर इस फिल्म को पश्चिम बंगाल में फिल्म का विरोध किया जा रहा है। अब विवेक रंजन अग्निहोत्री ने एक वीडियो जारी कर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को मैसेज देते हुए फिल्म बैन न किए जाने की मांग की है। विवेक अग्निहोत्री ने सीधे पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को संबोधित करते हुए एक वीडियो जारी किया। उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री जी, यह वीडियो आपके लिए है। मेरी फिल्म दुनिया भर में रिलीज होगी, लेकिन ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि बंगाल में इसे बैन कर दिया जाएगा। थिएटर मालिकों पर इतना राजनीतिक दबाव है कि वे फिल्म दिखाने से डर रहे हैं। इसी डर की वजह से 16 अगस्त को हमारा ट्रेलर भी सिनेमाघरों में नहीं दिखाया गया। जब हमने होटल में इसे लॉन्च करने की कोशिश की, तो पुलिस ने आकर उसे रोक दिया। विवेक रंजन अग्निहोत्री का आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ता लगातार इस फिल्म को बैन करने की मांग कर रहे हैं और कई फर्जी एफआईआर भी उनके खिलाफ दर्ज कराई गई हैं। उन्होंने ममता बनर्जी से अपील की है कि वह व्यक्तिगत और राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठकर इस फिल्म को शांतिपूर्वक रिलीज होने दें। अग्निहोत्री ने अपने संदेश में कहा कि भारत का संविधान हर नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है और मुख्यमंत्री के रूप में ममता बनर्जी की जिम्मेदारी है कि वह इस अधिकार की रक्षा करें। उन्होंने याद दिलाया कि फिल्म को सेंसर बोर्ड ने पास कर दिया है और इसे रिलीज करना अब राज्य सरकार का संवैधानिक कर्तव्य है। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने 1200 वर्षों तक गुलामी और अत्याचार झेला है। हमारी संस्कृति, धर्म और कला पर हमले हुए। इसमें सबसे दर्दनाक अध्याय बंगाल का है, जहां डायरेक्ट एक्शन डे और नोआखली नरसंहार जैसे भयानक हादसे हुए। उनका कहना है कि अगर यह घटनाएं न होतीं, तो शायद भारत का विभाजन भी न होता। उन्होंने सवाल उठाया कि जब दुनिया भर में होलोकॉस्ट, गुलामी और हिरोशिमा-नागासाकी की त्रासदी के बारे में हर बच्चा जानता है।


BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP






12500+ More than 1800+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 5 years ...
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA

ADMISSION OPEN 2025-2026

BBD UNIVERSITY | www.bbdu.ac.in

COURSES OFFERED
- Engineering
- Management
- Legal Studies
- Pharmacy
- Architecture
- Dental Science
- Computer Applications
- Basic Sciences
- Education
- Hotel Management
- Agricultural Sciences
- Media & Communication
- Ph.D. in all Disciplines

Meritorious Scholarships Offered

NEW COURSE B.Sc. (Agriculture) 4 Year Full Time Degree Program




- Courses available in Collaboration with IBM
- Minor Degree available in Collaboration with IIT - Mandi

BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialities

BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(DS), IT, ECE, ME, EE, CE] MBA & M.TECH

BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(AI), IT, ECE, ME, EE, CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746

SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges

AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Security & Wifi | Fully Wifi Campus




BBD City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh-226028 India.
@lkobbdu @bbduniversity www.bbdu.ac.in 0522(6196222/23) 0522(6196300/301/302)


Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com